अधिकतम : 28° C
न्यूनतम : 17° C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 7 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 109 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2083 19 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तरी-पश्चिमी भारत में आंधी-तूफान के साथ बारिश की चेतावनी पेज 2




बेंगलुरु की जगह अहमदाबाद में होगा आईपीएल 2026 का फाइनल खेल टाइम्स



बिजली की मांग अपने सर्वोच्च स्तर पर सम्पादकीय



भारत-वियतनाम रणनीतिक साझेदारी होगी प्रगाढ़ पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के गाजियाबाद में ओले गिरे, मप्र-बिहार में बारिश

**नई दिल्ली।** उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश का दौर जारी है। यूपी के गाजियाबाद में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। बारिश के कारण पूरे यूपी में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से नीचे आ गया है। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है। छत्तीसगढ़ में मंगलवार को भारी बारिश हुई थी। इससे कांकेर के चारामा में नेशनल हाईवे-30 पर घुटनों तक पानी भर गया। मनेंद्रगढ़ के जनकपुर में बारिश का पानी लोगों के घर में घुस गया। पेंड्रा में आंधी से कई पेड़ टूटकर गिर गए। राजस्थान में बाड़मेर और फलोदी को छोड़कर बाकी सभी शहरों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। इधर, बिहार और मध्य प्रदेश में भी बारिश का दौर जारी है। बिहार में पिछले 24 घंटे में 89.7 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई, जो सामान्य से 182 फीसदी अधिक है।

### मुक्केबाज विकास का मुख्य हत्यारोपी सुमित राणा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने घोषित अपराधी सुमित राणा उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर लिया है। सुमित राणा एक खूंखार अपराधी है, जिस पर राष्ट्रीय स्तर के मुक्केबाजी चैंपियन विकास उर्फ भिंडा की हत्या में शामिल होने का आरोप है। सिरसपुर निवासी राणा पुलिस द्वारा महीनों तक लगातार निगरानी और सघन प्रयासों के बाद आदर्श नगर से पकड़ा गया।

### एस-400 के 5 नए स्क्वाड्रन खरीदने की तैयारी

**नई दिल्ली।** भारत सरकार एस-400 मिसाइलों के 5 नए स्क्वाड्रन खरीदने की तैयारी कर रही है। इसके एक स्क्वाड्रन में 8 लॉन्चर होते हैं और हर एक लॉन्चर में 4 मिसाइल कंटेनर होते हैं। इस हिसाब से करीब 32 बड़ी मिसाइलें मिलेंगी। पिछले साल 7 से 10 मई के बीच चले ऑपरेशन सिंदूर में हमारे एयर डिफेंस सिस्टम की एस-400 मिसाइलों ने पाकिस्तान में 300 किलोमीटर अंदर घुसकर कहर बरपाया था, अब हमारे रक्षा बेड़े में उनकी तादाद बढ़ने जा रही है। खरीदी की दिशा में रूस के साथ चर्चा में सकारात्मक प्रगति हुई है। वायुसेना के लिए 5 एस-400 का पहला सौदा 2018 में हुआ था। 3 सिस्टम्स मिल चुके हैं। रूस ने आश्वस्त किया है कि शेष दो सिस्टम और ऑपरेशन सिंदूर में खर्च हुई बैटरी की मिसाइलें भी अगले 6 माह में दे देंगे।

### शशि शेखर केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के नए अध्यक्ष बने

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने प्रसार भारती के पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) शशि शेखर वेम्पति को केन्द्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने छह मई को जारी नोटिफिकेशन में यह जानकारी दी। श्री वेम्पति पद भार संभालने की तिथि से अगले तीन वर्ष तक इस पद पर रहेंगे। इससे पहले प्रसून जोशी इस पद की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। श्री जोशी को प्रसार भारती का अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उन्होंने सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

# ईरान जंग 48 घंटे में हो सकती है खत्म, 14 शर्तों का समझौता तैयार

तेहरान/वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिका और** ईरान युद्ध खत्म करने और परमाणु बातचीत का रास्ता तय करने के बेहद करीब पहुंच गए हैं। अमेरिकी वेबसाइट एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक ईरान 48 घंटे के भीतर सीजफायर को लेकर सहमति दे सकता है।

दोनों देशों के बीच 14 प्वॉइंट वाला समझौता (एमओयू) तैयार है। हालांकि अभी यह फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन बातचीत पहले से ज्यादा आगे बढ़ चुकी है। समझौते की अहम शर्तें, सबसे पहले युद्ध खत्म करने की घोषणा होगी, 30 दिनों तक दोनों देशों की विस्तृत बातचीत होगी, इसमें होर्मुज, परमाणु कार्यक्रम, अमेरिकी प्रतिबंधों में ढील जैसे मुद्दे होंगे। दोनों देशों के बीच बातचीत के लिए इस्लामाबाद या फिर जिनेवा जैसे शहरों पर विचार हो रहा है। ड्राफ्ट के मुताबिक, ईरान न्यूक्लियर प्रोग्राम को कुछ समय के लिए रोक सकता है। बदले में अमेरिका धीरे-धीरे प्रतिबंध कम करेगा और ईरान के जब्त किए हुए अरबों डॉलर जारी कर सकता है। साथ ही, होर्मुज स्ट्रेट में दोनों तरफ से लगाई गई पाबंदियों में भी ढील दी जाएगी। हालांकि सबसे बड़ा विवाद न्यूक्लियर प्रोग्राम रोकने की अवधि को लेकर है। ईरान 5 साल का प्रस्ताव दे चुका है, जबकि अमेरिका 20 साल चाहता था। अब बीच का रास्ता निकालने की कोशिश हो रही है, जिसमें 12 से 15 साल तक की अवधि पर बात चल रही है।



■ अमेरिका ईरानी प्रॉपर्टी लौटाएगा, ईरान होर्मुज स्ट्रेट खोलेगा, न्यूक्लियर प्रोग्राम रोकेगा

### वार्ता में प्रगति देखते हुए ट्रम्प ने प्रोजेक्ट फ्रीडम रोका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि ईरान के साथ शांति समझौते की दिशा में बड़ी प्रगति हुई है। अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने यह भी घोषणा की कि उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट में नौवहन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गई प्रोजेक्ट फ्रीडम को स्थगित करने का निर्णय लिया है, ताकि यह आकलन किया जा सके कि शांति समझौते को अंतिम रूप दिया जा सकता है या नहीं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि पाकिस्तान और अन्य देशों के अनुरोध, ईरान के खिलाफ अभियान के दौरान मिली जबरदस्त सैन्य सफलता और इसके अलावा, ईरान के प्रतिनिधियों के साथ पूर्ण एवं अंतिम समझौते की दिशा में हुई महत्वपूर्ण प्रगति के आधार पर, हमने पारस्परिक रूप से सहमति व्यक्त की है कि नाकाबंदी पूरी तरह से लागू रहेगी, लेकिन प्रोजेक्ट फ्रीडम को थोड़े समय के लिए रोक दिया जाएगा, ताकि यह देखा जा सके कि समझौता अंतिम रूप दिया जा सकता है या नहीं।

### शहबाज ने ट्रम्प का आभार जताया



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने होर्मुज स्ट्रेट में 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को रोकने की घोषणा और साहसी नेतृत्व के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का आभार व्यक्त किया है।

श्री शरीफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान और अन्य मित्र देशों, विशेष रूप से सऊदी अरब और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के अनुरोध पर ट्रम्प की यह उदार प्रतिक्रिया इस संवेदनशील अवधि के दौरान क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और सुलह को आगे बढ़ाने में बहुत सहायक सिद्ध होगी।

# वंदे मातरम को राष्ट्रगान जैसा दर्जा

## कैबिनेट की मंजूरी

## अपमान करने या गायन में बाधा डालने पर सजा व जुर्माना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने वंदे मातरम को राष्ट्रगान 'जन गण मन' के समान दर्जा देने का फैसला किया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली जीत के बाद पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की पहली बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम में संशोधन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है।

कैबिनेट के फैसले के अनुसार, बंकिम चंद्र चटर्जी रचित वंदे मातरम पर अब वही नियम और पाबंदियां लागू होंगी, जो वर्तमान में राष्ट्रगान पर लागू हैं। यानी इसके अपमान या गायन में बाधा डालने की स्थिति में सजा होगी। अभी राष्ट्रीय ध्वज, संविधान और राष्ट्रगान के अपमान पर जेल, जुर्माना या दोनों का प्रावधान है, और अब वंदे मातरम भी इसमें शामिल किया जाएगा। सरकार वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने के मौके पर यह बदलाव कर रही है। इसके लिए कानून की धारा 3 में संशोधन किया जाएगा। इस धारा के अनुसार, अगर कोई व्यक्ति जानबूझकर राष्ट्रगान गाने में बाधा डालता है या उसे रोकता है, तो उसे तीन साल तक की जेल या जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। दोबारा अपराध करने पर कम से कम एक साल की सजा का प्रावधान है। संशोधन के बाद यही नियम वंदे मातरम पर भी लागू होंगे। केंद्र सरकार ने बुधवार को भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन के लिए आधिकारिक प्रोटोकॉल के लिए गाइडलाइन जारी की। गाइडलाइन के अनुसार, वंदे मातरम का संपूर्ण आधिकारिक वर्जन, जिसमें छह श्लोक हैं और जिसकी अवधि लगभग 3 मिनट और 10 सेकंड है, प्रमुख राजकीय समारोहों के दौरान प्रस्तुत या बजाया जाना चाहिए। इनमें राष्ट्रीय ध्वज फहराना, राष्ट्रपति और राज्यपालों के आधिकारिक कार्यक्रमों में औपचारिक आगमन और प्रस्थान समारोह और ऐसे समारोहों में उनके निर्धारित भाषणों से पहले और बाद के कार्यक्रम शामिल हैं। अगर किसी कार्यक्रम में 'वंदे मातरम' और 'राष्ट्रगान' दोनों होने हैं, तो पहले 'वंदे मातरम' (राष्ट्रगीत) गाया जाएगा और उसके बाद 'राष्ट्रगान'। दिशा-निर्देशों में आगे यह भी स्पष्ट किया गया है कि दर्शकों से अपेक्षा की जाती है कि वे सम्मान के प्रतीक के रूप में दोनों प्रदर्शनों के दौरान सावधान मुद्रा में खड़े रहें। गृह मंत्रालय ने स्कूल-कॉलेज और महत्वपूर्ण संस्थागत कार्यक्रमों के दौरान वंदे मातरम गाने को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया है।इस कदम का उद्देश्य स्टूडेंट्स और आम जनता के बीच राष्ट्रीय प्रतीकों के प्रति जागरूकता और सम्मान को प्रोत्साहित करना है। यह भी बताया गया है कि जब वंदे मातरम का प्रदर्शन किसी बैंड द्वारा किया जाता है, तो उससे पहले ढोल की थाप या बिगुल की ध्वनि से औपचारिक रूप से गायन की शुरुआत का संकेत दिया जाना चाहिए। साथ ही, मंत्रालय ने सिनेमा हॉल और फिल्म स्क्रीनिंग के लिए विशिष्ट छूट प्रदान की है। निर्देश के अनुसार, फिल्म के साउंडट्रैक के हिस्से के रूप में वंदे मातरम बजाए जाने पर दर्शकों को खड़े होने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि मनोरंजन स्थलों में दर्शकों को खड़े होने के लिए मजबूर करने से देखने का अनुभव बाधित हो सकता है और संभावित रूप से दर्शकों के बीच भ्रम पैदा हो सकता है।

■ अब जन-गण-मन से पहले गाया जाएगा राष्ट्रगीत, गाइडलाइन जारी




### प. बंगाल चुनाव में 'वंदे मातरम' बना था बड़ा राजनीतिक मुद्दा

पश्चिम बंगाल चुनाव के दौरान भाजपा ने वंदे मातरम को बंगाली अस्मिता और राष्ट्रवाद के प्रतीक के रूप में पेश किया था। पार्टी ने इसके 150 वर्ष पूरे होने पर राज्यभर में सामूहिक गायन और पदयात्राओं का आयोजन किया। साथ ही, बंकिम चंद्र चटर्जी की विरासत को भी चुनावी अभियान में प्रमुखता से उठाया गया।

## सबरीमाला केस

# बार-बार रुख नहीं बदल सकते: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मामले की सुनवाई हुई। कोर्ट ने 40 साल पुरानी जनहित याचिका (पीआईएल) की वैधता पर सवाल उठाए। यह याचिका दाऊदी बोहरा समुदाय में बहिष्कार के अधिकार और उसके संवैधानिक संरक्षण से जुड़ी है।

कोर्ट ने कहा कि उसे पुराने फैसले के साथ रहना होगा और वह अपना रुख अचानक नहीं बदल सकता। नौ जजों की संविधान पीठ यह सुनवाई कर रही है। इसमें महिलाओं के धार्मिक स्थलों में प्रवेश, जैसे सबरीमाला मंदिर, और अलग-अलग धर्मों में धार्मिक स्वतंत्रता के दायरे पर भी विचार हो रहा है। यह मामला 1986 में सेंट्रल बोर्ड ऑफ दाऊदी बोहरा कम्युनिटी की पीआईएल से जुड़ा है। इसमें 1962 के उस फैसले को रद्द करने की मांग की गई थी, जिसमें बॉम्बे प्रिवेंशन ऑफ एक्सकम्युनिकेशन एक्ट, 1949 को रद्द कर दिया गया था। उस कानून के तहत किसी सदस्य को बहिष्कृत करना गैरकानूनी था। 1962 के फैसले में कहा गया था कि धार्मिक आधार पर बहिष्कार का अधिकार समुदाय के धार्मिक मामलों के प्रबंधन का हिस्सा है। इसलिए 1949 का कानून संविधान के अनुच्छेद 26(इ) के तहत मिले अधिकारों का - शेष पृष्ठ दो पर

**बोहरा समाज में बहिष्कार और धार्मिक अधिकारों पर 1986 की PIL की वैधता पर सवाल उठाए**



# बंगाल में सुवेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ की गोली मारकर हत्या

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नार्थ 24 परगना में भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की बुधवार रात 11.30 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक उनकी छाती और सिर पर गोलियां लगी हैं।

हमलावरों ने उनकी कार का पीछा करने के बाद दोहारिया इलाके में ताबड़तोड़ फायरिंग की। स्थानीय सूत्रों के अनुसार चार राउंड गोलियां चलाई गईं, जिनमें से तीन गोलियां चंद्रनाथ के सिर में लगीं। घटना की जानकारी मिलते ही सुवेंदु अधिकारी भी घटनास्थल पहुंच गए हैं। इस हमले में ड्राइवर समेत तीन और लोग जख्मी हुए हैं। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, चंद्रनाथ रथ स्कार्पियो से घर जा रहे थे। जेस्सोर रोड पर दोहारिया इलाके के पास बाइक सवार बदमाशों ने उनकी गाड़ी को घेर लिया। हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। 4 से 5 राउंड फायरिंग हुई। गोलियां रथ के सीने में लगीं। उन्हें तुरंत पास के एक नर्सिंग होम ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस हमले में रथ के ड्राइवर और 2 लोग जख्मी हुए हैं। उनका भी इलाज जारी है। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

■ नार्थ 24 परगना के मध्यग्राम इलाके में चार गोलियां मारी, टीएमसी पर मर्डर का आरोप

# तमिलनाडु में टल सकती है विजय की शपथ

## सरकार बनाने के लिए 118 विधायक जरूरी, टीवीके के पास 113 एमएलए

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु में 7 मई (आज) को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह टल सकता है। टीवीके चीफ विजय ने बुधवार को लोकभवन में राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया।

सूत्रों के मुताबिक, विजय ने 113 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा है। समर्थन पत्र में टीवीके107 और कांग्रेस के 5 विधायकों के हस्ताक्षर हैं। सूत्रों के मुताबिक, राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने 118 विधायकों के समर्थन के पत्र की मांग की। इस पर विजय ने समर्थन के लिए समय मांगा। 234 सदस्यीय विधानसभा में टीवीके की 108 सीटें हैं, लेकिन विजय दो सीटों पर जीते हैं, इसलिए एक सीट छोड़ने पर यह 107 रह जाएंगी। कुल सीटें 233 होने पर भी बहुमत 118 ही रहेगा, इसलिए टीवीके को 11 और विधायक चाहिए। फिलहाल कांग्रेस के 5 विधायकों का समर्थन मिला है। वहीं भाजपा पश्चिम बंगाल अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने बुधवार को कहा कि नए मुख्यमंत्री का शपथ -शेष पृष्ठ दो पर



■ पश्चिम बंगाल में नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह नौ मई को

■ केरल में तैयारियां जोरों पर, अजय माकन व मुकुल वासनिक पर्यवेक्षक नियुक्त

# पब्लिक वाई-फाई का पूरे देश में एक ही पासवर्ड होगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार पीएम-वाणी की विफलता से सबक लेते हुए एक नया और उन्नत पब्लिक वाई-फाई सिस्टम लाने की तैयारी कर रही है।

इस नई व्यवस्था का उद्देश्य यूजर अनुभव को बेहतर बनाना और डिजिटल भुगतान को अधिक सुरक्षित बनाना है। अब यूजर्स को हर हॉटस्पॉट के लिए अलग ओटीपी की जरूरत नहीं होगी। देशभर में फैले 4 लाख हॉटस्पॉट पर एक ही ओटीपी या पासवर्ड से लॉगिन किया जा सकेगा। दूरसंचार नियामक (ट्राई) ने इसका परामर्श-पत्र जारी करके लोगों से सुझाव मंगाए हैं। सार्वजनिक वाई-फाई को सुरक्षित बनाने के लिए 'वाई-फाई प्रोटेक्टेड एक्सेस 3' जैसे मानक लागू होंगे। इससे भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी सुरक्षित यूपीआई और डिजिटल पेमेंट के लिए अतिरिक्त सुरक्षा कवर मिलेगा। पेपर के अनुसार, मौजूदा वाई फाई सिस्टम इसलिए नहीं चला, क्योंकि यह यूजर की जरूरत नहीं बन पाया। साथ ही ऑपरेटर की कमाई नहीं बनी। इसलिए सरकार प्रस्तावित वाई-फाई सिस्टम को ऑपरेटर के लिए कमाई का मॉडल बनाना चाहती है। इसके लिए विज्ञापन-आधारित मॉडल, पेड प्लान व सब्सिडी (वायबिलिटी गैप फंडिंग) जैसे विकल्प दिए जाएंगे। शहरों में हाई-स्पीड इंटरनेट और गांवों में कम लागत वाला 'कम्युनिटी वाई-फाई' मॉडल लागू होगा। देश की 140 करोड़ की आबादी में अभी महज 2 फीसदी लोग पब्लिक वाई-फाई उपयोग करते हैं। दक्षिण कोरिया में 80 फीसदी, अमेरिका में 70 फीसदी, यूरोप-चीन में 60 फीसदी व इंग्लैंड में 50 फीसदी आबादी पब्लिक वाई-फाई का उपयोग करती है।




■ लोगों को अब बार-बार ओटीपी से राहत मिलेगी

■ देश में चार लाख हॉट स्पॉट, ट्राई ने सुझाव मांगे

# सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा

**गुवाहाटी।** असम में नई विधानसभा के लिए चुनाव संपन्न होने के बाद के बाद मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को बुधवार को अपने मंत्रिपरिषद का इस्तीफा सौंपा।

राज्यपाल ने उन्हें नई सरकार के गठन तक कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में शासन का दायित्व संभाले रहने को कहा है। मुख्यमंत्री श्री सरमा ने कहा कि मैंने असम के मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा असम के राज्यपाल को सौंप दिया है और साथ ही उनसे मौजूदा विधानसभा को भंग करने का अनुरोध किया है। असम के राज्यपाल ने मेरा इस्तीफा और मौजूदा विधानसभा को भंग करने का सुझाव स्वीकार कर लिया है।

■ कार्यवाहक के रूप में करेंगे काम

## संक्षिप्त समाचार

### गो-धर्मयुद्ध यात्रा के माध्यम से किया जाएगा अक्षौहिणी सेना का गठन

**देवरिया।** ज्योतिष्पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने बुधवार को कहा कि गो-धर्मयुद्ध यात्रा के माध्यम से अक्षौहिणी सेना का गठन किया जाएगा, जिससे गो-माता की व्यापक स्तर पर रक्षा सुनिश्चित की जा सके। देवरिया से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित रूद्रा रिसॉर्ट में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में जगतगुरु ने कहा कि गो-रक्षा के लिए चतुर्दिक संगठित प्रयासों की आवश्यकता है और इसी उद्देश्य से यह गविष्ठि यात्रा निकाली जा रही है। इस यात्रा के जरिए आमजन को जागरूक किया जाएगा और उन्हें गो-रक्षा के अभियान से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि यह 81 दिवसीय यात्रा तीन मई को गोरखपुर से प्रारंभ हो चुकी है, जो प्रदेश की सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण करेगी और 24 जुलाई को लखनऊ में इसका समापन होगा। यात्रा प्रतिदिन पांच विधानसभा क्षेत्रों से होकर गुजरेगी, जहां संवाद और जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### कुकर्म के बाद मासूम की हत्या करने वाला हैवान मुठभेड़ में ढेर

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश में हरदोई जिले के मल्लावां इलाके में सात साल के मासूम की हत्या के आरोपी 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश को पुलिस ने बुधवार तड़के मार गिराया। पुलिस ने मासूम के साथ कुकर्म और उसकी हत्या करने के आरा. पी मेहनूर उर्फ शहनूर को सुबह साढ़े तीन बजे एक मुठभेड़ में सीने पर गोली मारकर ढेर कर दिया। मुठभेड़ में एसओजी प्रभारी को दाहिने हाथ में गोली लगी है, जिनको उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।

## हर जरूरतमंद का बनवाएं आयुष्मान कार्ड: सीएम योगी

**गोरखपुर, वार्ता**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों सेलोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं।

मुख्यमंत्री जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों से उन्होंने आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और आश्वस्त किया कि सरकार इलाज कराने में भरपूर मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर जरूरतमंद पात्र व्यक्ति का आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि उन्हें इलाज के लिए परेशान न होना पड़े। योगी ने जनता दर्शन में आए लोगों का प्रार्थना पत्र अपने हाथ में लेकर उसका अवलोकन कर समस्या, शिकायत का संज्ञान लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि वे परेशान न हों, सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। उन्होंने अलग-अलग मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित और हस्तगत किया और साथ ही निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्धए निष्पक्ष और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। जनता दर्शन में हर बार की तरह बुधवार को भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उनसे आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा और साथ ही भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने कहा कि अस्पताल का इस्टीमेट मिलते ही विवेकाधीन कोष से आर्थिक सहायता उपलब्ध करा दी जाएगी। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर पीघ का निवारण सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं के साथ उनके बच्चे भी आए थे।

## उत्तरी-पश्चिमी भारत में आंधी-तूफान के साथ बारिश की चेतावनी

**नई दिल्ली, वार्ता**

मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिमी भारत में 10 से 12 मई के बीच आंधी.तूफान और बारिश का एक नया दौर शुरू होने की चेता. वनी जारी की है। इस दौरान 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने और बिजली कड़कने की भी संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को उत्तर-पूर्वी भारत (अरुणाचल प्रदेश, असम और मेघालय) के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ भारी बारिश हो सकती है और इसके साथ ही अगले 6.7 दिनों तक केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में छिटपुट गरज के साथ भारी बारिश का अनुमान जताया गया है।

पिछले 24 घंटों के दौरान देश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज बदला रहा और केरल में भारी से बहुत भारी बारिश दर्ज की गई, जबकि उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ, महाराष्ट्र और दिल्ली में ओलावृष्टि की सूचना मिली है। देश में सबसे अधिक तापमान महाराष्ट्र के वर्धा में 43.5 डिग्री



**10 से 12 मई 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने और बिजली कड़कने की भी संभावना**

सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर-पश्चिमी भारत के जम्मू- कश्मीर, लद्दाख, पंजाब और हरियाणा में 10 से 12 मई के बीच बारिश और 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से झोंक. दार हवाएं चल सकती हैं। पूर्वी और मध्य भारत के बिहार में आज ओलावृष्टि की संभावना है, जबकि पश्चिम बंगाल के गंगा के मैदानी इलाकों में नौ मई को 70 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चल सकती है। विदर्भ और छत्तीसगढ़ में अगले पांच दिनों तक हल्की बारिश के आसार हैं। उत्तर-पश्चिमी भारत में 10 मई तक अधिकतम तापमान में 5. 7 डिग्री सेल्सियस और मध्य भारत में 3.5 डिग्री सेल्सियस की क्रमिक वृद्धि होने की संभावना है। नौ से 11 मई के दौरान पश्चिमी राजस्थान में लू (हीट वेव) चलने की चेतावनी दी गई है। दिल्ली और एनसीआर के इलाके में बुधवार शाम या रात तक गरज-चमक के साथ मौसम बदलने की संभावना है। दोपहर या शाम को धूल भरी आंधी और गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। नौ मई तक दिल्ली का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का अनुमान है। मौसम विभाग ने ओलावृष्टि और तेज हवाओं को देखते हुए किसानों को सलाह दी है कि वे कटी हुई फसलों को सुरक्षित स्थानों पर रखें। बागवानी फसलों और फलों के पेड़ों को सहारा देने के लिए बांस की डंडियों का उपयोग करें। आम जनता को खराब मौसम के दौरान पेड़ों के नीचे शरण न लेने और बिजली के उपकरणों का प्लग निकाल देने की सलाह दी गई है।

### सपा कार्यकर्ताओं ने अंतिम समय तक डटे रहकर इंडिया गठबंधन को मजबूत किया

## चुनाव मैनेज कर जीतती है भाजपा, लोकतंत्र खतरे में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव 'मैनेज' करके जीतती है और लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है।



**लोकसभा चुनाव के दौरान पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत से वोटों की 'लूट' हुई: सपा प्रमुख ने लगाया आरोप**

यादव ने बुधवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि लोकसभा चुनाव तक भाजपा को 'करो या मरो' का आह्वान करना पड़ा। उन्होंने दावा किया कि सपा कार्यकर्ताओं ने अंतिम समय तक डटे रहकर इंडिया गठबंधन को मजबूत किया और भाजपा को पूर्ण बहुमत से रोकने में भूमिका निभाई। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत से वोटों की 'लूट' हुई। उनके मुताबिक कुछ जगहों पर पुलिस अधिकारियों ने हथियारों के बल पर लोकतंत्र को प्रभावित करने का प्रयास किया। मुरादाबाद की कुंद. रकी सीट और मिल्कीपुर उपचुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वहां बड़े स्तर पर गड़बड़ियां हुईं और सपा प्रत्याशियों को नुकसान पहुंचाया गया। सपा प्रमुख ने कहा कि पार्टी ने सभी तथ्यों के साथ चुनाव आयोग में शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि 'मल्टीलेयर इलेक्शन माफिया' सक्रिय है, जिसमें प्रशासनिक तंत्र, एजेंसियां और कुछ मीडिया संस्थान भी शामिल हैं। उन्होंने ईडी और सीबीआई को भाजपा का सहयोगी बताते हुए कहा कि इन एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं के खिलाफ किया जा रहा है और फर्जी मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। अखिलेश यादव ने पश्चिम बंगाल का उदाहरण देते हुए ममता बनर्जी का हवाला दिया और कहा कि वहां जो हुआ, वैसा ही उत्तर प्रदेश में भी देखने को मिला। उन्होंने काउंटिंग प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए कहा कि सपा कार्यकर्ताओं को मतगणना केंद्रों से बाहर कर दिया गया और 'मतगणना नहीं, मनगणना' कराई जाती है।

### लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी का चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर हमला



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनावी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए 'वोट चोरी' का आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से केंद्र सरकार और चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह खड़े किए। राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि वोट चोरी से कभी सीटें चुराई जाती हैं, कभी पूरी सरकार। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा में भाजपा के 240 सांसदों में से लगभग हर छठा सांसद वोट चोरी से जीता है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ऐसे लोगों को क्या भाजपा की भाषा में 'घुसपैठिया' कहा जाना चाहिए। हरियाणा का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि वहां तो पूरी सरकार ही 'घुसपैठिया' है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो संस्थाओं को अपने नियंत्रण में रखते हैं और मतदाता सूचियों व चुनावी प्रक्रिया में हेरफेर करते हैं, वे खुद 'रिमोट कंट्रोल' से संचालित हैं।

## विजय रैलियों में जेसीबी मशीनों की अनुमति नहीं: पुलिस आयुक्त

**कोलकाता, वार्ता**

कोलकाता पुलिस आयुक्त अजय कुमार नंद ने बुधवार को कहा पुलिस ने शहर में किसी भी विजय रैली में जेसीबी एवं बुलडोजर के इस्तेमाल के खिलाफ परामर्श जारी किया है।

पुलिस आयुक्त ने कहा कि विजय रैली में किसी भी प्रकार की जेसीबी को अनुमति नहीं दी जाएगी। हमने जेसीबी मालिकों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे विजय रैलियों के लिए इन्हें किराए पर न दें। ऐसा करने वाले किसी भी जेस. ीबी मालिक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी और हम वाहन जब्त कर लेंगे। पुलिस आयुक्त की यह घोषणा भाजपा द्वारा न्यू मार्केट क्षेत्र में निकाली गई विजय रैली का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के एक दिन बाद आई है। इन वीडियो में जेसीबी द्वारा क्षेत्र में कई अस्थाई संरचनाओं को ध्वस्त करते हुए दिखाया गया है। पुलिस आयुक्त ने शहर में शांति बनाए रखने की अपील करते हुए कड़ी चेतावनी भी दी और कहा कि पुलिस किसी भी ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करेगी जो भय का माहौल बनाने की कोशिश करेगा। कुमार नंद ने ने बुधवार को कहा कि हाल की घटनाओं के संबंध में 80 गिरफ्तारियां हुई हैं और केंद्रीय सशस्त्र बलों की टीमों के साथ काम कर रही हमारी टीमों ने हथियार बरामद किए हैं। सार्वजनिक सभाओं में किसी भी विजय जुलूस के लिए पुलिस से पूर्व अनुमति लेना आवश्यक होगा।


काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


# बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 77958.52
निफ्टी 24330.95

सोना 154800 प्रति 10 ग्राम
चांदी 240331 प्रति किलो

## अमेरिका-ईरान के बीच शांति वार्ता में प्रगति से शेयर बाजारों में तेजी

**मुंबई, वार्ता**

अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता में प्रगति से उत्साहित निवेशकों की लिवाली से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों तेजी रही और प्रमुख सूचकांक करीब सवा प्रतिशत की बढ़त में बंद हुए। बीएसई का सेंसेक्स 940.73 अंक (1.22 प्रतिशत) उछलकर 77,958.52 अंक पर पहुंच गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 298.15 अंक यानी 1.24 प्रतिशत चढ़कर 24,330.95 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों सूचकांकों का दो सप्ताह का उच्चतम स्तर है। बाजार में चौतरफा लिवाली रही। वृहत बाजार में निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 2.21 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.93 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान के साथ शांति वार्ता में अच्छी प्रगति हुई है और इसलिए उन्होंने



हार्मुज जलडमरूमध्य में वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षित आवा. जाही सुनिश्चित करने के लिए शुरू किए गए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को कुछ समय के लिए स्थगित करने की घोषणा की है। इससे दुनिया भर में शेयर बाजारों में तेजी रही। एफएमसीजी को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा। ऑटो, वित्त, बैंकिंग, फार्मा, रियलटी और रसायन समूहों के सूचकांक दो से तीन प्रतिशत तक चढ़े। स्वास्थ्य, धातु और मीडिया समूहों के सूचकांक भी एक प्रतिशत से ज्यादा मजबूत हुए। विमान सेवा कंपनी इंडिगो का शेयर साढ़े छह प्रतिशत से अधिक उछला। ट्रेंट में लगभग चार प्रतिशत और एशियन पेंट्स में साढ़े तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी रही।

## घरेलू मांग के दम पर अप्रैल में सेवा क्षेत्र की बढ़ी रफ्तार

**मुंबई।** पश्चिम एशिया संकट के बीच घरेलू मांग मजबूत रहने से अप्रैल में सेवा क्षेत्र की गति. विधियों में तेजी देखी गई। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज पीएमआई बिजनेस एक्टिविटी सूचक. ांक मार्च के 57.5 से बढ़कर 58.8 पर पहुंच गया जो पांच महीने का उच्चतम स्तर है। यह दिखाता है कि मार्च के मुकाबले में अप्रैल में सेवा क्षेत्र की गतिविधि न सिर्फ बढ़ी है बल्कि इसके बढ़ने की रफ्तार भी मार्च से अधिक रही। एचएसबीसी माह-दर-माह आधार पर पीएमआई के आंकड़े जारी करता है।

पीएमआई का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में तेजी और इससे कम रहना गिरावट को दिखाता है। वहीं 50 का स्तर स्थिरता का संकेत है। एचएसबीसी द्वारा बुधवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल में उत्पादन और नए ऑर्डर बढ़े हैं। ई-कॉमर्स में भी तेजी गई। हालांकि पश्चिम एशिया संकट के कारण आयात कम रहने से घरेलू मांग बढ़ी, जिससे परिवहन गतिविधियों में वृद्धि हुई है। देश से बाहर बिक्री में पांच महीने की सबसे तेज वृद्धि देखने को मिली। युद्ध के कारण दूसरे देशों से भारत आने वाले पर्यटकों की संख्या भी कम रही।

## चावल, गेहूं के भाव बढ़े, दालों और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ गेहूं में भी तेजी देखी गई। चीनी का भाव पिछले कारोबारी दिवस पर ही स्थिर रहा। दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ रही। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 10 रुपये बढ़कर 3,870 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं 17 रुपये महंगा हुआ और 2,791 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी छह रुपये बढ़ गई।

दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा। तुअर दाल की औसत कीमत 45 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 13 रुपये और उड़द दाल 10 रुपये महंगी हुई। वहीं मसूर दाल की कीमत 30 रुपये और मूंग दाल की आठ रुपये प्रति क्विंटल उतर गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 133 रिंगिट गिरकर 4,577 रिंगिट प्रति टन रह गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 2.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ



74.93 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 44 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। सोया तेल 30 रुपये और पाम ऑयल 25 रुपये सस्ता हुआ। मूंगफली तेल की कीमत 101 रुपये और सरसों तेल की 63 रुपये बढ़ गई। वनस्पति भी 28 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 20 रुपये प्रति क्विंटल टूट गया। चीनी पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़ी रही। सरक. ारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7676.51 रुपये, मसूर काली 8100.77 रुपये, मूंग दाल 10159.66 रुपये, उड़द दाल 10845.64 रुपये, तुअर दाल 11268.06 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2791.40 रुपये और चावल 3870.29 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3261.66 रुपये प्रति क्विंटल रहा।


स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com


## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सबरीमाला केस: बार-बार...**

उल्लंघन करता है। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील राजू रामचंद्रन ने सुधारवादी बोहराओं की ओर से दलील दी। उन्होंने कहा कि बहिष्कार सीधे तौर पर मानव गरिमा को प्रभावित करता है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके मुवक्किल के पिता असगर अली इंजीनियर खुद बहिष्कार के शिकार रहे थे। रामचंद्रन ने कहा कि दाऊदी बोहरा समुदाय में धार्मिक प्रमुख को 'दाई' कहा जाता है, जिसे सर्वोच्च अधिकार प्राप्त है। उन्होंने बताया कि बच्चे बालिग होने पर दाई के प्रति पूर्ण निष्ठा की शपथ लेते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हर धर्म में अनुशासन बनाए रखने के लिए कुछ नियम होते हैं, लेकिन असली सवाल सजा की सीमा और उसके मानव गरिमा पर असर का है। इस दौरान जस्टिस नागरत्ना ने पूछा कि क्या याचिका आर्टिकल 32 के तहत 1962 के संविधान पीठ के फैसले को रद्द करने की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि कोर्ट अपने ही पुराने फैसले को ऐसे कैसे नजरअंदाज कर सकता है। उन्होंने कहा कि हम भी सख्त नियमों से बंधे हैं। अगर हर आर्टिकल 32 की याचिका पर कान्सिट्यूशन बेंच के फैसले को बदला जाएगा, तो यह गंभीर मुद्दा है। जस्टिस नागरत्ना ने यह भी कहा कि कोर्ट मंगलवार को सबरीमाला मामले में इसी तरह की याचिकाओं पर सवाल उठा रहा था। ऐसे में अब अलग रुख नहीं अपनाया जा सकता। इससे पहले मंगलवार को कोर्ट ने इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन से भी सवाल किए थे। इसी एनजीओ की याचिका पर सबरीमाला मंदिर में सभी उम्र की महिलाओं के प्रवेश की अनुमति दी गई थी। इसी बीच, वरिष्ठ वकील डेरियस खंबाटा ने पारसी महिला की ओर से दलील दी। उन्होंने कहा कि अगर आर्टिकल 26(इ) को ज्यादा महत्व दिया गया, तो यह व्यक्तिगत धार्मिक अधिकारों को खत्म कर सकता है। खंबाटा के मुताबिक, आर्टिकल 26(इ) का उद्देश्य धार्मिक संस्थाओं को सरक. ारी हस्तक्षेप से बचाना है, न कि व्यक्तियों के अधिकारों को दबाना। बता दें कि यह मामला 1962 के फैसले को चुनौती देने से जुड़ा है, जिसे बॉम्बे हाईकोर्ट ने भी बरकरार रखा था। सुनवाई गुरुवार को भी जारी रहेगी।

**बंगाल में...**

को जियागंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दशकों पुरानी लेनिन की प्रतिमा को तोड़कर जमीन पर गिरा दिया और दावा किया कि वे इसकी जगह शिवाजी की प्रतिमा लगाएंगे। इस 'परिवर्तन' का आनंद लीजिए। मुर्शिदाबाद के अलावा कोलकाता सहित बंगाल के विभिन्न हिस्सों से तोड़फोड़ और झड़पों की खबरें सामने आई हैं। राज्य की राजधानी के न्यू मार्केट इलाके में कथित तौर पर संरचनाओं को गिराने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया गया। इससे राजनी. तिक विवाद और बढ़ गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पार्टी कार्यकर्ताओं से शांति बनाए रखने की अपील की है और चेतावनी दी है कि चुनाव बाद की किसी भी तरह की हिंसा को पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।

**तमिलनाडु में...** ग्रहण समारोह आगामी नौ मई को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में होगा और इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मौजूद रहेंगे। एक सुचारू और गरिमापूर्ण शपथ ग्रहण समारोह के लिए तैयारियां चल रही हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए कि सब कुछ ठीक रहे, हम प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इससे पहले श्री भट्टाचार्य ने, राज्य के लिए भेजे गए भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक सुनील बंसल, ज्योतिर्मय सिंह महतो और सौमित्र खान के साथ मिलकर, मंगलवार शाम को मुख्य सचिव दुष्यंत नारीवाला से मुलाकात की और इस कार्यक्रम की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। विधायकों की एक बैठक 8 मई को तय की गई है, जहां नेतृत्व से शपथ ग्रहण से पहले अहम फैसले लेने की उम्मीद है। राज्य में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर अटकलें बढ़ रही हैं, लेकिन प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने इस पर कोई भी टिप्पणी करने से इन्कार कर दिया हालांकि, नबन्ना स्थित राज्य सचिवालय में प्रवेश करने से पहले, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने जोर देकर कहा कि चुनाव के बाद होने वाली हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और उन्होंने पार्टी के उस कड़े रुख को दोहराया, जिसे उन्होंने भाजपा का तृणमूलीकरण कहा। वहीं केरल में नई सरकार के गठन को लेकर गतिविधियां तेज हो गई हैं और मुख्यमंत्री पद के चयन पर मंथन अंतिम चरण में पहुंच गया है। कांग्रेस आलाकमान ने इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए वरिष्ठ नेताओं अजय माकन और मुकुल वासनिक को पर्यवेक्षक के रूप में राज्य भेजा है। दोनों नेता बुधवार शाम केरल पहुंचे। दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात के बाद वे रवाना होंगे। केरल कांग्रेस विधायक दल की बैठक गुरुवार सुबह आयोजित की जाएगी, जिसमें विधायक अपनी राय रखेंगे। केंद्रीय नेतृत्व द्वारा नियुक्त दोनों पर्यवेक्षक विधायकों से बातचीत कर अपनी रिपोर्ट कांग्रेस आलाकमान को सौंपेंगे। इसी रिपोर्ट के आधार पर मुख्यमंत्री के नाम पर अंतिम फैसला लिया जाएगा। मुख्यमंत्री पद की दौड़ में कई दिग्गज नेताओं के नाम चर्चा में हैं। इनमें वीडी सतीशन, सनी जोसेफ, रमेश चेन्निथला, केसी वेणुगा. पाल और शशि थरूर जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं।

## बंगाल में 18 सीटों पर पांच हजार से कम रहा जीत का अंतर

**कोलकाता, वार्ता**

**मतदाताओं की पसंद में आए मामूली बदलावों ने ही आखिरकार पूरे जनादेश को कैसे तय किया**

पश्चिम बंगाल में हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में कम से कम 18 ऐसी सीटें हैं जहां जीत का अंतर 5,000 वोटों से भी कम रहा है। वहीं कम से कम 20 और सीटों पर जीत का अंतर 5,000 से 10,000 के बीच रहा। यह साफ तौर पर दिखाता है कि 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव कितने कड़े मुकाबले वाले थे और मतदाताओं की पसंद में आए मामूली बदलावों ने ही आखिरकार पूरे जनादेश को कैसे तय किया।

चुनाव आयोग द्वारा हाल ही में जारी किए गए इन बेहद रोमांचक मुकाबलों के नतीजों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी सबसे आगे रही और उसने इन 18 में से 11 सीटें जीतीं, जबकि तृणमूल कांग्रेस तृणमूल ने छह सीटों पर जीत हासिल की। कांग्रेस के खाते में भी ऐसी ही एक जीत आई, जिससे यह बात उभरकर सामने आती है कि कैसे मुट्ठी भर वोटों ने भी अलग-अलग पार्टियों के नतीजों को तय करने में अहम भूमिका निभाई। हालांकि राज्य में सबसे कड़ा मुकाबला राजारहाट न्यू टाउन में देखने को मिला, जहां भाजपा के पीयूष कनोडिया ने तृणमूल के तापस चटर्जी को महज 316 वोटों से हरा दिया, जो इस चुनाव में जीत का सबसे कम अंतर था। इसके अलावा कम से कम चार विधानसभा क्षेत्र इंडस, जंगीपारा, रैना और सतगाछिया ऐसे रहे जहां जीत का अंतर 1,000 वोटों से भी कम था, जो इन चुनावों में मुकाबले की जबरदस्त टक्कर को दिखाता है। इंडस में, भाजपा के निर्मल कुमार धारा ने तृणमूल की श्यामली रॉय बागदी को महज 900 वोटों से हराया। जंगीपारा में, भाजपा के प्रसेनजीत बाग ने तृणमूल के स्नेहाशीष चक्रवर्ती को 862 वोटों से हराया। रैना में भाजपा के सुभाशीष पात्रा ने 834 वोटों से जीत हासिल की। वहीं सतगाछिया में भाजपा के अग्निश्वर नास्कर ने तृणमूल की सोमाश्री बेताल को महज 401 वोटों से हराया। कई अन्य विधानसभा क्षेत्रों में भी कड़े मुकाबले देखने को मिले।

आमडांगा में तृणमूल के मोहम्मद कासिम सिद्दीकी ने भाजपा के अरिंदम डे को 2,995 वोटों से हराया, जबकि आमता में भाजपा के अमित सामंत ने तृणमूल के सुकांत कुमार पॉल को 4,454 वोटों से हराया। चंपदानी में भाजपा के दिलीप सिंह ने तृणमूल के अरिंदम गुइन को 3,026 वोटों से हराया और हरिपाल में भाजपा की मधुमिता घोष ने तृणमूल की कराबी मन्ना को 3,488 वोटों से हराकर जीत हासिल की। हरिरामपुर में तृणमूल के बिप्लब मित्रा ने भाजपा के देबब्रत मजूमदार पर 1,986 वोटों से जीत हासिल की और काशीपुर-बेलगाछिया में भाजपा के रितेश तिवारी ने तृणमूल के दिग्गज नेता अतीन घोष को 1,651 वोटों के अंतर से हराया। इसी तरह लाभपुर में भाजपा के देबाशीष ओझा ने तृणमूल के अभिजीत सिन्हा को 3,550 वोटों से हराया, और मध्यमग्राम में तृणमूल के रथिन घोष ने भाजपा के अनिद्य बनर्जी को 2,399 वोटों से हराया।

मंदिरबाजार में तृणमूल के जयदेब हलदर ने भाजपा की मल्लिका पाइक को 1,995 वोटों से हराया। पांडेबेश्वर में भाजपा के जितेंद्र कुमार तिवारी ने तृणमूल के नरेंद्रनाथ चक्रवर्ती को 1,398 वोटों से हराया। सिताई में तृणमूल की संगीता रॉय ने भाजपा के आशुतोष बर्मा को 2,721 वोटों से हराया, जबकि उलुबेरिया उत्तर में भाजपा को जीत मिली, जहां चिरन बेरा ने तृणमूल के बिमल कुमार दास को 2,177 वोटों से हराया।

# एक ही परिवार के तीन सदस्यों के निधन पर उमड़ा जनसैलाब

## सपा नेताओं ने पीड़ित परिवार को दिए एक-एक लाख रुपए

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम छछरपुर में एक ही परिवार के तीन सदस्यों के असामयिक निधन से पूरे इलाके में गहरा शोक छा गया। स्वर्गीय राज कुमार, उनकी पत्नी और पुत्र सोनू कुमार के निधन पर आयोजित शोकसभा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा के दौरान सभी उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। माहौल बेहद भावुक रहा और परिजनों का दुख देखकर हर आंख नम हो गई। इस अवसर पर समा. जवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह घटना पूरे क्षेत्र के लिए बेहद दुखद है और हर व्यक्ति इस कठिन समय में परिवार के साथ खड़ा है। वहीं सपा नेता अतुल प्रधान ने भी शोकसभा में पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिवार को सांत्वना दी। मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए अतुल प्रधान और श्यामलाल बच्ची सैनी ने पीड़ित परिवार को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की।

इसके अलावा अन्य लोगों ने भी आगे आकर आर्थिक सहयोग किया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। गांव के लोगों ने बड़ी संख्या में शोकसभा में शामिल होकर परिवार के प्रति अपनी एकजुटता और संवेदनाएं व्यक्त कीं। सभी ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और परिवार को इस अपार दुख को सहने की शक्ति दें। इस घटना के बाद से पूरे गांव में शोक का माहौल है और हर चेहरा गमगीन नजर आ रहा है। शोकसभा में राकेश सैनी, सोनू मुंछ जानसठ, राकेश सैनी एडवोकेट, दीपक सैनी आदि मौजूद रहे।



# पेड़ से टकराकर राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत

**तिरंगे के सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बीती मंगलवार की देर रात अचानक से आए तेज आंधी और तूफान के कारण ग्राम जौला में एक दुखद घटना सामने आई। गांव जौला के बाहरी छोर पर स्थित एक बाग में तेज हवाओं के चलते एक राष्ट्रीय पक्षी मोर संत. ुलन खोकर पेड़ से टकरा गया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बुधवार की सुबह जब ग्रामीणों ने मोर को मृत अवस्था में देखा तो तत्काल वन विभाग को इस बात की सूचना ग्रामीणों के द्वारा दी गयी। सूचना मिलते ही वन दरोगा और बीट प्रभारी ने मोर के शव को कब्जे में लिया। वन क्षेत्रीय अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय पक्षी मोर अनुसूची-1 का संरक्षित वन्य जीव है। नियमानुसार बुढाना के पशु चिकित्सक अधिकारी डॉक्टर विनीत कुमार से मोर के शव का पीएम कराया गया। पीएम रिपोर्ट में मौत पेड से टकराने से आया।

शव को बुढ़ाना सफीपुर पट्टी के पास स्थित वन विभाग बुढ़ाना की पौधशाला में लाया गया। जहां पूरे राजकीय सम्मान के साथ मोर के शव को पौधशाला परिसर की जमीन मे दफनाया गया। इस दौरान मोर के शव को राष्ट्रीय तिरंगे में लपेटकर अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर वन विभाग के दरोगा अजय सिंह, बीट प्रभारी संजय कुमार, वन रक्षक मोहित, हुसैन अहमद, पशु चिकित्सक डॉक्टर विनीत कुमार और सफीपुर पौधशाला का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। ग्रामीणों ने वन विभाग की तत्परता की सराहना की। वन क्षेत्रीय अधिकारी सुशील कुमार ने बताया कि आंधी तूफान के मौसम में वन्य जीवों के लिए विशेष निगरानी टीम गठित की गई है। उन्होंने आमजनों से भी अपील की है कि घायल या मृत वन्य जीव मिलने पर तुरंत नजदीकी वन चौकी या हेल्पलाइन नंबर 1926 पर सूचना दें। वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत मोर अनुसूची- 1 में संरक्षित है। इसकी मृत्यु होने पर पीएम व राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार करने का प्रावधान है।

# तेज रफ्तार कार की टक्कर से महिला की मौत

## वैगनआर और बाइक की हुई जोरदार भिड़ंत, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रतनपुरी/बुढ़ाना।** रतनपुरी थाना क्षेत्र में विगत दिवस तेज रफ्तार और लापरवाही का कहर देखने को मिला। मेरठ से घर लौट रहे बाइक सवार बेटे की मां की सड़क हादसे में मौत हो गई। मृतका के बेटे ने रतनपुरी थाने में तहरीर देकर कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार तितावी थाना क्षेत्र के ग्राम नरोत्तमपुर माजरा निवासी सरताज पुत्र अफजाल अली ने रतनपुरी पुलिस को दी एक तहरीर में बतलाया कि बीती 27 अप्रैल को वह अपनी मां शाइस्ता को मेरठ से लेकर अपनी बाइक से घर वापस आ रहा था तो सठेड़ी कट से वह थोड़ा सा आगे पहुंचा तो तभी पीछे से आ रही वैगनआर कार के चालक ने तेज रफ्तार व लापरवाही से वाहन चलाकर उसकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पर पीछे बैठी उसकी मां शाइस्ता गंभीर रुप से घायल हो गईं। वह तुरंत अपनी मां को लेकर बेगराजपुर अस्पताल के लिए निकला लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। तब अस्पताल पहुं. चने पर डॉक्टरों ने शाइस्ता को मृत घोषित कर दिया। सरताज अपनी मां का पोस्टमार्टम कराने के बाद रतनपुरी थाने पहुंचा और आरोपी कार चालक के विरुद्ध तहरीर दी। उसने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं रतनपुरी पुलिस ने पीड़ित सरताज की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बता दे कि जनपद के अधिकतर कट मौत को दावत देने जैसे हालांकि पुलिस प्रशासन ने अवैध कट को बंद करने के आदेश किए है जिसके बाद जिन कट के निकट दुर्घटनाएं हो रही है उन पर काम करना शुरू कर दिया है।

# पर्यटन विकास को 7 परियोजनाओं के लिए 788 लाख स्वीकृत

## प्राचीन शुकदेव मंदिर एवं वट वृक्ष आदि का कायाकल्प एवं अवस्थापना होगी सृजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा राज्य योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में सहारनपुर मण्डल के अधीन आने वाले जनपद मुजफ्फरनगर की विधान सभाओं पर्यटन विकास के लिए 788 लाख रूपये की 07 परियोजनायें स्वीकृत की गयी है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य प्राचीन धरोहरों का कायाकल्प तथा अवस्थापना सुविधायें सृजित करना है। इन परियोजनाओं को पूरा करने की जिम्मेदारी यूपीएवीपी को सौपी गयी है। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिया गया है कि सभी कार्यों को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ धरातल पर उतारे।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि मेरठ के मुजफ्फरनगर जनपद में स्थित प्राचीन सि) पीठ मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 51 लाख रूपये, खतौली विधान सभा क्षेत्र में स्थित ग्राम नवला में देवस्थान के पर्यटन विकास के लिए 58 लाख रूपये, मीरापुर के जानसठ में स्थित शिव मंदिर के पास भगवान महर्षि कश्यप जी की स्मारक की स्थापना के लिए 58 लाख रूपये, मीरापुर में स्थित शुकतीर्थ परिसर के कार्यालय निर्माण हेतु 390 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि मीरापुर में शुकतीर्थ में प्राचीन शुकदेव मंदिर एवं वटवृक्ष का पर्यटन विकास के लिए 35 लाख रूपये मीरापुर में शुककतीर्थ में रवीदास मंदिर में पर्यटन विकास के लिए 50 लाख रूपये तथा बुढ़ाना विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मुजफ्फरनगर के कस्बे में स्थित प्राचीन सिध पीठ बाबा काली सिंह मंदिर में बहुउद्देशीय सुविधाओं के विकास के लिए 106 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। जयवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन एवं प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से मेरठ मण्डल के अधीन आने वाले जनपद मुजफ्फरनगर के विभिन्न विधान सभाओं में स्थित प्राचीन धरोहरोंका कायाकल्प एवं संरक्षण किया जा रहा है। विभिन्न प्राचीन स्थलों को संरक्षित करने एवं बुनियादी सुविधायें विकसित करने को पर्यटन विकास की परियोजनाओं को संचालित किया। प्राचीन धरो. हरों को संरक्षित कर भावी पीढ़ी को सौपना राज्य सरकार का संकल्प है। इसको दृष्टिगत रखते हुए प्राचीन स्थलों का संरक्षण एवं अवस्थापना सुविधाओं के सृजन पर विशेष फोकस किया।

### डीएम ने ठेकेदार को नापा, लेकिन जिम्मेदारों को बख्शा

**मुजफ्फरनगर।** नगर पंचायत शाहपुर द्वारा वार्ड-9 में स्थित नसीम के मकान से शरीफ के मकान तक 135 मीटर सड़क / नाली निर्माण कार्य की निविदा आमंत्रित किए जाने पर जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर को शिकायत प्राप्त हुई कि यह सड़क निविदा से पूर्व ही बनी हुई है. जिस पर जिलाधिकारी द्वारा शिकायत की जांच उपजिलाधिकारी बुढ़ाना से कराये जाने पर पाया गया कि निविदा में दर्शायी गई सड़क में से 35 मीटर सड़क / नाली निर्माण का कार्य मै. एच.ए.सी. ट्रेडिंग एण्ड कॉन्ट्रेक्टर, मुजफ्फरनगर द्वारा बिना निविदा प्रक्रिया के ही कर दिया गया। उपजिलाधिकारी बुढ़ाना की जांच के आलोक में जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर द्वारा नगर पंचायत शाहपुर को बिना निविदा प्रक्रिया के निर्मित 35 मीटर सड़क / नाली निर्माण कार्य को श्रमदान घोषित किये जाने एवं उक्त निविदा निरस्त किये जाने के निर्देश दिए गए तथा साथ ही सम्बन्धित फर्म मै. एच.ए.सी. ट्रेडिंग एण्ड कॉन्ट्रेक्टर, मुजफ्फरनगर को ब्लेक लिस्ट किये जाने हेतु निर्देशित किया।

शाहपुर की इस जांच के बाद जिले के तमाम ठेकेदारों में हडकंप मचा हुआ है। हैरत की बात है कि जिलाधिकारी ने ठेकेदार को तो नाप दिया, लेकिन संबंधित विभाग के जेई,ऐई के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। इससे ठेकेदारों में आक्रोश है।

# पोस्ट से खफा एआईएमआईएम ने दिया ज्ञापन

## सपा नेता पर लगाए आरोप, गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कथित आपत्तिजनक पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एआईएमआईएम के कार्यकर्ताओं ने शहर कोतवाली में एक ज्ञापन पुलिस को देते हुए पोस्ट वायरल करने वाले सपा नेता के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। एआईएमआईएम के कार्यकर्ताओं का आरोप है कि इस पोस्ट से धार्मिक और सामाजिक भावनाएं आहत हुई है। इस संबंध में दी गई तहरीर में कार्यवाही की मांग की गई है।

बुधवार को एआईएमआईएम के कार्यकर्ता शहर कोतवाली पहुंचे और पुलिस को एक तहरीर दी जिसमें बताया गया कि समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष शमशेर मलिक ने अपने फेसबुक एकाउंट से एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली की तस्वीर को एडिट कर उसको आपत्तिजनक रूप से साझा किया है। यहां पहुंचे कार्यकर्ताओं ने अन्य गंभीर आरोप भी लगाए। उन्होने कहा कि फोटो को इस तरह से संपादित किया है कि उसमे हिजाब और बुर्खा दर्शाकर मजाक उडाया गया और टिप्पणी को भी आपत्तिजनक बताया। उन्होने कहा कि इस पोस्ट से छवि को नुकसान हुआ और पूरे समुदाय को निशाना बनाया गया। उन्होने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की।

उन्होने कहा कि पश्चिम बंगाल के चुनाव परिणाम को लेकर उक्त टिप्पणी को पोस्ट की गई है। बताया जाता है कि एआईएमआईएम ने इस चुनाव में काफी सीटो पर अपनी प्रत्याशी उतारे थे। इसके बाद पुरानी पार्टी को हार का मुंह देखना पड़ा। शिकायत लेकर पहुंचे कार्यकर्ता ने यह भी आरोप लगाया कि सपा नेता ने अपनी पोस्ट में यह भी कहा कि बंगाल से सबक यूपी अब संभलने की बारी है। सपा नेता पर यह भी आरोप लगाया गया कि उन्होने आने वाले चुनाव में नारो और जज्बाती तकरीरों के जाल में फंसने से बचने की भी सलाह दी है।

जिसमें कहा गया कि आपका वोट सिर्फ एक पर्ची नहीं बल्कि आपकी आने वाली नस्लों का भविष्य है और यूपी में वोट का बिखराव हुआ तो नतीजे बंगाल जैसे होगे।

पुलिस ने इस मामले की तहरीर लेते हुए जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# नगर पालिका के खिलाफ हिंदू संगठनों का प्रदर्शन

## कूड़ाघर पर मंदिरनुमा ढांचा बनाने से भावनाएं आहत का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** हिंदू संगठनों से जुड़े युवाओं ने नगर पालिका के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगाया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बुधवार को हिंदू संगठनों से जुड़े युवाओं ने जिलाधिकारी आवास के सामने पहुंचकर पपालिका पर धार्मिक भावनाएं आहत करने का आरोप लगाया।

प्रदर्शन का नेतृत्व शिवसेना के युवा जिलाध्यक्ष शेंकी शर्मा ने किया। उनके साथ बड़ी संख्या में युवा मौजूद थे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि नगर पालिका ने एक कूड़ाघर को ढकने के लिए भगवा रंग में रंगा एक मंदिरनुमा ढांचा बनाया है।

इस ढांचे में घंटा, घड़ियाल और स्वास्तिक जैसे धार्मिक प्रतीक भी उकेरे गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जिस स्थान को धार्मिक स्वरूप दिया गया है, जिससे लोगों की भावनाएं आहत हो रही हैं। शेंकी शर्मा ने इस कार्य को गंभीर लापरवाही बताया। उन्होंने कहा, श्मंदिर और स्वास्तिक जैसे पवित्र प्रतीकों का इस तरह इस्तेमाल बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।श उन्होंने मांग की कि इस कार्य के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के नाम सार्वजनिक किए जाएं और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस मामले का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। नगर पालिका की ओर से इसे एक गलती स्वीकार करते हुए जल्द सुधार का आश्वासन दिया गया है।

### किशोरी की फोटो एडिट कर की अश्लील वीडियो वायरल

**मुजफ्फरनगर।** साइबर अपराध का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। इसमें सबसे गंभीर बात यह है कि साइबर अपराध करने वाले बदमाश तरह-तरह के हथकंडे इस्तेमाल कर नई-नई घटनाओं को अंजाम दे रहे है इस बार अज्ञात बदमाश ने मोबाइल नम्बर प्राप्त कर उसका दुरूपयोग करते हुए किशोरी की फोटो एडिट कर अश्लील वीडियो तैयार करके उसे वायरल किया है। इसमें एक गंभीर बात यह है कि उक्त अश्लील वीडियो पडोसियों के साथ-साथ परिजनों को भी भेजा है जिसके बाद परिवार शर्मसार है।

बताया जाता है कि जनपद सहारनपुर का एक परिवार शहर कोतवाली क्षेत्र में किराये के मकान पर रहता है। किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके घर का मोबाइल नम्बर प्राप्त किया और उसी नम्बर पर एक व्हाटस्एप एकाउंट बनाया और उस पर आपत्तिजनक चीजे डालनी शुरू की। उक्त व्यक्ति ने इस परिवार की नाबालिग लडकी की फोटो प्राप्त करने के बाद उसकी अश्लील वीडियो ग्रुप में शेयर कर दी। उक्त व्यक्ति ने अश्लील वीडियो पडौसी को भी भेज दी है। जिसमें किशोरी की तस्वीर को एडिट करते हुए आपत्तिजनक रूप से बनाई गई है। जैसे ही परिवार को अपनी बेटी की अश्लील वीडियो मिली तो परिवार शर्मसार हो गया यह मामला शहर कोतवाली तक पहुंच चुका है अब पुलिस यह अंदाजा लगा रही है कि इस मामले में किसी नजदीकी का ही हाथ है।

# दो मुठभेड़ में खरगोश सहित चार बदमाश घायल

## नई मंडी पुलिस ने की कार्रवाई, अवैध असलाह, लूटा गया मोबाइल व बाइक बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी पुलिस ने एक ही दिन में दो मुठभेड करते हुए खरगोश सहित चार बदमाशों को अलग-अलग समय में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चारो घायल बदमाशों को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने इनके कब्जे से अवैध असलाह व जनपद मऊ के व्यापारी से लूटा गया मोबाइल घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामदकर ली है।

जनपद मऊ के गांव ठाकुर मानपुर सराय लखंसी निवासी लक्ष्मण चौहान पुत्र बबलू चौहान ने पुलिस को सूचना देकर बताया था कि बाइक सवार बदमाशों ने जानसठ रोड शेरनगर मार्ग पर छाता फैक्ट्री के निकट मोबाइल व अन्य सामान लूट लिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू की जहां ग्राम सिलाजुड्डी मार्ग पर पुलिस ने संदिग्ध लोगों का पीछा किया और इस दौरान बदमाशों से पुलिस की मुठभेड हो गई। इस दौरान अभिषेक उर्फ खरगोश पुत्र रकम सिंह निवासी अमित विहार कुकडा और सागर पुत्र बबलू पाल निवासी अमित विहार नई मंडी घायल हो गए। पुलिस ने इनके कब्जे से अवैध असलाह और कुछ नगदी बरामद करने का दावा किया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों से कई घटनाओं का खुलासा हुआ है और घायला को अस्पताल पहुंचाया गया।

वही नई मंडी पुलिस और बदमाशों के बीच दूसरी मुठभेड हुई जिसमें पुलिस ने मुठभेड के दौरान घायल हुए अमरपुत्र अनील



निवासी ग्राम भण्डूरा थाना सिखेडा हाल निवासी सुभाषनगर नई मंडी व गुड्डू पुत्र धर्मपाल निवासी अमित विहार कुकडा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से लूट का मोबाइल और अवैध असलाह बरामद किया। पुलिस ने इनके कब्जे से बाइक भी बरामद कर ली है।

# पूर्ति विभाग पर गंभीर आरोप

## डील की बनाई वीडियो, लाखों रुपये मांगने का भी आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पूर्ति विभाग के अधिकारी की रिश्वत की डील का वीडियो वायरल होने से विभाग में हल चल मच गई है। कुछ लोगों ने पूर्ति विभाग के अधिकारी पर सीधे-सीधे रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए इस मामले को ओर सनसनी खेज बना दिया है। इस मामले की शिकायत संबंधित विभाग के उच्च अधिकारी पर पहुंच चुकी है और जनपद के आला अधिकारियों के संज्ञान में भी यह मामला आ चुका है।

बताया जाता है कि पूर्ति विभाग के एक अधिकारी पर यह आरोप लगाया गया है कि दुकानदार को राशन का गेहू/ चावल खरीदने के आरोप में फंसाने की धमकी दी गई। इस एवज में पांच हजार रूपये की रिश्वत मांगी जा रही है। यह भी आरोप लगाया कि पूर्ति विभाग के उक्त अधिकारी ने पैसा लेने के लिए एक व्यक्ति को भेजा। इसी बीच कुछ लोगों ने उक्त व्यक्ति को पकडा जिसके बाद उक्त व्यक्ति ने पूर्ति विभाग के अधिकारी का नाम खोला है। एक ओर मामला भी प्रकाशित हो रहा है जिसमें एक युवक ने पूर्ति विभाग के अधिकारी पर पांच लाख रूपये की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। जहां पीड़ित व्यक्ति ने जहर खाने की चेतावनी भी दी। बताया जा रहा है कि चौहदी पास कराने के नाम पर यहां पर वसूली की जाती है। अमन ने आरोप लगाया कि इस मामले की कई बार शिकायत की गई, लेकिन कार्यवाही को दबा दिया जाता है।

# शनिदेव मंदिर में दानपात्र से चोरी पर बना आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** वहलना के निकट स्थित श्री शनिदेव मंदिर में अज्ञात बदमाशों ने दानपात्र में चोरी कर ली है। श्रद्धालुओं ने जल्द खुलासे की मांग की। घटना के बाद सीओ सिटी और सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र में वहलना के निकट स्थित श्री शनिदेव मंदिर में अज्ञात बदमाशों ने चोरी की घटना की। बताया जाता है कि स्थानीय श्रद्धालु जब मौके पर पहुंचे तो दानपात्र में चोरी हो चुकी थी। कुछ ही देर बाद यहां श्रद्धालुओं की भीड़ इकट्ठा हो गई और लोगों ने इस घटना पर आक्रोश जताया। शिव सेना नेता बिट्टू सिखेडा व अन्य लोगों ने घटना के जल्द खुलासे की मांग की। इस संबंध में भीड ने मंदिर के पुजारी से भी घटना की जानकारी ली। लोगों में इस बात को लेकर गुस्सा था कि मंदिर के निकट विद्युत ट्रांसफार्मर के पास शराब के पैक पाए गए है। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि मंदिर के आसपास असामाजिक तत्व घूमते रहते है और शराब पीकर वह इस तरह की घटना करते है। सूचना के बाद पुलिस तुरंत ही मौके पर पहुंची और यहां इकट्ठा भीड को समझाया। इस सूचना पर सीओ सिटी एएसआईपी सिद्धार्थ के मिश्रा भी मौके पर पहुंचे और उन्होने भी घटना की छानबीन की। उन्होने घटना का जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है।

# वेतन नहीं मिलने से गुस्साए कर्मचारियों ने किया काम बंद

**मुजफ्फरनगर।** जिला अस्पताल महिला एवं पुरुष में आउटसोर्स सफाईकर्मियों ने मानदेय नहीं मिलने पर हंगामा किया। गुस्साए कर्मचारियों ने सफाई कार्य ठप कर धरना शुरू कर दिया। इससे अस्पताल की सफाई व्यवस्था चौपट हो गई। वार्डों के बाहर कूड़े के ढेर लगने से गंदगी पसर गई। अधिकारियों ने कर्मचारियों को समझाकर शांत किया। सीएमओ ने तत्काल मानदेय जारी कराने का भरोसा दिया। स्वास्थ्य विभाग ने सफाई कार्य के लिए एके फैसेलिटी फर्म को ठेका दे रखा है। यह फर्म जिला अस्पताल महिला एवं पुरुष वर्ग में सफाई कराती है। दोनों वर्गों में आउटसोर्स पर लगभग 30 सफाई कर्मचारी रखे हुए हैं। सफाईकर्मी विजय ने बताया कि प्रत्येक कर्मचारी को प्रतिमाह 7200 रुपये का मानदेय मिलता है, लेकिन पिछले दो माह से कंपनी मानदेय नहीं दे सकी है। इससे गुस्साए कर्मचारियों ने बुधवार सुबह की शिफ्ट में काम बंद कर हड़ताल कर दी। वार्डों की सफाई के साथ परिसर से कूड़ा नहीं उठाया। इससे अस्पताल में सफाई व्यवस्था चरमरा गई। सफाई और कूड़ा नहीं उठने से चिकित्सकों के साथ तीमारदार भी परेशान हो गए। सीएमएस डा. संजय कुमार वर्मा ने कर्मचारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे मांग पर अड़ गए। बाद में सीएमओ डा. सुनील कुमार तेवतिया ने सफाईकर्मियों से वार्ता की। कार्यदायी फर्म को मानदेय दिए जाने के निर्देश दिए। सीएमओ ने शीघ्र मानदेय जारी होने का आश्वासन देकर कर्मचारियों को शांत कराया।

उ.प्र. शासन एवं उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त

प्रदेश के निजी क्षेत्र में संचालित संस्थाओं में होम्योपैथिक भैषजिक (फार्मासिस्ट) के दो वर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम हेतु डिप्लोमा इन होम्योपैथिक फार्मेसी प्रवेश परीक्षा 2026-27

1. पैरामेडिकल कॉलेज बघरा मुज़फ्फरनगर मो. 9412113592 सीटें 100

2. बोहती देवी होम्योपैथी फार्मेसी इंस्टीटयूट धोलडा मुज़फ्फरनगर मो 8126268787 सीटें 100

शैक्षिक योग्यता एवम शर्तें-इंटर मीडिएट विज्ञान वर्ग अथवा मान्यता प्राप्त समकक्ष योग्यता इण्टर मीडिएट परीक्षा में सम्मिलित छात्र भी पात्र होगे अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र सक्षम प्राधिकारी से जारी देना होगा। अभ्यर्थी की आयु 31 अगस्त 2026 को 17 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। अन्य विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र प्रशिक्षण केन्द्रो से या वेबसाईड www.pamcutterpradesh.com के द्वारा दिनाँक 31 मई 2026 सायं 5.00 बजे तक 500.00 (परीक्षा शुल्क सहित) नकद अथवा डी.डी.के माध्यम से जमा कर प्राप्त कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा तिथि 26 जुलाई 2026

प्रवेश परीक्षा 2026-27 डी.एच.पी. (संयोजक)

पैरा मेडिकल कालेज बघरा मुज़फ्फरनगर

# उपासना तभी सिद्ध होती है जब वासना छूट जाती हैः मुरारी बापू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** पौराणिक तीर्थ शुकतीर्थ में स्थित श्री शुकदेव आश्रम में जारी राम कथा के पांचवे दिन बिश्व प्रसिद्ध सन्त मोरारी बापू ने प्रभु राम प्रकटोत्सव,दशरथ पुत्र नामकरण,शुकतीर्थ अध्यात्म महिमा,शुकदेव महिमा,धर्म विज्ञान सेवा,ओशो अध्यात्म, भागवत महिमा,राम चरित मानस श्लोक आदि की विस्तार से व्याख्या की।व श्रद्धालुओं के लिखित प्रश्नों का उत्तर व्यास पीठ से दिया।

शुकतीर्थ में भागीरथी प्रवाह श्री मदभागवत प्रवाह के साथ साथ राम कथा के पांचवे दिवस मोरारी बापू ने कथा का शुभारम्भ श्लोक वातात्मजं वानर यूथ मुख्यं श्रीराम इतं शरणं प्रपद्ये।। से करते हुए कहा कि राजा परीक्षित को श्रीमद्‌भागवत कथा श्रवण में शुकदेव भगवान के चरणों में सात दिन बैठकर जो चेतना प्राप्त हुई वह अलौकिक वरदान है। भागवत कथा श्रवण से निरंतर गुण वर्धन होते हैं।और अवगुण समाप्त हो जाते हैं।चेतना जागृत होती है।किंतु जिनका स्वभाव खराब हो उसे कोई कथा नहीं सुधार सकती। जिसकी जीभ ने किसी के निंदा ने की हो।सदैव हरि स्मरण किया हो जिन हाथों ने कभी कोई पाप ने किया। ऐसे व्यक्ति को भागवत श्रवण से परम् सुख की प्राप्ति होना निश्चित है। सात दिनों के सीमित अल्प समय तथा सीमित साधन में शुकदेव भगवान ने परीक्षित का कल्याण किया।सात दोनों के अनुभव में परीक्षित ने सेवा भाव, चेतना जागृति,आत्मसंयम जैसे गुण और विद्याएं प्राप्त की। भागवत कथा के श्रवण से जगत कल्याण के साथ-साथ कान भी साफ हो जातें हैं।बार-बार रामनाम जपना सच्चा कीर्तन है। परमात्मा के चरणों तक जाने के लिए गुरु चरणों के स्पर्श सहित अनेक प्रकार की सेवा करनी पड़ेगी। केवल सेवा ही परमात्मा से मिलने का माध्यम है सच्ची उपासना तभी सिद्ध होती है जब वासना छूट जाती है। जब कथा प्रिय लगने लगती है तो बार-बार सुनने को मन करता है कथा से प्रेम हो जाए यह प्रभु प्रेम की अनुभूति है। भागवत हिंसा का त्याग कराती है।अहिंसा से बढ़कर कोई शस्त्र नहीं हो सकता जहां अहिंसा प्रबल होगी वहां हिंसा स्वयं ही कमजोर हो जाएगी बापू ने कहा जो किसी को दूजा ने समझे वही साधु है यही जादू का अर्थ है यही चमत्कार है परम सत्य की प्राप्ति के लिए सेवा भाव को अपनाना होगा। बापू ने श्लोक सुक सनकादि सिद्ध मुनि जोगी। नाम प्रसाद ब्रह्म सुख भोगी।की व्याख्या में कहा कि भागवत में भगवान का नाम ही मुख्य है नाम प्रसाद ही परम्आनंद का साधन है परम् सुख का साधन है दूसरे को खिलाकर जो सुख मिलता है वह स्वयं के खाने में नहीं है।दूसरों को खिलाकर स्वयं की भूख मिट जाती है।व्यक्ति का मन ही ब्रह्म है।मन को कभी मारना नही चाहिये।मन को मारना हिंसा है। मन को समझो और उसे समझोगे तो कभी उलझोगे नही। मन को मारने की जितनी कोशिश करोगे उतने ही परेशान हो जाओगे इसलिए भीतर की चेतना जगा कर मन को समझाओ।धर्म कभी संकीर्ण नहीं होता वह सभी सेवा कार्यों को अपनाता है। जो विज्ञान सेवा साधन है।वैज्ञानिक जो मानव कल्याण मानव सेवा का कार्य करते हैं वह भी एक प्रकार के मुनि है जो विज्ञान सुख देता है वह जगत कल्याणी है।उसकी आलोचना नहीं करना चाहिए विज्ञान गति देता है अध्यात्म दिशा देता है गलत हाथों में विज्ञान चला गया तो उसकी दुर्गति होगी संसार का विनाश होगा। विज्ञान को स्वीकार कर उसे सही दिशा दें ।

### प्रभु प्राकट्य व नामकरण

मोरारी बापू ने भगवान राम के जन्मोत्सव अलावा भरत, लक्ष्मण, शत्रुघन के जन्म तथा उनके नाम करण की कथा का विस्तार से वर्णन करते हुए गुरु वशिष्ठ व बिवामित्र के यज्ञ की रक्षा करना।ताड़का वध, अहिल्या उद्धार आदि प्रसंग का वर्णन किया।

बापू ने अपने विशेष अंदाज में उर्दू कलाम को भी प्रस्तुत करते हुए कहा बस वही इम्तिहाँ में पास हुए जो तेरे आस पास बैठे थे। हम तेरे गम के पास बैठे थे। दूसरे गम उदास बैठे थे।

## बंगाल चुनाव पर सपा का प्रहारः अतुल प्रधान ने उठाए निष्पक्षता पर सवाल

**खतौली।** ग्राम छछरपुर में आयोजित एक शोकसभा के दौरान समाजवादी पार्टी के नेता अतुल प्रधान ने मीडिया से बातचीत करते हुए पश्चिम बंगाल चुनाव परिणामों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने चुनावी नतीजों को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि इस बार जनमत की लूट हुई है और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पारदर्शिता संदिग्ध नजर आती है। अतुल प्रधान ने कहा कि लोकतंत्र में जनता को स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान का अधिकार होता है, लेकिन इस चुनाव में उस अधिकार को प्रभावित करने की कोशिश की गई। उन्होंने चुनाव आयोग की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि आयोग अपेक्षित निष्पक्षता से काम करता नहीं दिखा। इसके साथ ही मीडिया के एक वर्ग पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि असली मुद्दों से ध्यान हटाकर लोगों को जाति और धर्म के आधार पर भटकाया जा रहा है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयानों पर प्रतिक्रिया मांगने पर अतुल प्रधान ने संयम दिखाया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी एक वरिष्ठ नेता हैं और उनके स्तर के विषयों पर टिप्पणी करना पार्टी नेतृत्व का विषय है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में संभावित गठबंधन को लेकर जब चंद्रशेखर आजाद के साथ सपा के संबंधों और सीटों की मांग पर सवाल पूछा गया, तो अतुल प्रधान ने सीधा जवाब देने से परहेज किया। उन्होंने कहा कि गठबंधन और सीटों के बंटवारे जैसे निर्णय पार्टी का शीर्ष नेतृत्व तय करेगा और उचित समय पर स्थिति स्पष्ट की जाएगी। इस बयान के जरिए प्रधान ने चुनावी प्रक्रिया, प्रशासनिक भूमिका और राजनीतिक माहौल पर सवाल उठाते हुए सियासी हलकों में नई बहस को हवा दे दी है।

# स्वामी श्रीभगवान आश्रम जी महाराज को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पचैंड़ा रोड स्थित मौहल्ला राधिकापुरम में दिव्य ध्यान योग आश्रम में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में आश्रम के प्रमुख स्वामी श्रीभगवान आश्रम महाराज द्वारा लिखित पुस्तक श्आत्म बोध चेतना के पुष्पश के विमोचन कार्यक्रम एवं उनके तृतीय दीक्षा दिवस समारोह की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

इस अवसर पर वरिष्ठ व्यापारी नेता संजय मिश्रा ने आगामी 11 मई को आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन भव्य और आध्यात्मिक वातावरण से परिपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि इस दिन पुस्तक विमोचन कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहेगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। आज की बैठक में स्वामी श्रीभगवान आश्रम महाराज को सम्मानित भी किया गया। बैठक में क्षेत्र के कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे, जिनमें के.के. शर्मा, पंडित ;षभदेव शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, डॉ. संदीप शर्मा, रमन शर्मा, रवि शर्मा, संजय गौतम, सतेंद्र शर्मा, गोपाल शर्मा, नितिन कुमार और पंकज शर्मा सहित अन्य श्रद्धालु शामिल रहे। आश्रम में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है।

## मॉम एंड मी स्कूल में येलो डे का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** मॉम एंड मी स्कूल में आज प्ले ग्रुप और प्री-नर्सरी के बच्चों के लिए पीला दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने पीले रंग के कपड़े पहनकर विद्यालय में भाग लिया। कक्षाओं को पीले गुब्बारों, फूलों और चित्रों से सजाया गया। शिक्षकों ने बच्चों को पीले रंग के महत्व, प्रकृति में उसकी पहचान और सूर्य, नींबू, केला आदि से जुड़ी बातें समझाईं। विभिन्न गतिविधियों में बच्चों ने पीले रंग की वस्तुओं की पहचान की, गीत गाए और क्राफ्ट वर्क किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में रंगों की पहचान कराना और रचनात्मकता को बढ़ावा देना था। विद्यालय प्रबंधन ने सभी अभिभावकों और शिक्षकों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# न्यू मैक्स हास्पिटल का शुभारंभ



**बुढ़ाना।** कस्बे में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देते हुए बुधवार को हिंडन नदी पुल के पास न्यू मैक्स अस्पताल का शुभारंभ हुआ। अस्पताल का उद्‌घाटन युवा रालोद जिलाध्यक्ष गज्जू पठान ने फीता काटकर किया। अस्पताल परिसर तिरंगे गुब्बारों, गुलाबी परदों व फूलों से सजाया गया था। अस्पताल संच. ालक एमबीबीएस डॉक्टर मोहम्मद साकिब ने बताया न्यू मैक्स अस्पताल पंजीकृत है। यहां रात दिन आपातकालीन सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। हस्पताल मे आईसीयू, एनआईसीयू, जनरल वार्ड, पैथोलॉजी लैब, ईसीजी, एंबुलेंस व 24 घंटे ऑक्सीजन की सुविधा मरीजों को मिलेगी। बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मोहतराम त्यागी बीएएमएस पूर्व आरएमओ नुतेमा अस्पताल मेरठ ने बताया कि यहां नवजात शिशुओं के लिए एनआईसीयू व फोटोथेरेपी मशीन जैसी आधुनिक सुविधाएं हैं। खांसी, बुखार, निमोनिया, पीलिया, दस्त समेत बच्चों की सब बीमारियों का भी इलाज होगा। अस्पताल में नॉर्मल व ऑपरेशन डिलीवरी, पित्त की थैली व नसों की बीमारियों का इलाज होगा। रालोद जिलाध्यक्ष गज्जू पठान ने कहा बुढ़ाना को ऐसे अत्याधुनिक अस्पताल की जरूरत थी। इससे गरीब व मध्यम वर्ग को सस्ता व सुलभ इलाज मिलेगा। डॉक्टरों की टीम अनुभवी है। उम्मीद है क्षेत्र की जनता को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को बधाई दी। यहां बाबा मोमीन हसन, सपा नेता वसीम राणा, इस्लाह सिद्दीकी, नूरुद्दीन सिद्दीकी, अमजद, मुस्तुफा आदि मौजूद रहे।

## चाय की दुकान पर अवैध शराब बेचता युवक गिरफ्तार

**रामराज।** थाना क्षेत्र के ग्राम अल्लुवाला में पुलिस ने अवैध शराब बेचने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान बृजेश कुमार उर्फ बिट्टू पुत्र देर सिंह निवासी ग्राम अल्लुवाला के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर उसका चालान कर दिया है पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली थी कि गांव में एक चाय की दुकान पर अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। जांच के दौरान पाया गया कि आरा. ेपी अपनी चाय की दुकान के जरिए अवैध शराब का कारोबार कर रहा था। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के घर की तलाशी ली, जहां से दो दर्जन से अधिक अवैध शराब की बोतलें बरामद की गईं। बरामदगी के आधार पर पुलिस ने तत्काल आरोपी को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी है और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सतर्क है।

# सिविल जज अमित यादव का हुआ मिलन समारोह

**बुढ़ाना।** बुधवार को नव नियुक्त सिविल जज जूनियर डिवीजन बुढ़ाना अमित यादव के सम्मान में बार आफिस मे मिलन समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में सिविल जज ने स्पष्ट कहा कि उनकी नजर में जूनियर व सीनियर अधिवक्ता में कोई भेद नहीं है। न्यायालय में सब अधिवक्ताओं को बराबर सम्मान दिया जाएगा। बार एसोसिएशन बुढ़ाना द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सिविल जज अमित यादव ने कहा कि बार व बेंच का उद्देश्य एक समान है। दोनों का लक्ष्य पीड़ित पक्ष को सुलभ, सस्ता व त्वरित न्याय दिलाना है। इसके लिए बार व बेंच के बीच बेहतर समन्वय व आपसी सम्मान बेहद जरुरी है। उन्होंने अधिवक्ताओं से निष्पक्ष न्याय व्यवस्था में सहयोग की अपील की। यहां अधिवक्ताओं व कार्यकारिणी पदाधिकारियों का सिविल जज से परिचय हुआ। सिविल जज ने कहा कि युवा अधिवक्ता न्याय व्यवस्था की रीढ़ हैं। उन्हें सीनियर अधिवक्ताओं से भी सीखना चाहिए। तहसीलदार महेंद्र सिंह ने सिविल जज अमित यादव से शिष्टाचार भेंट कर परिचय आदान प्रदान किया। उन्होंने न्यायिक व प्रशासनिक समन्वय से जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर बल दिया। अध्यक्षता बुढ़ाना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेशपाल सिंह वर्मा व संचालन महासचिव सुभाष राठी ने किया। यहां अशोक कुमार, संजय त्यागी, वीरेंद्र सिंह, राहुल वर्मा, मनोज, फिरोज, शाहनवाज कुरैशी, प्रवेश, मौहम्मद मियां, कृष्णा त्यागी, संजीव पंवार, आदित्य मौजूद थे।

# 9 मई को भारतीय किसान यूनियन तोमर करेगी पंचायत



**मीरापुर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने गांव सिकंदरपुर में एक पंचायत कि जहां संगठनों से जुड़े किसानों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर और उनकी साथ आये किसानों का ढोल नगाड़ों और फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया पंचायत में भारी संख्या में किसानों ने मांग लिया संगठन के चीफ चौधरी संजीव तोमर ने सभी किसानों कि समस्याओं को सुना किसानों ने बताया कि बिन मौसम कि बारिश से किसानों कि फसलों का भारी नुक्सान हुआ लेकिन अभी तक शासन प्रशासन को कोई भी शुद्ध नहीं है कि किसानों का भारी नुक्सान हो गया है लेकिन अभी तक सरकार ने भी कोई मुआवजा कि घौषणा नहीं कि है हम सरकार से मांग करते हैं कि सरकार खेतों का शर्वे कर जो फसलों का नुकसान हुआ है उसकी भरपाई करें साथ साथ क्षेत्र के किसानों ने कहा गर्मी बहुत ज्यादा पड़ रही जिसके चलते किसानों को अपनी फसलों में पानी के लिये खेतों कि बिजली 18 घंटे उपलब्ध होनी चाहिए और रजवाहो में टेल तक पानी छोड़ा जाए जिसकी किसानों अपनी फसलों कि सिंचाई करने में परेशानी का सामना ना करना पड़े बाद मोजूद किसानों ने बताया है कि मीरापुर टोल प्लाजा पर आये दिन किसानों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है और यहां तक मार-पिटाई कि जाती है किसानों ने बताया है कि टोल प्लाजा पर लोकल लड़के रहते हैं जिसके चलते आये दिन लड़ाई झगडे होते हैं चौधरी संजीव तोमर ने ऐलान कर दिया है कि 9 मई को मीरापुर टोल प्लाजा पर कार्यकारिणी प्रदेश प्रभारी अजय त्यागी के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन होगा और पंचायत के बाद अब्दुल शमद को ब्लाक सचिव नियुक्त किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी अजय त्यागी आशु चौधरी शिराजू शानू मेहरबान सोनू मुजफ्फर जब्बार खालिद आश मोहम्मद शाहरुख ढांसरी तसव्वुर आदि मौजूद रहे।

## स्मार्ट मीटर को लेकर विभाग लाया गुड न्यूज

**बुढ़ाना।** स्थानीय विद्युत ग्रह के जेई शिव कुमार ने बुधवार की देर सायं एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बतलाया कि सभी स्मार्ट प्रीपेड मीटर उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि मासिक बिल व्यवस्था लागू हो जाने से अब स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को भी पहले की तरह एक माह बाद बिजली का बिल जमा करना होगा। हर महीने रीडिंग के आधार पर बिल जारी किया जाएगा। किसी भी उपभोक्ता की बिजली लाइन केवल एडवांस बैलेंस नही होने के कारण नहीं काटी जा रही है। अगर आपके मीटर में एडवांस राशि है तो लाइन चालू रहेगी। महीने का बिल आने के बाद निर्धारित तिथि तक भुगतान अवश्य कर दें ताकि असुविधा से बचा जा सके। उपभोक्ता अपने मीटर या विद्युत विभाग के ऐप पोर्टल पर जाकर अपना बकाया व रिचार्ज बैलेंस चेक कर सकते हैं। किसी भी भ्रम या अफवाह से बचें। अधिक जानकारी के लिए अपने बुढाना क्षेत्र के उपखंड अधिकारी या बिजलीघर से संपर्क करें। यह व्यवस्था उपभोद्राओं की सुविधा के लिए की गई है। समय पर बिल जमा कर विभाग का सहयोग करें।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

हमारा भाई मौ0 दिलशाद पुत्र इमरान अली हमारे और अन्य परिवार वालो के कहने सुनने से बाहर है और झगडा फसाद रखता है, मैं अपनी माता खुर्शीदा बेगम व भाई इरशाद अली, मौ. नौशाद, गुफरान अली, चाचा कुरबान के साथ हंसी खुशी रह रहा हूं और आपस में हमारे मधुर संबंध है। हमारा भाई मौ0 दिलशाद नशे का आदी है, हमे इससे अपनी जान माल का खतरा है। इसकी गलत हरकतों से परेशान होकर हमने इससे सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं भविष्य में इसके किसी भी कृत्य व लेन देन के लिए मैं या माता,चाचा व अन्य भाईयों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। परिवार वालो का मौ0 दिलशाद से कोई सम्पत्ति विवाद भी नहीं है, क्योंकि मौ0 दिलशाद को उसका हिस्सा दिया जा चुका है।

**मौ. फुरकान अली पुत्र**
**मौ. इमरान अली**
**निवासी- म.नं. 743 /52**
**रहमतनगर**
**थाना खालापार,**
**जिला मुजफ्फरनगर**

# मुजफ्फरनगर राउंड टेबल 346 की शिक्षा क्षेत्र में सराहनीय पहल



**मुजफ्फरनगर।** शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल करते हुए मुजफ्फरनगर राउंड टेबल 346, द्वारा एक महत्वपूर्ण सामाजिक परियोजना का शुभारंभ किया गया, जो कि राउंड टेबल इंडिया की एक सक्रिय शाखा है। संस्था द्वारा स्वयं संकलित निधि (सेल्फ रेस्ड एफटीई प्रोजेक्ट) के अंतर्गत उच्च प्राथमिक विधालय, खानोपुर, मंसूरपुर, विकास खंड खतौली, जिला - मुजफ्फरनगर में 3 कक्षाओं एवं 1 शौचालय ब्लॉक के निर्माण हेतु भूमि पूजन समारोह विधिवत संपन्न हुआ।इस अवसर पर संस्था के सभी सदस्यों अंकित गुप्ता (चेयरमैन), सुलभ गोयल (वाइस चेयरमैन), शोभित गर्ग (सचिव), दीपांशु प्रकाश (कोषाध्यक्ष), अभिषेक सोबती (पूर्व चेयरमैन), अभिनव स्वरूप, प्रसून अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, शिवाँग कुच्छल, अनंत बंसल, श्रेय गोयल, अंकुर गोयल, अभिषेक पाल. ीवाल, अर्चित गर्ग, वैभव अग्रवाल, व्योम अग्रवाल, मो. हित गर्ग, मोहित मित्तल, अंशुल बंसल, अंशुल अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, अर्पित गर्ग, गौतम भाटिया, अनिकेत गोयल और टेबल की महिलाओ की भी उपस्थिति रही। यह परियोजना संस्था का पहला स्वयं संकलित निधि से किया जा रहा कार्य है, जो उनके समर्पण, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संस्था के सदस्यों ने बताया कि यह पहल फीडम थ्रू एजुकेशन (एफटीई) के उद्देश्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परियोजना से विधालय के विधार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा, जिससे उनके समग्र विकास में सहायता मिलेगी।कार्यक्रम के अंत में मौजूद सभी स्कूल के छात्रों बच्चों को मिठाई का वितरण किया गया व सभी सदस्यों ने भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक कार्यो को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# एसबीआई की सामाजिक पहलः परिषदीय स्कूलों में बढ़ी सुविधाएं

**खतौली।** खतौली ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सराहनीय पहल की है। बुधवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र भैंसी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विद्यालयों को वाटर कूलर, वॉटर प्यूरीफायर और फर्नीचर वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय कार्यालय मुजफ्फरनगर के मुख्य प्रबंधक सुधीर कुमार मौजूद रहे।

उनके साथ एसबीआई खतौली शाखा प्रबंधक दिशा महाजन, क्षेत्रीय प्रबंधक सचिन कुमार, भैंसी शाखा प्रबंधक पूजा मेहरा और मेरठ से प्रबंधक अमित कुमार ने भी सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल द्वारा अतिथियों के स्वागत और सरस्वती माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। संच. ालन सोविंदर कुमार (मुजाहिदपुर) ने किया।इस अवसर पर एसबीआई की ओर से प्राथमिक विद्यालय अंबरपुर, अहमदगढ़, मढकरीमपुर, गंगधारी समेत कई विद्यालयों को वॉटर प्यूरीफायर उपलब्ध कराए गए। वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय रायपुर नंगली, भूपखेड़ी, कानूनगोयान, सठेड़ी रोड खतौली, पलड़ी, पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय नावला और शिव संस्कृत विद्यालय थानेश्वर महादेव को भी इस सुविधा से जोड़ा गया।इसके अलावा संस्ख्रत विद्यालय थानेश्वर, प्राथमिक विद्यालय मुजाहिदपुर और उच्च प्राथमिक विद्यालय कानूनगोयान को फर्नीचर प्रदान किया गया। प्राथमिक विद्यालय सादपुर में बच्चों के लिए भोजन शेड का निर्माण भी एसबीआई द्वारा कराया गया है।

कार्यक्रम में नोडल संकुल शिक्षक कुलदीप जैन, विनोद कुमार, धर्मेंद्र, अनु मोघा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। समापन अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी पंकज अग्रवाल ने एसबीआई अधिका. रियों को शॉल व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सीएसआर फंड के माध्यम से किया गया यह सहयोग विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। भविष्य में भी ऐसे प्रयास शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देंगे।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र सार्थिक त्यागी मुझे छोडकर अपनी माता श्रीमति अनिता के साथ चला गया था और तभी से वह अपनी माता अनिता, नाना मिंटू, नानी कमलेश के साथ रहता है। सार्थिक त्यागी गलत संगत में पड़ गया है। उसकी हरकतो से तंग व परेशान होकर मैंने व अन्य परिवारजनों ने सार्थिक त्यागी से अपने समस्त पारिवारिक रिश्ते पूरी तरह खत्म कर इसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि वह किसी से कोई लेन-देन -झगडा अथवा गैर कानूनी कार्य करता है तो इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवारजनों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**मांगेराम पुत्र कालूराम**
**निवासी - 864 जनकपुरी**
**थाना सिविल लाइन**
**तहसील सदर**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरा नाम रिजवान सलमान (RIZWAN SALMAN) था। मैने अपना नाम बदलकर सही नाम सलमान मुजफ्फर SALMAN MUZAFFAR रख लिया। अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए सही नाम से जाना जायेगा।

**सलमान मुजफ्फर पुत्र रिजवान**
**मुजफ्फर निवासी 15 खामपुर**
**खुड्डा थाना छपार**
**जिला मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र स. 1217/05.12.18 मे गलती से माता का नाम अपेक्षा अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक नाम 'अपेक्षा कुमारी' है तथा भविष्य मे भी इसी नाम से जाना जायेगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**अपेक्षा कुमारी पत्नी सुमित**
**कुमार, 60/600 अवध विहार**
**मुजफ्फरनगर**

# आईआईटी रुड़की में इंटर्नशिप को सनातन धर्म कॉलेज के विद्यार्थियों का चयन




**मुजफ्फरनगर।** कॉलेज के आईटी विभाग के लिए यह अत्यंत गौरव एवं हर्ष का विषय है कि बीसीए अंतिम वर्ष के पाँच प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन देश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान आईआईटी रुड़की में इंटर्नशिप हेतु हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में कशिश नारंग, अंशुल पाल, सुहानी सिंघल, तनिषा एवं कृष्णा बेदी शामिल हैं। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से महाविद्यालय एवं विभाग का नाम गौरवान्वित हुआ है।

यह विशेष अवसर आईटी विभाग के प्रयासों एवं समन्वय से विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया गया, जिसके अंतर्गत विभाग ने विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन, जानकारी एवं आवश्यक सहयोग प्रदान किया। आईटी विभाग के समर्पित शिक्षकों के सतत प्रयास एवं विद्यार्थियों की मेहनत के परिणामस्वरूप उन्हें यह सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है।इस इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को उन्नत तकनीकी विषयों, नवीनतम सॉफ्टवेयर टूल्स तथा शोध आधारित कार्यों पर कार्य करने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके व्यावहारिक ज्ञान एवं तकनीकी दक्षता में अभूतपूर्व वृद्धि होगी। साथ ही, उन्हें उद्योग एवं अकादमिक जगत की वर्तमान आवश्यकताओं और नवीन प्रवृत्तियों की गहन समझ भी विकसित करने का अवसर प्राप्त होगा।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार पुंडीर जी ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों की व्यक्तिगत सफलता है, बल्कि पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि अन्य विद्यार्थी भी इससे प्रेरणा लेकर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होंगे।आईटी विभागाध्यक्षा सुश्री सोनाक्षी धीमान ने भी विद्यार्थियों की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि विभाग निरंतर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं उद्योगोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।विद्यार्थियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन, परिवार के सहयोग एवं अपनी निरंतर मेहनत को दिया। उन्होंने बताया कि आईआईटी रुड़की जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में इंटर्नशिप करना उनके लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो उनके करियर को नई दिशा प्रदान करेगा।महाविद्यालय परिवार ने सभी चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहित, पुत्रः राम निवास, निवासीः ग्राम कसाली, थाना चरथावल, जिला मुजफ्फर नगर, उत्तर प्रदेश** ने **FIR No.: 1003/2020, Dated.: 02/12/2020, U/s: 380 IPC, पुलिस थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहित** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली** के अभियुक्त **मोहित** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 27.06.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री शशांक नंदन भट्ट
जेएमएफसी-02, पश्चिम, कमरा नंबर 356, तृतीय तल,
तीस हजारी कोर्ट, नई दिल्ली

DP/5925/WD/2026

**NAME CHANGED**

I, ANURAG GOEL S/O NARENDRA KUMAR GOEL R/O Abha Kunj Gali No- 2, Naya Lal Bagh, Pachenda Road, Sarwat Muzaffarnagar 251001 have Changed my Name "ANURAG GOYAL" to "ANURAG GOEL" for all Purposes in Future.

**सूचना**

मैने अपना नाम कु.सोनम (KM. SONAM) से बदलकर सोनम त्यागी (SONAM TYAGI) कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम सोनम त्यागी (SONAM TYAGI) से जाना व पहचाना व पुकारा जाये।

**सोनम त्यागी पत्नि श्री नितिन**
**त्यागी निवासी मकान नम्बर**
**474/84 पुलिस चौकी के पास**
**साकेत नौर्थ सिविल लाईन**
**मुजफ्फरनगर**

# बिहारीपुर में उत्सव भवन को लेकर हंगामा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** तहसील क्षेत्र के बिहारीपुर गांव में प्रस्तावित पंचायत उत्सव भवन के लिए जमीन खाली कराने पहुंची प्रशास. निक टीम को बुधवार को कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। जैसे ही बुलडोजर ने चिन्हित भूमि पर कार्रवाई शुरू की, दर्जनों महिलाएं उसके सामने खड़ी हो गईं और काम रुकवा दिया, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। प्रशासन और पुलिस बल की मौजूदगी में कुछ देर तक हालात तनावपूर्ण रहे, लेकिन बाद में महिला पुलिसकर्मियों और अधिकारियों ने समझाइश कर मामला शांत कराया।

जानकारी के अनुसार, प्रदेश सरकार की योजना के तहत ग्राम पंचायत बिहारीपुर में करीब 3000 गज जमीन पर लगभग 1 करोड़ 54 लाख रुपये की लागत से आधुनिक सुविधाओं वाला उत्सव भवन बनाया जाना प्रस्तावित है। इस भवन का उपयोग गांव के लोग शादी-विवाह, मुंडन और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के लिए कर सकेंगे।

वहीं, विरोध कर रही महिलाओं का कहना है कि वे पिछले 50-60 वर्षों से इस जमीन का उपयोग उपले ढ्ढकंडेऋ बनाने और बिटौड़े रखने के लिए करती आ रही हैं। अचानक जमीन खाली कराने की कार्रवाई से उनकी आजीविका प्रभावित होगी। उन्होंने प्रशासन से पहले वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराने की मांग की। ग्रामीणों ने इस दौरान ग्राम प्रधान



पर भी नाराजगी जताई और आरोप लगाया कि गांव में पहले से बना बारात घर बदहाल स्थिति में है। उनका कहना है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद उस भवन की ठीक से देखरेख नहीं हुई, यहां तक कि उसमें गेट तक नहीं लगाया गया। तहसील प्रशासन का कहना है कि प्रस्तावित उत्सव भवन को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा, जिससे ग्रामीणों को कम लागत में बेहतर आयोजन स्थल मिल सकेगा। साथ ही अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी पक्षों को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जेई विपिन राठी पर रिश्वतखोरी का आरोप

## भाकियू ने टोडा बिजलीघर पर शुरु किया अनिश्चितकालीन धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** टोडा बिजलीघर के जेई विपिन राठी पर रिश्वतखोरी व किसानों को परेशान करने का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन ने बुधवार को बुढ़ाना ब्लॉक के ग्राम टोडा स्थित 33/11 केवी बिजलीघर पर अनिश्चितक. ालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। भाकियू ने ऐलान किया है कि 13 मई को इसी बिजलीघर पर विद्युत विभाग के खिलफ़ महाप. ंचायत होगी। समाचार लिखे जाने तक धरना जारी था। प्राप्त जानक. ारी के अनुसार बुधवार सुबह भाकियू पदाधिकारियों की बैठक समीपवर्ती गांव कल्याणपुर में चल रही थी। बैठक के दौरान मौजूद कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में शिकायत की कि टोडा बिजलीघर के जेई विपिन राठी किसानों के जायज काम भी बिना रिश्वत के नहीं करते और बेवजह परेशान करते हैं। आरोप है कि कनेक्शन, ट्रांस्फार्मर बदलने व बिल ठीक कराने के नाम पर अवैध वसूली की जाती है। शिकायतें सुनते ही भाकियू जिला महासचिव अनुज बालियान व तहसील अध्यक्ष संजीव पंवार ने बैठक बीच में समाप्त कर तुरंत आंदोलन का फ़ैसला लिया। इसके बाद सैकड़ों किसान कई ट्रैक्टर ट्रॉलियों में सवार होकर सीधे टोडा बिजलीघर पहुंच गए और परिसर पर धरना देकर बैठ गए। धरना स्थल पर किसानों ने विद्युत विभाग व जेई विपिन राठी के खिलफ़ जमकर नारेबाजी की। मंच से ऐलान किया गया कि जब तक जेई का दिमाग ठीक नहीं होता और किसानों का शोषण बंद नहीं होता धरना अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा। यूनियन ने सभी कार्यकर्ताओं से रात के कपड़े, बिस्तर व मच्छरदानी लेकर धरनास्थल पर पहुंचने को कहा है। भाकियू के बुढ़ाना ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर प्रधान और बुढाना भाकियू नगर अध्यक्ष इसरार ने कहा कि पदा. धिकारियों के निर्देश पर 13 मई को टोडा बिजलीघर पर विद्युत विभाग के खिलफ़ महापंचायत होगी। इसमें हजारों किसान आएंगे और आगे की रणनीति तय होगी। किसान जेई को हटाने व लिखित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में जेई विपिन राठी से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे बात नही हुई। देर शाम तक बिजलीघर पर किसानों का जमावड़ा लगा रहा। किसानों ने वहीं लंगर शुरू कर दिया और रात भर धरने पर डटे रहने की तैयारी कर ली। यहां भाकियू बुढ़ाना नगर अध्यक्ष इसरार, विकास त्यागी प्रधान, अंकुर बालियान, अमित प्रधान, आशु राणा, सुल्हा चौधरी, लविश जांगिड, अरुण, अनुज प्रधान, प्रविंदर खोखर, ऋषिपाल, हाकम चौधरी, मुन्ना लोई, विरेंद्र, बाबा वीर सिंह, मांगेराम मौजूद थे।

# चेयरमैन ने 9 नगरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को भेंट की व्हील चेयर

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप के द्वारा नगर पालिका परिषद की ओर से जनसेवा के हितार्थ 9 नगरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को व्हीलचेयर प्रदान की गई। इस अवसर पर पालिका मुख्यालय टाउन हॉल परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालि. का अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप और विशिष्ट अतिथि के रूप में सीएमओ डॉ. सुनील तेवतिया मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि नगर पालिका परिषद सदैव जनहित एवं स्वास्थ्य सेवाओं के सुख्ढ़ीकरण के लिए कार्य करती रही है। उन्होंने कहा कि मरीजों एवं जरूरतमंद लोगों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना हम सभी की प्राथमिकता है। भविष्य में भी स्वास्थ्य विभाग को जो भी सहयोग आवश्यक होगा, नगर पालिका परिषद निरंतर उसके लिए शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्रों में सहयोग का कार्य करती रहेगी।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया ने नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य विभाग के नगरीय केंद्रों पर आने वाले मरीजों एवं वरिष्ठ नागरिकों को व्हीलचेयर उपलब्ध होने से काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका द्वारा स्वास्थ्य विभाग को दिया गया यह सहयोग सराहनीय है तथा इससे आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में सहायता मिलेगी।

नगर पालिका परिषद द्वारा सहयोग और बेहतर व्यवस्था के लिए शहर के नौ स्वास्थ्य इकाईयों के रूप में साउथ सिविल लाइन, आदर्श कालोनी, गांधीनगर, वहलना, अलमासपुर, गोकुल सिअभ, जनकपुरी, बसंत विहार और अवध विहार में चल रहे नगरीय आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में यह व्हील चेयर उपलब्ध कराई गई हैं। कार्यक्रम का संचालन नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय प्रताप शाही



द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ एवं सुविधाजनक बनाने के लिए सभी विभागों का समन्वय आवश्यक है। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी डॉ. गीतांजलि वर्मा, अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर प्रवीन पाल तथा अश्वनी कुमार सहित अन्य अधिक. ारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अधिकारियों ने गन्ना सर्वे कार्य का किया निरीक्षण

**बुढ़ाना।** आगामी पेराई सत्र की तैयारियों के मद्देनजर बुधवार को जिला गन्ना अधिकारी संजय सिंह सिसोदिया व ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बुढ़ाना संजय सिंह ने चीनी मिल भैसाना के मिल गेट क्षेत्र में चल रहे गन्ना सर्वे कार्य का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने गांव कसेरवा व लुहसाना समेत आसपास के क्षेत्रों में सर्वे टीमों के कार्यों का मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान जिला गन्ना अधिकारी ने सर्वे टीम के सदस्यों व संबंधित गन्ना अधिकारियों संग बैठक कर कार्य की प्रगति जानी। उन्होंने सर्वे कार्य में पारदर्शिता व शुद्धता बरतने के कड़े निर्देश देते हुए कहा कि एक भी पात्र किसान का रकबा सर्वे से न छूटे व गलत प्रविष्टि भी ना हो। यहां अधिकारियों ने खेतों में खड़ी गन्ना फसल का भी गहन निरीक्षण किया। कीट व रोग से प्रभावित खेतों का विशेष रुप से अवलोकन कर मौके पर मिले किसानों को टॉप बोरर, पोक्का बोइंग, लाल सड़न, कनुआ रोग के लक्षण, उनके



समुचित नियंत्रण के उपाय बताए। जिला गन्ना अधिकारी ने किसानों को वक्त पर ट्राइकोडर्मा, क्लोरो व फिप्रोनिल का प्रयोग करने की सलाह दी। यहां भैसाना चीनी मिल के यूनिट हेड चंद्रवीर सिंह, केन डेवलपमेंट हेड डीएस सिरोही, गेट इंचार्ज अनिल सिंह, गन्ना अधिकारी कमल मलिक समेत मिल व विभाग के कई कर्मचारी रहे। जिला गन्ना अधिकारी ने कहा कि सर्वे कार्य 30 जून तक पूरा कर लिया जाएगा। किसान खेत पर रहकर सर्वे टीम को पूरी जानकारी दें ताकि पर्ची निर्गमन में दिक्कत न आए।

## संक्षिप्त समाचार

### जानलेवा हमले में घायल व्यक्ति ने तोड़ा दम, हत्या को लेकर रोष

**भोपा।** टुयुबवैल पर सो रहा भोपा निवासी व्यक्ति जानलेवा हमले में घायल हो गया था।घायल की दौराने उपचार मेरठ अस्पताल में मौत हो गयी।मौत की सूचना से कश्यप समाज मे रोष व्याप्त हो गया।हत्या पर कड़ा रोष जताते हुए ग्रामीणों ने पंचायत कर अरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सहित मुआवज़े की मांग तहसील अधिकारियों से की है।पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया है।तथा तहसीलदार ने हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया।

भोपा थाना व गांव निवासी महिला शीतल ने थाने पर दी तहरीर में बताया की उसका पति अजय 40 वर्ष मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था बीते 22 अप्रैल की शाम वह खेत में भूसे आदि का काम निपटाकर टड्ूबवेल पर ही सो गया।आरोप है कि तभी वहां अथाई निवासी युवक शुभम आया और अजय के सिर में ईंट मार कर घायल कर दिया। राहगीर ने फोन द्वारा इसकी जानकारी पत्नी शीतल को दी। घायल अजय कश्यप को उपचार के लिए भोपा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भोपा ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार किया गया।हालत बिगड़ने पर अजय को मेरठ अस्पताल में भतह्व कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।अजय की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया।तथा कश्यप समाज मे रोष व्याप्त हो गया।ग्रामीणों ने गांव स्थित शीतला माता मंदिर परिसर में पंचायत कर अरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई व मुआवज़े की मांग नायब तहसीलदार बृजेश कुमार से मुआवजे की मांग की।मृतक अजय कश्यप अपने पीछे पत्नी शीतल बेटी वर्षा, चिंकी, रूही, श्रेया व बेटे अनमोल को छोड़ गया है। थाने पर पहुंचे ग्रामीण महेंद्र कश्यप, अनुज कश्यप, अर्जुन, आशीष कश्यप, संजीव हाजीपुर, कुलदीप, शंकर, अंकित, सोनू आदि ने मृतक के परिवार के लिए प्रशासन से मुआवजे की मांग की है। क्षेत्रधिकारी देवव्रत वाजपेयी ने बताया कि मृतक की पत्नी की तहरीर के आधार अरोपी शुभम के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।अरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। देर शाम थाने पर पहुंची तहसीलदार जानसठ श्रद्धा गुप्ता ने मृतक के परि. जनों को हर सम्भव सहायता का आश्वासन दिया।

### कुटेसरा चरथावल मार्ग कब होगा गड्ढामुक्त

**चरथावल।** चरथावल से कुटेसरा मार्ग पूरी तरह गड्ढायुक्त हो चूका है। कुछ दिन पूर्व जहाँ इस मार्ग के गढ़ढ़ो को भरा गया थास लेकिन यह मार्ग फिर से पूरी तरह गड्ढायुक्त हो चूका हेस यह मार्ग कुटेसरा से होकर अम्बेहता शेखा वाया देवबन्द जाता हे और सहारनपुर हाइवे से जुड़ जाता हे जिस कारण इस चरथावल कुटेसरा मार्ग पर वाहनों का काफ़ी आवगमन रहता हे वही चरथावल, बिरालसी, दुधली, चौकड़ा, मथुरा, बलवाखेड़ी आदि अनेको गांव के किसान जहाँ देवबन्द चीनी मिल को गन्ना सप्लाई करते हे जिस कारण क्षेत्र के अधि. कतर किसान गन्ने से जुडी समस्या को लेकर भी देवबन्द मिल मे जाने के कारण और अन्य क्षेत्रवासी इस मार्ग पर बड़ी संख्या मे गुजरते हे पिछले दिनों जरूर मीडिया की सुर्खिया बनने के बाद गत वर्ष कुटेसरा चरथावल मार्ग के गढ़ढ़ो को भरकर इस मार्ग की मरम्मत का कार्य किया गया था गढ़ढे भरने से पहले जहाँ मार्ग की जर्जर हालत थी और थोड़ी थोड़ी दुरी पर ही जगह-जगह गहरे गढ़ढ़े थे जिस कारण आए दिन इन गड्ढें की वजह से वाहन चालक दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं। बाइक, स्कूटी से लेकर भारी वाहन तक इन गड्ढो में फंस कर पलट जाते हैं थे जहाँ गढ़ढ़े भरने के बाद मात्र कुछ दिन बाद ही यह मार्ग फिर मब गढ्ढायुक्त हो गया और अब इस मार्ग की हालत यह हे की थोड़ी थोड़ी दुरी पर गढ़ढ़े बने हुए हे वही रोड से गुजरने वाले राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता हे और मार्ग से गुजरना दुभर हो गया हे और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा हे और क्या गढ़ढ़े भरने वाले किस ठेकेदार द्वारा यह कार्य किया गया था और ऐसा किस किस्म का कार्य था की मात्र चार पांच माह भी यह मार्ग सही नहीं चल पायास कार्य करने वाली फर्म के खिलाफ क्या कार्यवाही होंगी यह तो भविष्य के गर्भ मे हे लेकिन इस मार्ग पर बहुत ही घटिया किस्म की सामग्री ठेकेदार द्वारा लगाई गयी हे जोकि कुछ माह भी सही से नहीं चल पायी ठेकेदार के खिलाफ क्षेत्र मे भारी रोष हे और उसके खिलाफ क्या कार्यवाही होंगी या फिर वही लीपापोती होंगी यह तो भविष्य के गर्भ मे हे लेकिन इस सड़क के निर्माण मे भारी खामिया देखने को मिल रही हे और मात्र छ माह भी सड़क न चलना और छ माह से पहले ही सड़को का खराब होना ठेकेदार द्वारा चरथावल कुटेसरा मार्ग के गढ़ढ़े भरने मे किस स्तर की सामग्री का उपयोग हो रहा हे यह खुद ब खुद बयान हो रहा हेस कारण चाहे कुछ भी हो लेकिन सड़को के निर्माण मे जमकर घटिया सामग्री का इस्तेमाल कर खूब बंदर बाट किया जा रहा है।

# आज कलेक्ट्रेट कर्मी ऑनलाईन करेंगे जनगणना की स्व-गणना

**मुजफ्फरनगर।** मुख्य विकास अधिकारी कंडारकर कमल किशोर देशभूषण की अध्यक्षता में जनगणना 2027 के संबंध में जिला पंचायत सभागार में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी विभाग के अधिकारियों से कहा कि वर्ष 2021 में जनगणना होनी संभावित थी, लेकिन कोरोना कॉल के कारण वह जनगणना संपन्न नहीं हो पाई थी जो अब 2027 के नाम से शुरू होने जा रही है। उन्होंने बताया कि जनगणना का पहला चरण जो पूरी तरह डिजिटल बनाया गया है। उन्होंने समस्त अधिका. रियों से कहा कि 33 प्रश्नों का जवाब मांगा जाएगा जिसमें पहला दूसरा तथा तीसरा छोड़कर चार नंबर से अपनी सूचनाएं सही ढंग से प्रदर्शित करे, जब प्रगणक आप यहां आए तो अपने द्वारा सेल्फ इनोमरेशन एसई आईडी दीक्षा देने से डाटा डाटा कम समय में सही फीड में सहायता मिल सकेगी। अपर जिला अधिकारी एफ एंड आर गजेंद्र कुमार ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि जनगणना 2027 में अपना स्वयं सैल्फ इनोरमेशन करें और विभाग के अन्य अधिकारियों /कर्मचारियों को भी सेल्फ इनोमरेशन कराए। पूरे जनपद को 14 क्षेत्रों में बांटा गया है और इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।

उन्होंने यह भी जानकारी दी की 7 मई से 21 मई तक प्रतिदिन गणना के लिए सरकारी व गैर सरकारी, समाज के विभिन्न वर्गो जैसे जनप्रतिनिधि मीडिया पर्सन, संस्थाएं, पुलिस और अर्ध सैनिक बल, वकील न्यायिक अधिकारी की तरह सभी वर्गो का समावेश किया गया है और सभी वर्गो के लिए अलग-अलग तारीख निर्धारित की गई है। दिनांक 7 मई को कलेक्ट्रेट कुर्मी, राजस्व कर्मी जीएसटी, स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी विभागों निर्धारित की गई है, सभी अधिकारी self Enumeration अवश्य करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से से कहा कि कहीं पर किसी को कोई परेशानी हो अथवा इस पूरे सिस्टम से किसी को भी कोई तकलीफ हो तो वह सीधे गौरव झा के मोबाइल नंबर 9504541986 पर संपर्क जानकारी ले सकते हैं और यथा संभव वह परेशानी दूर की। इस अवसर पर नगर में मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर, तहसीलदार सभी संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हरिद्वार से चली धन सिंह कोतवाल पदयात्रा का स्वागत

**मुजफ्फरनगर।** 1857 की क्रांति के जननायक वीर शहीद धन सिंह कोतवाल गुर्जर के सम्मान में निकाली जा रही पदयात्रा का यहां पहुंचने पर स्वागत किया गया। हरिद्वार की हरकी पौड़ी से शुरू हुई यात्रा का नेतृत्व कर रहे भारतीय किसान यूनियन इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि 1857 की क्रांति की शुरुआत मेरठ से हुई थी, जिसमें धन सिंह कोतवाल गुर्जर की महत्वपूर्ण भूमिका थी। उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल फूंका, जिससे स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा मिली। हालांकि, उन्हें अभी तक वह सम्मान नहीं मिला जिसके वे हकदार हैं।यह पदयात्रा हरकी पौड़ी से गंगाजल लेकर निकाली गई है। 10 मई को मेरठ के गांव पांचली पहुंचकर धन सिंह कोतवाल की प्रतिमा का अभिषेक किया जाएगा। पदयात्रियों ने केंद्र सरकार से उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करने, दिल्ली में उनकी भव्य प्रतिमा स्थापित करने और गांव पांचली को शहीद ग्राम घोषित करने की मांग की है। मेरठ के गांव पांचली तक जाएगी। रास्ते भर अलग-अलग जिलों में लोगों का समर्थन मिल रहा है।भारतीय किसान मजदूर संयुद्र मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी शाह आलम ने अपने समर्थकों के साथ पदयात्रियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया।

# पीएम किसान सम्मान निधि के लिए भटकता किसान

**बुढ़ाना।** ग्राम राजपुर छाजपुर के एक किसान ने एडीओ पंचायत पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने जब वह ख्रषि विभाग आफिस पहुंचा तो एडीओ पंचायत ने न सिर्फ उसका आवेदन लेने से इंकार कर दिया बल्कि गाली गलौज कर दफ्तर से बाहर निकाल दिया। परेशान किसान ने एसडीएम आफिस को शिकायत देकर न्याय की मांग की है। दुष्यन्त पुत्र धर्मपाल निवासी गांव राजपुर छाजपुर ने एसडीएम आफिस को बताया कि उसकी ख्रषि भूमि गांव राजपुर छाजपुर में है। वह पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने का पात्र है। इसके लिए उसने पूरे दस्तावेज सत्यापित करा लिए। बुधवार को वह पूरे कागजात लेकर ख्रषि विभाग आफिस पहुंचा। वहां मौजूद एडीओ पंचायत ने कहा हम तुम्हारी पीएम सम्मान निधि का लाभ नहीं बना सकते तुम तहस. ीलदार से मिलो। जब उसने वजह पूछी तो एडीओ पंचायत ने गाली गलौज कर उसे दफ्तर से बाहर निकाल दिया। एडीओ ने ये भी कहा तुम मेरी कहीं शिकायत कर लो मेरा कुछ नहीं बिगड़ेगा। दुष्यन्त ने अधिकारी के इस व्यवहार से आहत होकर सब दस्तावेज फाड़ दिए। अब वह दर दर भटकने को मजबूर है। किसान ने एसडीएम से दोषी अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने व उसे योजना का लाभ दिलाने की मांग की है। वहीं सोशल मीडिया पर किसान द्वारा गुस्से में आकर पेपर्स फाड़ने का एक वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत जनजागरूकता रैली का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र दिनांकित 08.01.2026 के द्वारा 9 मई द्वितीय शनिवार को जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करने हेतु आदेशित किया गया है, जिसके अनुपालन में जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार दीवानी न्यायालय परिसर में न मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसके संबंध में जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिरेन्द्र कुमार सिंह, द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर रवि कुमार दिवाकर, राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट सं0-3, डॉ. सत्येन्द्र कुमार चौधरी, सिविल जज (सी.डि.) / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मई को दीवानी न्यायालय परिसर वाहय न्यायालय बुढाना, ग्राम न्यायालय जानसठ, ग्राम न्यायालय खतौली तथा कलक्ट्रेट में किया जायेगा। जिसमें आपरा. धिक, 138 एन.आई.



एक्ट, बैक रिकवरी, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिका, टेलीफोन, बिजली एवम् पानी के बिल, वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण, राजस्व वाद, तथा सिविल वादों का निस्तारण किया जायेगा। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिरेन्द्र कुमार सिंह, विष्णु चन्द्र वैश्य, अपर जिला जज कोर्ट सं0-1. , रवि कुमार दिवाकर नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत /अपर जिला जज फास्ट ट्रैक कोर्ट सं0-3, डॉ. सत्येन्द्र कुमार चौधरी, सिविल जज (सी.डि.) / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, व जनपद न्यायालय मके समस्त न्यायिक अधिकारिगण उपस्थित रहे।

### एसपी सिटी ने किया थाना सिखेडा का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** पुलिस अधीक्षक नगर अमृत जैन ने थाना सिखेडा का वार्षिक निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान द्वारा थाना सिखेडा पर मिशन शक्ति केन्द्र को गहनता से जाँचा परखा गया इसके बाद थाना कार्यालय, मालखाना, बंदी गृह, संतरी पहरा, कम्प्यूटर कक्ष, विवेचक कक्ष, साइबर हेल्प डेस्क, शौचालय, स्नानघर, मेस, स्वच्छ पानी की उपलब्धता, अग्निशमन यंत्रों आदि का निरीक्षण करते हुए मालखाने में रखे शस्त्रों की साफ-सफाई व रख-रखाव तथा थाना कार्यालय में रखे अभिलेखों का बारिकी से निरीक्षण किया गया। उन्होंने त्यौहार रजिस्टर, चुनाव रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, टॉप-10 अपराधियों की सूची का अवलोकन कर अपराधियों पर और अधिक प्रभावी कार्यवाही करने एवं नये सिरे से टॉप-10 अपराधियो को चिन्हित कर वैधानिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

# महिलाओं ने किया पालिका का घेराव

**खतौली।** रेलवे रोड स्थित श्यामपुरी कॉलोनी में आवारा कुत्तों के बढ़ते आतंक ने स्थानीय लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। बुधवार को इस समस्या से परेशान महिलाओं का सब्र टूट गया और उन्होंने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। महिलाओं ने पालिका का घेराव कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द कार्रवाई की मांग उठाई। प्रदर्शनकारी महिलाओं का कहना है कि कॉलोनी में लंबे समय से आवारा कुत्तों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। कई कुत्ते आक्रामक हो चुके हैं और आए दिन राहगीरों, खासकर बच्चों पर हमला कर रहे हैं। सुबह और शाम के समय स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए हालात बेहद डरावने बने हुए हैं। गली-मोहल्लों में खेलते बच्चों पर कुत्तों के झुंड हमला कर देते हैं, कई अभिभावक बच्चों को खुद स्कूल छोड़ने को मजबूर हैं, जिससे उनकी दिनचर्या भी प्रभावित हो रही है। , लेकिन हर बार सिर्फ आश्वासन ही मिला है। कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश लगातार बढ़ रहा है।प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने मांग की कि



विशेष अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़ा जाए और कॉलोनी में नियमित निगरानी की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी समस्या दोबारा न हो। इस दौरान महिलाओं ने बंदरों के बढ़ते उत्पात पर भी नाराजगी जताई। उनका कहना है कि बंदर घरों में घुसकर नुकसान पहुंचा रहे हैं और कई बार लोगों पर हमला भी कर चुके हैं, जिससे बच्चों और बुजुर्गों में डर का माहौल है। घेराव में अंजू, सीमा, रेनू, बीना, मिथलेश, सुंदरी, नीतू और आशा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगी।

वहीं, पालिका अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही टीम भेजकर कुत्तों को पकड़ने की कार्रवाई शुरू की जाएगी और समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

# सड़क वाली मस्जिद के पास लगा वाटर कूलर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भीषण गर्मी में राहगीरों व नमाजियों को शीतल जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर पंचायत बुढ़ाना द्वारा सड़क वाली मस्जिद के पास नया वाटर कूलर फ्जि लगाया गया।

इस जनहित के कार्य के लिए मस्जिद कमेटी ने नगर पंचायत अध्यक्षा उमा त्यागी का आभार जताया। लोगों ने बताया कि सड़क वाली मस्जिद कस्बे के कांधला रोड पर स्थित है। यहां रोजाना सैकड़ों नमाजी व राहगीर आते जाते हैं। भीषण गमह्व में ठंडे पानी की व्यवस्था न होने से लोगों को परेशानी होती थी। वाटर कूलर लगने से अब नमाजियों के साथ जनता, रिक्शा चालकों व मजदूरों को भी बड़ी राहत मिलेगी। वार्ड 13 के सभासद इमरान कुरैशी ने कहा कि हम नगर पंचायत अध्यक्षा उमा त्यागी का शुक्रिया अदा करते हैं। उन्होंने हमारी मांग को गंभीरता से लेते हुए वाटर कूलर लगवाया। ये सराहनीय कार्य है। गर्मी में ठंडा पानी किसी अमृत से कम नहीं। इस बारे में नगर पंचायत अध्यक्षा उमा त्यागी ने कहा कि नगर पंचायत का प्रयास है कि कस्बे के सब सार्वजनिक स्थलों, धार्मिक स्थलों व बाजारों में लोगों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था हो। सड़क वाली मस्जिद पर वाटर कूलर की मांग काफी समय से आ रही थी जिसे पूरा कर दिया गया है। आगे भी जहां जरुरत होगी वहां सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। मस्जिद के इमाम, कमेटी के सदर, नायब सदर व बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत अध्यक्षा के इस कदम की सराहना की।

शाह टाइम्स
स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# लोक अदालत प्रचार वाहन को न्यायधीश ने दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आगामी 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन जनपद न्यायालय शामली स्थित कैराना में किया जाएगा। जिसके लिए बुधवार को जनपद में गाडियों द्वारा प्रचार प्रसार के लिए रैली को रवाना किया गया।



आगामी 09 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार और सफल आयोजन को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष इंदरप्रीत सिंह जोश ने कैराना में जागरूकता प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जनपद न्यायाधीश इंदरप्रीत सिंह जोश ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत आमजन को त्वरित, सस्ता और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने का प्रभावी माध्यम है। प्रचार वाहनों के जरिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को लोक अदालत के महत्व, इसके लाभ तथा लंबित मामलों के आपसी सुलह- समझौते से निस्तारण के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आगामी 09 मई 2026 को द्वितीय शनिवार के अवसर पर आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद भर में दो लाख से अधिक मामलों के निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लोक अदालत में वाहन चालान, बिजली चोरी, बैंक ऋण, पारिवा. रिक विवाद, दीवानी वाद तथा राजस्व संबंधी समझौता योग्य मामलों का निपटारा किया जाएगा। जनपद न्यायाधीश ने आमजन से अपील की कि जिनके मामले न्यायालयों में लंबित हैं, वे लोक अदालत में पहुंचकर आपसी सहमति से अपने विवादों का निस्तारण कराएं और त्वरित न्याय का लाभ उठाएं। यह अभियान राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशों के तहत संचालित किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अधिक से अधिक लोगों से राष्ट्रीय लोक अदालत में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है। इस दौरान ब्रिजेश कुमार शर्मा (प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय), नवीन कुमार सिंह (अपर सत्र न्यायाधीश, कैराना), अशोक भारतेन्दु (अपर सत्र न्यायाधीश, पोक्सो), सुरेन्द्र कुमार राय (अपर सत्र न्यायाधीश, एससी/एसटी), मती ऋतु नागर (नोडल अधिकारी लोक अदालत/अपर सत्र न्यायाधीश त्वरित न्यायालय), अक्षयदीप यादव (मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/ सचिव डीएलएसए), अन्य न्यायिक अधिकारी व बार एसोसिएशन कैराना अध्यक्ष ईशपाल सिंह एवं अधिवक्तागण मौजूद रहें।

## हसनपुर लुहारी गांव में नाली का टूटा चेनर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी के मुहल्ला नया बांस में नाली पर रखा चेनर वर्षो पहले टूट गया था, लेकिन आज तक उसका न निर्माण कराया न ही उसको मरम्मत कराया गया।

टूटे चेनर में फंसकर के जहां आए दिन हादसे हो रहे हैं, वहीं स्थानीय लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शमशाद अंसारी ने बताया कि नाली के ऊपर चेनर न होने के कारण दोपहिया वाहन चालक अक्सर संतुलन खोकर गिर जाते हैं। इसके अलावा मकानों के पास से ट्रैक्टर-ट्रॉली व अन्य वाहनों के मुड़ने में भी काफी दिक्कत होती है।

## एक नजर......

### चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर पूर्व केंद्रीय मंत्री और किसान नेता स्व. चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से हवन-पूजन के साथ हुआ, जिसमें क्षेत्र की सुख-समृद्धि, किसानों के कल्याण और संगठन की उन्नति की कामना की गई। इसके बाद पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष चौधरी वाजिद अली ने कहा कि चौधरी अजीत सिंह का पूरा जीवन किसानों, मजदूरों और वंचित वर्ग के अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित रहा। उनका संघर्ष, सादगी और दूरदर्शिता आज भी प्रेरणास्रोत है।क्षेत्रीय अध्यक्ष तरसपाल मलिक ने कहा कि उनकी विचारधारा संगठन की सबसे बड़ी ताकत है और उसी मार्गदर्शन में किसानों के सम्मान की लड़ाई मजबूत होगी। सदर विधायक प्रसन्न चौधरी ने कहा कि उन्होंने राजनीति को जनसेवा का सशक्त माध्यम बनाया और समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का काम किया। थानाभवन विधायक अशरफ अली खान ने कहा कि चौधरी साहब ने सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को बढ़ावा दिया, जो आज भी समाज को जोड़ने की प्रेरणा देता है। पूर्व विधायक राव वारिस ने कहा कि उन्होंने किसानों की समस्याओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाया और विकास को सही दिशा दी। वहीं योगेंद्र सिंह चेयरमैन ने उनके सरल व्यक्तित्व और जनसेवा के प्रति समर्पण को प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम में डॉ. विक्रांत जावला, सो. हनपाल, सतबीर पंवार, बाबूराम पंवार, राजेंद्र वर्मा, देशराज भनेड़ा, विकास धीमान, विजय कौशिक, अरविंद झाल, रजनीश कोरी, ब्रजवीर एडवोकेट, वेदपाल गहलोत, उमेश पंवार, अरविंद पंवार, विश्वप्रताप, सनोज चौधरी, ओमवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

### पिकअप की टक्कर में बाइक चालक की मौत पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव भैसानी इस्लामपुर निवासी अय्यूब पुत्र मंजूरा ने पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया कि उसका धेवता नसीम पुत्र हसीन निवासी गांव नूनावड़ी थाना बड़गांव जिला सहारनपुर उनके पास रहता था दिनांक 3 अप्रैल को समय 7रू30 बजे शाम को गांव भैसानी इस्लामपुर से थाना भवन की तरफ जा रहा था जैसे ही वह मसाबी नहर पुलिया राजकीय इंटर कॉलेज के पास पहुंचा तभी ख्याबड़ी की ओर से आ रही पिकअप गाड़ी ने बड़ी तेजी व लापरवाही से आकर धेवते की मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी जिसमें नसीम व उसके साथ बैठे फैजान को गंभीर चोट पहुंची। दुर्घटना के बाद दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थाना भवन पर ले जाया गया। जिसमें नसीम की रास्ते में ही मौत हो गई। जबकि फैजान का शामली हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। प्रार्थी ने आरोपी पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की।

### तेज बारिश के बाद सड़क पर फैली गंदगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार की रात मौसम के अचानक खराब होने, तेज हवाओं के साथ बारिश व ओलावृष्टि के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पडा। तेज बारिश के कारण शहर की कई कालोनियों व मुख्य मार्गो पर जलभराव भी हो गया जिस कारण नालियों की गंदगी सडकों पर आ गयी। शहर के मौहल्ला पंसारियान, गौशाला रोड, नेहरु मार्किट, कबाडी बाजार सहित कई स्थानों पर बुधवार की सुबह भी गंदगी के कारण आने जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा। शहर की नेहरु मार्किट में दुकानदारों को खुद ही सडक पर फैली गंदगी को साफ करना पडा। दुकानदारों का कहना था कि नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों के न आने के कारण उन्हें खुद ही गंदगी साफ करनी पडी। दूसरी ओर तेज बारिश के कारण शहर के मौहल्ला आर्यपुरी के निकट नाला पटरी पर एक जगह सडक भी धंस गयी जिससे सडक निर्माण में गुणवत्ता की भी पोल खुल गयी।

### मिशन शक्ति 5.2 के तहत महिलाओं-बालि. काओं को किया जागरूक,

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण को लेकर मिशन शक्ति फेज 5.2 के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया। यह अभियान पुलिस अधीक्षक शामली व अपर पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार तथा थानाभवन प्रभारी निरीक्षक थाना थानाभवन के नेतृत्व में आयोजित किया गया।अभियान के दौरान मिशन शक्ति टीम की महिला हेड कांस्टेबल पूनम और महिला हेड कांस्टेबल गीता द्वारा कस्बा थाना भवन में बालिकाओं व महिलाओं को जागरूक किया गया। इस दौरान तीन नए आपराधिक कानूनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और बताया गया कि कैसे दण्ड से न्याय की ओर की सोच के साथ ये कानून महिलाओं को अधिक सशक्त बनाएंगे।इसके अलावा महिलाओं को साइबर क्राइम, धोखाधड़ी, छेड़खानी, बाल अपराध जैसे विषयों पर सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया गया। टीम ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की भी जानकारी दी, जिनमें 1090 वूमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन और 108 एंबुलेंस सेवा, तथा आदि योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, योजना समूह विवाह, ऑपरेशन सवेरा, के अंतर्गत जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया।

### बिना अनुमति नहीं बदला जाएगा कोल्ड चेन में तैनात आईओ का कार्यभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ब्लॉक स्तर पर संचालित कोल्ड चेन में कार्यरत आईओ, इम्यूनाइजेशन ऑफिसर,का कार्यभार अब मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी की अनुमति के बिना नहीं बदला जाएगा। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी की ओर से जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देश जारी किए गए हैं।जारी पत्र में कहा गया है कि ब्लॉक स्तर पर संचालित कोल्ड चेन में कार्यरत आईओ को कार्यभार ग्रहण करने से पहले जनपद स्तर पर कार्यरत विभिन्न पार्टनर एजेंसियों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे उन्हें कोल्ड चेन और वैक्सीन ऐप के संचालन में दक्ष बनाया जा सके।सीएमओ कार्यालय के अनुसार वर्तमान में राज्य स्तर से प्राप्त दिशा-निर्देशों के क्रम में जनपद में संबंधित पार्टनर एजेंसियां संचालित नहीं हैं। ऐसे में नए आईओ को कोल्ड चेन एवं वैक्सीन ऐप से संबंधित प्रशिक्षण उपलब्ध कराना संभव नहीं हो पा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए निर्देश जारी किए गए हैं कि ब्लॉक स्तर पर पहले से कार्यरत आईओ का कार्यभार बिना अनुमति के न बदला जाए। साथ ही सभी चिकित्सा अधीक्षकों को आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# गोविंद की हत्या में दो हिरासत में लेकर हुई पूछताछ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** लक्ष्मीपुरा के 18 वर्षीय युवक गोविंद की डीजल से जलाकर हत्या करने के मामले में जांच टीमों ने संदिग्ध मानतें हुए दो लोगो को हिरासत मे लेकर पूछताछ की है। एसपी शामली ने युवक की हत्या के खुलासे को आधा दर्जन टीमो को लगाया हुआ है। लेकिन कोई ठोस जानकारी पुलिस टीमो के हाथ नही लगी है। पुलिस की टीमें मृतक के परिजनों से जानकारी जुटाकर कडियो को जोडने मे लगी है। वही दूसरी ओर मंगलवार की देररात्रि को मृतक का शव गांव मे पहुँचा तो कोहराम मच गया। पुलिस सुरक्षा के बीच रात्रि मे ही करीब साढे ग्यारह बजे अन्तिम संस्कार कर दिया गया।

चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव लक्ष्मीपुरा निवासी आईटीआई छात्र गोविंद पुत्र सुखबीर की हत्या करने के बाद डीजल से जलाकर शव को कुएं मे फेंक दिया गया था। सुबह के समय खेतो मे काम करने गये किसानों ने शव को कुए मे देखकर पुलिस को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने शव को कुए से निकालकर जांचोपरांत पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। रात्रि मे पोस्टमार्टम के बाद शव गांव मे मृतक के घर पहुँचा तो को. हराम मच गया। रात्रि करीब साढे ग्यारह बजे शव का अन्तिम संस्कार कर दिया गया।

गोविंद की निर्मम हत्या के खुलासे के लिए एसओजी शामली,सर्विलास,झिंझाना थाने से अलग अलग टीमो के साथ आधा दर्जन टीमें लगी है। बुधवार को जांच टीमों ने मृतक के परिजनो से मिली जानकारी के आधार पर दो लोगो को हिरासत मे लिया और पूछताछ की। देरशाम तक दोनो लोग हिरासत मे रहे। लेकिन कोई ठोस सबूत नही मिल सका। टीमें हत्या के खुलासे मे तेजी करते हुए अधिक से अधिक लोगो से पूछताछ करने मे लगी है ताकि हत्या के सभी पहलूओं पर पहुँचकर स्पष्ट खुलासा किया जा सके।

## महिला पुलिस की आमद से बढी थी खुलासे की उम्मीद

चौसाना। लक्ष्मीपुरा व चौसाना के लोगो को जांच टीमो द्वारा हिरासत मे लेने के बाद तत्काल से चौसाना चौकी पर महिला पुलिसकर्मियों को बुलाया गया। महिला पुलिसकर्मियों की आमद से लोगो को उम्मीद जगी थी कि घटना का खुलासा हो सकेगा। लेकिन शाम होते होते उम्मीद कम होती चली गई।

## गिरफ्तारी की मांग को पुलिस चौकी पहुँचें ग्रामीण

चौसाना। गोविंद की हत्या के मामले मे बुधवार की सुबह सात बजे मृतक के परिजनो के संग सैक्डो की संख्या मे ग्रामीण टैक्टर-ट्राली मे भरकर चौसाना चौकी पहुँचें और पुलिस ने त्वरित कार्यवाही की मांग करते हुए हत्यारोपियों को पकडने की मांग की गई। लोगो की भीड को देखकर चौसाना पुलिस प्रभारी संदीप यादव ने परि. जनो को 24 घंटे मे खुलासे का आश्वासन देकर शांत किया था।

## व्हाट्सऐप की प्राईवेट चैट पर टिकी पुलिस की निगाहें

चौसाना। मृतक गोविंद जिस खाट पर सो रहा था। उसी खाट से पुलिस ने गोविंद का मोबाईल बरामद किया था। जिसमें व्हाट्सऐप को खोला गया तो एक नम्बर की संदिग्ध चौट मिली है। जिसमें लॉक लगाया गया है। एसओजी ने नीजि चौट को खोलने का प्रयास किया तो चौट नही खुल सकी। इसके बाद मोबाईल की चौट का लॉक खोलने को विशेषज्ञो को भेजा जा रहा है।

# बारिश व ओलावृष्टि को लेकर डीएम से मिला भाकियू का प्रतिनिधिमंडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को डीएम आलोक यादव से भेंटकर मंगलवार को हुई ओलावृष्टि से किसानों को हुए नुकसान पर चिंता व्यक्त करते हुए डीएम से सर्वे कराकर पीडित किसानों को मुआवजे की मांग की।

जानकारी के अनुसार बुधवार को भाकियू टिकैत के एक प्रतिनिधिमंडल ने डीएम आलोक यादव से उनके कार्यालय में भेंट की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि मंगलवार को हुई बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को काफी नुकसान हुआ है जिस कारण उन्हें आर्थिक हानि भी उठानी पडी है। प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से किसानों की फसलों का सर्वे कराकर उन्हें मुआवजा दिए जाने की मांग की। डीएम ने एसडीएम ऊन को सर्वे कर तीन दिन में अपनी रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। जिसके बाद ही किसानों के हुए नुकसान का आंकलन कर मुआवजा दिया जाएगा। इस अवसर पर पूर्व युवा जिलाध्यक्ष आशीष चौधरी, देशपाल सिंह, बूटा चौधरी, गौतम पंवार, कविता चौधरी, प्रभात मलिक, इंतजार प्रधान, बिल्लू राणा, विनय राठी, मुकम्मिल पहलवान, पुष्पेन्द्र मान, निर्मल शर्मा, नवाब अली, राजीव आदि भी मौजूद थे।

## रेलवे फाटक खुलते ही बिगड़ी व्यवस्था, लगा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिले के लोगों को जाम से निजात नहीं मिल पा रही है। शहर के धीमानपुरा रेलवे फाटक के पास मंगलवार को भी लंबा जाम लगा रहा, जिससे वाहन चालकों से लेकर दुकानदारों तक को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बुधवार दोपहर जैसे ही दिल्ली से सहारनपुर की ओर जाने वाली ट्रेन गुजरने के बाद फाटक खुला, वाहनों को आगे निकालने की होड़ मच गई। देखते ही देखते धीमानपुरा रोड से लेकर शिव चौक और गुरुद्वारा तक लंबा जाम लग गया। जाम के कारण लोगों को काफी देर तक फंसे रहना पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह यातायात को नियंत्रित कर जाम खुलवाया। एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि कई बार वाहन चालक नियमों का उल्लंघन करते हुए जल्दबाजी में एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश करते हैं, जिससे जाम की स्थिति बनती है। ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

# रोडवेज बस डिपो व आधुनिक रोडवेज बस स्टैंड की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने डीएम आलोक यादव से मुलाकात कर उन्हें शामली में रोडवेज बस डिपो व आधुनिक रोडवेज बस स्टैंड की स्थापना कराए जाने की मांग की, साथ ही शहर में जलभराव के साथ अन्य समस्याओं के समाधान की भी मांग की।



जानकारी के अनुसार बुधवार को संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने डीएम आलोक यादव से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष घनश्यामदास गर्ग ने कहा कि शामली में रोडवेज डिपो व आधुनिक रोडवेज बस स्टैंड की मांग को लेकर संगठन द्वारा 6-7 सालों से व्यापार बंधु की बैठक में इस मामले को उठाया जा रहा है लेकिन अभी तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। उन्होंने बताया कि शामी से लगभग तीन किलोमीटर दूर खेडी बैरागी में 6320 वर्ग मीटर भूमि 47 लाख रुपये में खरीदकर विभाग के नाम रजिस्ट्री करा ली गयी थी लेकिन शामली से निकले बाइपास में इस भूमि से लगभग 647 वर्ग मीटर भूमि चले जाने से रोडवेज डिपो का मुद्दा फिर लटक गया जबकि यह भूमि आज भी रोडवेज डिपो के लिए उपयुक्त एवं उपलब्ध है, इसलिए इस भूमि में रोडवेज डिपो बन जाना चाहिए ताकि क्षेत्र के नागरिकों को लंबे रूट की बसें मिलने में सुविधा हो। उन्होंने कहा कि शहर के अजंता चौक पर चल रहे रोडवेज बस अढे की भूमि कम पड़ने के कारण रोडवेज की बसें स्टैंड के बाहर ही खड़ी रहती है इस कारण वहां जाम के हालात बने रहते हैं। शामली में रोडवेज बसों का आधुनिक रोडवेज बस अढे के निर्माण हेतु अजंता चौक व विजय चौक के बीच प्राइवेट बस अढे की नगर पालिका की 8 बीघा जमीन उपयुक्त है, जहां आधुनिक बस अढा बनाया जा सकता है। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने शामली के बीचो-बीच बहने वाले नाले की नीचे लेवल तक सफाई कराए जाने की मांग की क्योंकि बरसात के दिनों में आर्यपुरी, सीबी गुप्ता कॉलोनी, नाला पटरी, कबाड़ी बाजार, नेहरू मार्केट आदि में जल भराव हो जाता है जिस कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पडता है। प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से समस्याओं के समाधान की मांग की। इस अवसर पर सुभाष चंद्र धीमान, सूर्यवीर सिंह, रवि संगल, अमित गर्ग, महेश धीमान, ऋषभ जैन आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

## दो पक्षों के बीच मारपीट का वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांधला थाना क्षेत्र की नई बस्ती में मामूली विवाद को लेकर पड़ोसी दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। विवाद के दौरान लाठी-डंडे चलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।नई बस्ती निवासी नौशाद और फहमीद पड़ोसी हैं। बुधवार को किसी मामूली बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों ओर से मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान लाठी-डंडे भी चले। मौके पर मौजूद किसी व्यक्ति ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। घटना के बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की भी जांच की जा रही है। जांच का उचित कार्रवाई की जाएगी।

## एक्सप्रेसवे पर बस संचालन व इंटरचेंज पर बस स्टैंड की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय किसान यूनियन प्रगति के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अमित मलिक के नेतृत्व में लखनऊ पहुंचकर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर उत्तर प्रदेश परिवहन की बसों का संचालन शुरू कराने और शामली-करनाल, शामली-मुजफ्फरनगर व सहारनपुर इंटरचेंज पर बस स्टैंड बनाए जाने की मांग की गई। मांगों के पूरा होने से यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी और लंबी दूरी की यात्रा आसान होगी।

# स्वामी स्वरूपानंद गिरि का 78वां जन्मोत्सव मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के मंदिर ठाकुर द्वारा स्थित गीता सत्संग भवन में संत स्वामी आनंद स्वरूपानंद गिरि का 78वां जन्मोत्सव धार्मिक भक्त समाज द्वारा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लेकर संकीर्तन और भजन-कीर्तन के माध्यम से गुरु महिमा का गुणगान किया।



कार्यक्रम की शुरुआत महिला मंडली द्वारा भद्रि भाव से संकीर्तन के साथ हुई। इस दौरान नीलम, संगीता, ममता और सुषमा सहित कई महिलाओं ने भजनों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। देर शाम पुरुष वर्ग ने भी भजन-कीर्तन कर कार्यक्रम में नई ऊर्जा भर दी। भजन गायक आनंद चंचल ने हारमोनियम की मधुर धुनों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं मोहन लाल ने ढोलक पर संगत कर माहौल को और अधिक जीवंत बना दिया। श्रद्धालु भजनों पर भावविभोर होकर झूमते नजर आए। इस अवसर पर संत स्वामी आनंद स्वरूपानंद गिरि ने फोन के माध्यम से श्रद्धालुओं को आशीर्वचन दिए और उन्हें धर्म मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। पुरुष वर्ग में डक्क राकेश पाराशर, उत्तम नारंग, रमेश, संजय मित्तल, जित. ेंद्र, ललित संगल और आनंद चंचल ने भी भजनों के जरिए गुरु महिमा का वर्णन किया। अशोक बहादुर गोयल ने संत स्वरूपानंद गिरि द्वारा क्षेत्र में किए जा रहे धार्मिक जनजागरण कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं। समाज के संचालक एवं सचिव डा. राकेश पाराशर ने बताया कि समाज की स्थापना संत स्वरूपानंद गिरि द्वारा वीतराग परमहंस दयानंद गिरि के सिद्धांतों के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से की गई थी। नगर प्रति. निधि विजय गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पूरे उत्साह के साथ आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर डा. मधुसूदन, डा. अशोक विश्वास, मीडिया प्रभारी प्रेम चंद वर्मा, श्रीभगवान मित्तल, मनीष संगल, गोपाल मित्तल, पत्रकार सलेक चंद वर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

**सूचना**

मेरा पुत्र समीर व पुत्रवधु आयशा गलत संगत में पड़ गए है और हमारे कहन-सुनन से बाहर है तथा मेरे व मेरे परिवार के साथ मारपीट करते है। जिसके चलते मै अपने पुत्र समीर, पुत्रवधु आयशा व पौत्र अली को बेदखल करते हुए से संबंध विच्छेद करती हूं।

**खुशनूदा पत्नी मौ० शाहिद निवासी मौहल्ला रेत्ती कस्बा थानाभजवन जनपद शामली।**

**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कैराना, कांधला, ऊन, झिंझाना, थानाभवन, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरियता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**

**( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )**

**मो. 8630354443, 9897943340**

**कार्यालय पताः- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# लोगों को साथ जोड़कर भव्य बनेगा अभियान:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शामली आलोक यादव की अध्यक्षता में आज पत्रकार बंधुओ के साथ जनगणना -2027 के संबंध में प्रेस वार्ता आयोजित की गई। आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जिलाधिकारी ने स्वगणना की प्रक्रिया, इसकी अनिवार्यता तथा तकनीकी पहलुओं के संबंध में विस्तृत एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। पत्रकार वार्ता के दौरान जिला. धिकारी आलोक यादव ने जनगणना-2027 की महत्ता को समझाते हुए सभी प्रकार के लोगों को जोड़कर इस अभियान को पूरी भव्यता के साथ सफल बनाया जाएगा। प्रेस वार्ता के दौरान बताया गया स्व-गणना कैसे करेंरू- स्व-गणना पोर्टल https-//se-census-gov-in अपने मोबाईल / कम्प्यूटर से स्व-गणना पोर्टल पर जाएं।, मोबाईल नम्बर से से पंजीकरण करे और व्ज्च प्राप्त करें।,स्व- गणना पोर्टल पर अपने घर को टैग करें।,अपने परिवार की जानकारी सही भरें।

जानकारी की जाँच करें और सबमिट करें।आपकी दी गई सभी जानकारी पूरी तरह सुरक्षित और गोपनीय है। स्व-गणना से होने वाले लाभः- सही आँकडो से बनती है, बेहतर योजनाएँ और नीतियाँ, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, आवास पेयजल, सडक आदि सुविधाओं के विकास में सहायक।,आपके जिले और




आपके क्षेत्र के सर्वागीण विकास में मददगार। आपकी भागीदारी, आपके परिवार और आपके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण।-समय अवधि- स्व- गणना की अवधि। दिनांक 07 मई 2026 से 21 मई 2026 तक। मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य अवधि। 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक। शामली जिले में कुल चार्ज-13,नगरीय चार्ज- 10 (चार्ज अधिकारी अधिशासी अधिकारी होते है। ग्रामीण चार्ज-03 (चार्ज अधिकारी तहसीलदार होते है। ,स्व-गणना में पूछे जाने प्रश्नः-स्व-गणना के तहत कुल 34 प्रश्नों का जबाव देना होगा, जैसे परिवार के मुखिया का नाम, परिवार के पास उपलब्ध कमरों की संख्या, जनगणना मकान की स्थिति, पेयजल का मुख्य स्त्रोत, प्रकाश का मुख्य स्त्रोत, शौचालय की सुलभता, कार/जीप/वैन आदि प्रश्न पूछे जायेगें। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल और पेपरलेस के माध्यम से कराई जाएगी। प्रेस वार्ता के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सत्येन्द्र सिंह,अपर जिलाधिकारी न्यायिक सोहनलाल सहित पत्रकार बंधु मौजूद रहें।

# साइबर अपराधों की रोकथाम को लेकर जिला अस्पताल में चलाया अभियान

**☐ आदर्श मंडी की साइबर टीम द्वारा ऑनलाइन ठगी, ओटीपी साझा न करने के लिए किया प्रेरित।**

**☐ किसी भी तरह का साइबर फ्रॉड होने पर पुलिस को जल्द से जल्द दे सूचना।**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद में साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस प्रशासन आम जन मानस को लगातार जागरूक कर रहा है। इसी के तहत बुधवार को आदर्श मंडी की साइबर टीम द्वारा जिला अस्पताल में अभियान चलाकर लोगों को साइबर अपराधों से बचाव सहित अन्य अपराधों के प्रति जागरूक किया।

जानकारी के अनुसार जनपद में चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को साइबर टीम द्वारा जिला अस्पताल में मौजूद लोगों को साइबर अपराधों की रोकथाम के प्रति जागरूक किया। टीम ने लोगों को ऑनलाइन फॉड, फर्जी कॉल, ओटीपी साझा करने के खतरे, सोशल मीडिया सुरक्षा एवं डिजिटल भुगतान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि अनजान लिंक, क्यूआर कोड व एपीके फाइल डाउनलोड करने से बचना चाहिए, इनाम, लाटरी या तुरंत कार्रवाई वाले मैसेज से सतर्क रहें, स्क्रीन शेयरिंग ऐप का उपयोग केवल विश्वसनीय स्थिति में ही करें, बैंक, पुलिस, सरकारी अधिकारी बनकर कॉल करने वालों से सावधान रहें, अपने मोबा. इल, लैपटॉप में नियमित रूप से सिक्योरिटी अपडेट एवं एंटी वायरस का उपयोग करें, सोशल मीडिया अकाउंट की प्राइवेसी सेटिंग्स समय-समय पर जांचें, डिजिटल पेमेंट करते समय प्राप्तकर्ता का नाम व विवरण अवश्य सत्यापित करें।

किसी भी तरह का साइबर फ्रॉड होने की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# पति को प्रेमिका संग देख पत्नी का फूटा गुस्सा, जिम में पहुंचकर किया हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे में बुधवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब एक महिला ने अपने पति को कथित प्रेमिका के साथ जिम में पकड़ लिया। महिला ने मौके पर जमकर विरोध जताया और दोनों के बीच कहासुनी होने लगी। सूचना पर पहुंची पुलिस युवक और युवती को थाने ले आई। हालांकि देर शाम तक मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई थी।कस्बे के एक प्रतिष्ठित मिष्ठान भंडार संचालक के विवा. हित बेटे का क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से प्रेम प्रसंग बताया जा रहा है। आरोप है कि युवती कस्बे में किराये के कमरे में रह रही थी और युवक का उसके यहां आना-जाना था। पिछले कुछ दिनों से युवक की पत्नी को पति की गतिविधियों पर शक हो गया था और वह उस पर नजर रख रही थी।बताया गया कि बुधवार को महिला को सूचना मिली कि उसका पति रेलवे रोड स्थित एक जिम में युवती के साथ मौजूद है। इस पर महिला तुरंत मौके पर पहुंच गई। पत्नी को देखकर युवक वहां से फरार हो गया, जबकि महिला ने युवती को पकड़ लिया और हंगामा शुरू कर दिया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और कई लोग वीडियो बनाते रहे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को थाने ले आई।

बाद में पीड़ित महिला भी थाने पहुंच गई और मायके पक्ष को मामले की जानकारी दी। पुलिस ने पूछताछ के बाद युवती को छोड़ दिया, जबकि युवक कुछ समय तक पुलिस हिरासत में रहा।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि मामले में किसी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है। महिला फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं चाहती। वहीं युवक और युवती के फोटो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने से मामला कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# लूडो प्रतियोगिता में अवनी ने बाजी मारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कंपोजिट विद्यालय बरलाजट में विद्यार्थियों के लिए लूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य छात्रों में खेल भावना, रणनीतिक सोच और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना रहा। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया और प्रतियोगिता का आनंद उठाया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अवनी ने प्राप्त किया। जबकि दूसरे स्थान पर अवनी और तृतीय स्थान छवि ने प्राप्त किया। प्रधानाध्यापिका अंजलि ने विजेताओं को सम्मानित किया।

# हल्की बारिश मे बदहाल हुआ अंत्येष्टि मार्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र में रतन पेट्रोल पंप के सामने से अंत्येष्टि स्थल तक जाने वाले मार्ग की स्थिति लगातार चिंताजनक बनी हुई है। हल्की सी बारिश होते ही सड़क की पोल खुल जाती है और जगह-जगह जलभराव, कीचड़ व गड्डो के कारण रास्ता लगभग दुर्गम बन जाता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर एक-दो दिन लगातार बारिश हो जाए तो इस मार्ग की हालत और भी भयावह हो सकती है, जिससे अंत्येष्टि जैसे जरूरी कार्य के लिए आने-जाने वाले लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। कई बार लोगों को फिसलन और गंदगी के बीच



होकर गुजरना पड़ता है जो बेहद शर्मनाक स्थिति को दर्शाता है। हैरानी की बात यह है कि इतनी गंभीर समस्या के बावजूद न तो नगर पंचायत अध्यक्ष ने इस ओर कोई ठोस कदम उठाया है और न ही अधिशासी अधिकारी या सभासदों ने ध्यान दिया है। कुछ समय पहले इस मार्ग पर स्ट्रीट लाइट लगाने और सड़क निर्माण के वादे जरूर किए गए थे लेकिन अब तक वे केवल अश्वासन ही साबित हुए हैं। क्षेत्रवासियों में इस लापरवाही को लेकर गहरा रोष है। लोगों की मांग है कि प्रशासन और जनप्रतिनिधि जल्द से जल्द इस मार्ग की मरम्मत व निर्माण कार्य शुरू कराएं, ताकि आमजन को राहत मिल सके और ऐसे संवे. दनशील स्थल तक पहुंचने में किसी को परेशानी न हो। अब देखना यह होगा कि जिम्मेदार लोग इस गंभीर समस्या पर कब तक संज्ञान लेते हैं।इस सम्बन्ध मे नगर पंचायत थाना भवन के अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा ने बताया कि आगामी बोर्ड बैठक में अंत्येष्टि मार्ग के संबंध में विचार विमर्श किया जाएगा उसके बाद ही अंत्येष्टि मार्ग की समस्या का समाधान हो सकेगा।

# चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाते हुए आभूषण व नकदी पर किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अज्ञात चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपयों के आभूषण और नकदी चोरी कर ली। परिवार के वापस लौटने पर घटना का पता चला। पीडित मकान स्वामी ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरो के खिलाफ कार्रवाई कर चोरी का खुलासा किये जाने की मांग की है।

नगर के मोहल्ला पठानपुरा निवासी दिलावर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि वह अपने परिवार को साथ लेकर देवबंद से बाहर रिश्तेदारी में गया हुआ था। मंगलवार की रात चोर ताले तोड़ते हुए उसके घर घुस गए और अलमारी में रखे लाखों रुपये कीमत के सोने चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ले गए। बुधवार को वह वापस घट लौटे तो घर की हालत देख उनके पैरों तले जमीं खिसक गई। ताले टूटे हुए थे और चारों ओर सामान बिखरा पड़ा



था। बताया कि चोर अलमारी में रखे करीब डेढ़ लाख रुपये के सोने-चांदी के जेवर, पचास हजार रुपये की नकदी समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने घटनास्थल पहुंच मौका मुआयना किया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरु कर दी गई है। घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को कंघाला जा रहा है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएग।

# राज्यमंत्री ने सीएम के कार्यक्रम की तैयारियों का लिया जायजा

**देवबन्द।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर बुधवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। लोक निर्माण विभाग राज्यमंत्री कुंवर बृजेश सिंह ने जनसभा स्थल पहुंच तैयारियों का जायजा लिया वहीं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने सभा स्थल का निरीक्षण किया। दिनभर कार्यकर्ता कार्यक्रम की व्यवस्था बनाने में जुटे रहे। कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासनिक अधिकारी देवबंद में डेरा डाले हैं। अधिकारियों ने निरीक्षण कर अधीनस्थों को जरूरी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सात मई के देवबंद कार्यक्रम को लेकर सहारनपुर-मुजफ्फरनगर स्टेट हाइवे पर सिल्वर पैराडाइज के निकट वाटरप्रूफ विशाल पंडाल बनाया गया है। पास में ही हेलीपैड तैयार कराया गया है। सिल्वर पैराडाइज के पिछले गेट से रास्ता बनाया गया है, जहां से मुख्यमंत्री को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था





के बीच जनसभा स्थल पर लाया जाएगा। मुख्यमंत्री प्राचीन शक्तिपीठ श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर में दर्शन के लिए जा सकते है, इसके लिए मंदिर मार्ग पर सफाई कार्य कराया गया है। सडकें चकाचक है। मंदिर परिसर में भी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त कर ली गई है। कार्यक्रम में आने वाले लोगों के वाहनों को खड़ा करने के लिए मंडी समिति प्रांगण के अलावा स्टेट हाइवे पर खाली पड़े प्लाटों को पार्किंग स्थल बनाया गया है। भारी तादाद में कार्यकर्ताओं व लोगों के कार्यक्रम में पहुंचने की संभावना है, जिसे लेकर खास व्यवस्थाएं की जा रही है। रूट भी डायवर्ट कर दिया गया है। उपमहानि. रीक्षक अभिषेक सिंह, जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मयंक पाठक, उपजिलाधिकारी युवराज सिंह आदि अधिकारियों ने सभा स्थल पर पहुंच निरीक्षण किया।

# राजनीतिक दलों पर समाज की उपेक्षा का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ब्राह्मण व त्यागी समाज की बैठक में राजनीतिक दलों पर समाज की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी गई कि यदि आगामी विधानसभा चुनाव में देवबंद सीट से त्यागी ब्राह्मण समाज के किसी व्यक्ति को टिकट नहीं दिया गया तो समाज एकजुट होकर अपना निर्दलीय प्रत्याशी चुनावी मैदान में उतारेगा। ब्राह्मण व त्यागी समाज की शिक्षक नगर में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय त्यागी भूमिहार ब्राह्मण समाज समिति के अध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने कहा कि त्यागी ब्राह्मण समाज का 100 प्रतिशत वोट हमेशा से भाजपा के खाते में जाता है, लेकिन इसके बदले में समाज को उपेक्षा के अलावा कुछ और नहीं मिला। कहा कि राजनीतिक दलों ने हमेशा समाज को ठगने का काम किया है। त्यागी समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि देवबंद में समाज के लोगों का शोषण जारी है और उन्हें अपमानित करने का काम किया जा रहा है। इसे अब किसी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा। ब्राह्मण महासभा के




अध्यक्ष रोहित कौशिक ने कहा कि यूजीसी कानून के नाम पर जिस तरीके से देश में विभाजन करने की साजिश रची गई वह निंदनीय है। त्यागी ब्राह्मण समाज का विरोध करने वाले लोग अब उत्तर प्रदेश में राजनीति नहीं कर पाएंगे। इस मौके पर मनोज त्यागी, राकेश प्रधान, विजेंद्र त्यागी, ऋषभ त्यागी, संजय त्यागी, राजेश शर्मा, रोहित त्यागी, अनुज त्यागी, शुभम वत्स आदि शामिल रहे।

# आमला के सदस्यों ने छात्रों की बेहतर सुविधाओं पर दिया जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विश्व प्रसिद्ध इस्लामिक शिक्षण संस्था दारुल उलूम के अतिथिगृह में मजलिस-ए-आमला (कार्यकारिणी समिति) की आयोजित बैठक में संस्था की आंतरिक व्यवस्थाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के साथ-साथ नए प्रवेश और निर्माण संबंधी मुद्दों पर विचार विमर्श कर छात्रों के लिए और अधिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सुझाव दिए गए।

मजलिस-ए-आमला के सदस्यों ने बैठक के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने और ताल. ीमी निजाम (शिक्षा प्रणाली) को और अधिक पारदर्शी व सुदृढ़ बनाने पर विचार-विमर्श किया। छात्रों के रहन-सहन और उनके लिए सुविधाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया गया। नए प्रवेश और निर्माण कार्यों के साथ ही पूर्व में हुई मजलिस-ए-शूरा की बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन की समीक्षा कर आमला के सदस्यों ने इस पर संतोष जताया गया। शिक्षा और निर्माण विभाग समेत अन्य विभागों के प्रभारियों ने अपनी



प्रगति रिपोर्ट पेश की। इस मौके पर संस्था के मोहत. मिम मौलाना मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी, सदर मुदर्रिस मौलाना अरशद मदनी, जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी, मौलाना मुफ्ती इस्माईल मालेगांव, मौलाना रहमतुल्ला कश्मीरी, मौलाना अनवारुलहक बिजनौरी, मौलाना महमूद राजस्थानी, मौलाना मलिक मोहम्मद इब्राहीम मद्रासी आदि शामिल रहे।

# विजिलेंस टीम ने औचक छापेमारी कर पकड़ी बिजली चोरी, क्षेत्र में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** बिजली चोरी रोकने के लिए विद्युत निगम की विजिलेंस टीम ने औचक छापेमारी कर नगर के मोहल्ला शाहबुखारी में बिजली चोरी पकड़ी जाने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

विद्युत निगम की विजिलेंस टीम ने गहनता से चेकिंग करने के लिए सीढ़ियों का सहारा लिया। टीम ने घरों के बाहर लगे मीटरों के पीछे के हिस्से की बारीकी से जांच की, ताकि केबल में किए गए अवैध छेड़छाड़ या बायपास का पता लगाया जा सके। घरों के अंदरुनी हिस्सों में चेकिंग के लिए टीम के साथ आई महिला पुलिसकर्मी ने भीतर जाकर तारों की चेकिंग की। इस दौरान टीम ने बिजली चोरी के लिए इस्तेमाल किए जा रहे



केबल आदि को जब्त कर लिया। विजिलेंस अधिकारियों का कहना है कि चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा, जो उपभोक्ता बिजली चोरी करके पकड़े गए हैं, उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों को समय पर खाद नहीं मिलने से हो रही असुविधा

**देवबन्द।** किसान न्याय मोर्चा ने खुले बाजार में यूरिया एवं डीएपी की कालाबाजारी पर रोष प्रकट करते हुए कहा कि गन्ना समिति के गोदामों से प्रतिदिन केवल 90 किसानों को ही खाद दिया जा रहा है जिससे किसानों को गन्ना बुवाई में देरी होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

किसान न्याय मोर्चा के रणवीर सिंह, सतीश गोयल, संजय कुमार कृष्ण कुमार, सुरेंद्र कुमार, कुलदीप सिंह, बृजपाल सिंह और सुरेश चंद त्यागी सहित बड़ी संख्या में किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से किसानों को प्रयाप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराए जाने की मांग की। कहा कि गन्ना समितियों में इंडेंट के कागज जमा करने के 15 से 20 दिन बाद प्रतिदिन मात्र 90 किसानों को ही खाद मिलता है वहीं खुले बाजार में बुरा हाल बना हुआ है। कहा कि निर्धारित दर 266.50 रुपये के बजाए 300 रुपये से भी अधिक का खाद मिल रहा है। इतना ही नहीं रासायनिक कीटनाशक और दवाईयां भी महंगे दामों पर मिल रही है। उन्होंने पत्र में सीएम योगी आदित्यनाथ को बताया कि बीते वर्ष बैटरी चलित स्प्रे मशीन किसानों को दी गई थी जो कि घटिया क्वालीटि के चलते खराब हो चुकी हैं। किसानों ने सीएम से प्रर्याप्त मात्रा में खाद दिलाने की मांग की जिससे किसान गन्ने का सही उत्पादन कर सकें।

# वाहन चोर गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कैराना पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के एक शातिर सदस्य को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की 14 बाइकें बरामद की है, इस दौरान शातिर चोर के दो अन्य साथी फरार हो गए जिनकी तलाश में पुलिस लगी हुई है। यह गिरोह अलग-अलग राज्यों में बाइक चोरी को अंजाम देता था।

बुधवार को कैराना कोतवाली में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी एनपी सिंह ने गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि कैराना कोतवाली पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गैंग के एक सदस्य को एक बाइक सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के दो अन्य साथी



फरार हैं। यह गैंग राजधानी दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश समेत अलग-अलग राज्यों में चोरी की वारदात को अंजाम देते थे और पहले कुछ दिन एक राज्य से बाइक चोरी करते करते थे फिर वहां से गायब हो जाते थे और उसके बाद फिर दूसरे राज्य में चोरी करते थे और वहां से गायब हो जाते थे। चोर की निशानदेही पर पुलिस ने भूरा बराला रोड स्थित बंद पडी फैक्टरी से चोरी की 13 अन्य बाइकें भी बरामद की है। पूछताछ करने पर शातिर चोर ने अपना नाम नदीम पुत्र अ"यूब निवासी ग्राम लिलौन शामली बताया है। एसपी ने बताया कि बरामद की गयी बाइकें दिल्ली, हरियाणा और यूपी से चोरी की गई है।

# पुलिस बल के साथ विद्युत बकाएदारों के काटे कनेक्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** विद्युत विभाग द्वारा बिल बकायेदार उपभोक्ताओं और विधुत चोरी करने वालों के विरुद्ध बेहट अधिशासी अभियंता भीष्म कुमार के निर्देशन तथा एसडीओ बेहट बृज मोहन के नेतृत्व ने पुलिस बल के साथ ग्रामीण इलाको में विद्युत बकायादारों के कनेक्शन काटे गए और कई लोगों के खिलाफ मुकदमा भी पंजीकृत कराया गया विभाग द्वारा की जारही कार्यवाही से ग्रामीणों में हड़कंप मचा।

अधिक्षण अभियंता के आद. ेशानुसार बेहट विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता भीष्म कुमार के निर्देशन में एस डीओ बृज मोहन तथा जेई जितेन्द्र कुमार भटनागर ने विद्युत कर्मचारियों तथा कोतवाली पुलिस बेहट बल के साथ नगर के मोहल्ला शहरी दरवाजा कस्साबान, फूल कालोनी, सड़कपार इंद्रा कालोनी आदि मोहल्लों में विद्युत बकायादार उपभोक्ताओं एवं विधुत चोरों को रोकने के लिए संयुक्त चेकिंग अभियान चलाया गया अचानक हुई विद्युत विभाग की छापेमारी से विद्युत उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया। छापामारी कार्यवाही मे दर्जन भर से अधिक कई बकायादारों उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए तथा चोरी से बिजली जलाते हुए 6 कनेक्शन पकड़े गया है। चोरी करने वाले इन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा बेहट उपखण्ड अधिकारी बृज मोहन ने बताया कि चेकिंग के दौरान करीब 6 चोरी के मामले पकड़े गए है और 20 बकाया उपभोक्ताओं के करीब 3 लाख रु जमा कराए गए है। बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन भी काटे गए है इस के अलावा बिजली चोरी करने वाले लोगों के विरुद्ध प्रारंभिक कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि जांच अभियान के अंतर्गत लगभग 70 कनेक्शन चेक किए गए हैं इस के साथ ही उन्होंने विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है विधुत चोरी करना एक कानूनी अपराध है जो किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अपना बकाया बिलो का समय पर जमा करे। चे. कंग टीम में जेई जितेंद्र भटनागर नोडल अधिकारी मनोज गौरव, अंकित, संदीप विशाल, अकरम मलिक आदि कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# पुलिया टूटने से घंटों आवागमन प्रभावित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर गंदेवड़ मार्ग पर बनी अस्थाई पुलिया टूटने से घंटो आवागमन प्रभावित रहा। जिसके कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

सुल्तानपुर से गंदेवड मुख्य मार्ग पर निर्माणाधीन पुल के निकट बनायी गयी अस्थाई पुलिया के देर रात टूटने के कारण यातायात प्रभावित हुआ। जिससे मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लम्बी लम्बी कतारें लग गयी। राहगीरों को आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिया के टूटने से जहाँ किसानों का आवागमन प्रभावित हुआ वहीं स्कूल कालेज तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचने वाले मरीजों को भी घंटों इंतजार करना पड़ा।

इस अस्थाई पुलिया पर आवागमन खतरे से खाली नहीं है पुलिया के नीचे की दीवारे बुरी तरह दरक चुकी है, बड़े बढ़े कंक्रीट के हिस्से टूटकर गिर रहे हैं। इसके बावजूद भी प्रसाशन द्वारा कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। घंटों की मशक्कत के बाद ठेकेदार द्वारा टूटी हुई पुलिया पर ईट और मिट्टी डालकर सुचारू रूप से यातायात शुरू कराया गया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई।

# मांगों के समर्थन में आसपा का ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेडी।** आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी के कार्यकर्त्ताओ ने विभिन्न मांगो को लेकर धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन थाना प्रभारी को सौंपा है।

बुधवार को कस्बा गागलहेड़ी के ज्योतिबाफुले चौक पर आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी के कार्यकर्त्ताओ ने धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार को सौंपा है, जिसमे उन्होंने मांग करते हुए कहा कि प्राइवेट स्कूलों की मनमानी बंद हो वही टोल प्लाजा पर भी लोकल ग्रामीणों को छूट मिलने और स्कूलों में एनसीआरटी की किताबें लागू की जाए वही 20 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी क्षेत्र वासियों के लिए टोल प्लाजा पर टोल मुक्त किये जाने की मांग रखी है। इस दौरान जिलाध्यक्ष सचिन देव, जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र कुमार शेरियाल, अभिषेक बर्मन, विना. ेद कुमार, मोहित कुमार, गौतम कुमार, राव तैमूर, अभिषेक, बसंत, जॉनी सहित दर्जनों कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## वारंटी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** अपराधियों और वारंटियों की अब खैर नहीं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के सख्त आदेशों का असर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है बुधवार को थाना फतेहपुर पुलिस नकाफी समय से फरार चल रहे एक वारंटी अभियुक्त को धर दबोचा है

प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम गन्देवडा में दबिश देकर आजाद पुत्र जमील को उसके मकान से गिरफ्तार किया पकड़ा गया अभियुक्त धारा 13जी अधि. के तहत दर्ज मुकदमे में न्यायालय में तारीखों पर पेश नहीं हो रहा था जिसके चलते ग्रामीण न्यायालय बेहट ने उसके खिलाफ वारंट जारी किया था। जिसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# भाजपा की कार्यशाला में बूथ मजबूती पर दिया जोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर पंचायत के सभागार में भारतीय जनता पार्टी की मंडल कार्यशाला का आयोजन किया गया।

बुधवार को आयोजित कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष मुक. ेश शर्मा ने प्रस्तावना करते हुए बताया कि बूथ कमेटी, बूथो का सत्यापन व शक्ति केंद्रों का सत्यापन होना है। बैठक में कार्यकर्ता शत प्रतिशत उपस्थित होकर पार्टी के कार्य में सहयोग प्रदान करें।

मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे गुरदेश चौधरी ने कहा कि कार्यकर्ताओ को लगन व मेहनत से प्रत्येक बूथ पर कार्य करके मंडल के हर बूथ, शक्ति केंद्र को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं 12 तारीख तक प्रत्येक बूथ पर उपस्थित रहकर बूथ का निरीक्षण करेंगे व शक्ति केंद्र संयोजकों के साथ बैठकर बूथो की समीक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि हर बूथ पर भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता पहुंचे।

उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को इसके लिए संकल्प भी दिलाया। इस अवसर पर भाजपा नेता जायर हुसैन चांद, पंचायत चेयरपर्सन पत्नूलबानो अंसारी, सुधीर जैन, निशांक जैन, हिमांशु गर्ग, प्रवीण सैनी, पवन सेन, सचिन कांबोज, चौधरी मोल्हड सिंह, आशू सैनी, हरिचंद प्रधान, विनय कश्यप, ईसम सिंह दुबे, दीपक कश्यप, नादिया हसन, सुमन सैनी, अर्जुन सिंह, शशि राणा, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनाथ धीमान आदि मौजूद रहे।

# रामपुर मनिहारान पुलिस ने दो गौकशों की खोली हिस्ट्रीशीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर उम्मेद कुमार ने दो शातिर अपराधियों के खिलाफ हिस्ट्रीशीट खोल दी है। इंस्पेक्टर उम्मेद कुमार ने कहा कि आपराधिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा।

गौकशी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने कड़ी कार्रवही करते हुए दो शातिर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोल दी है। एसएसपी अभिनन्दन के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी नकुड़ रुचि गुप्ता के निर्देशन में कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर उम्मेद कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई है। इंस्पेक्टर उम्मेद कुमार के अनुसार गौकशी के मामलों में लगातार संलिप्त पाए जाने पर ग्राम चकवाली निवासी वाजिद उर्फ पेंडू पुत्र बशीर और सूफियान पुत्र मुस्तकीम के विरुद्ध हिस्ट्रीशीट खोली गई है। दोनों आरोपी लंबे समय से गोतस्करी के मामलों में सक्रिय बताए जा रहे हैं और इनके खिलाफ पहले से ही कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने कहा कि आपराधिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा।

# एक करोड़ की स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** पुलिस द्वारा अवैध नशा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत अंबेहटा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 504 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है, जिसकी अंत. रराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी जा रही है।

मंगलवार शाम अंबेहटा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक देवेंद्र कुमार अधाना के नेतृत्व में पुलिस टीम अंबेहटा जाने वाले मार्ग पर स्थित एक आम के बाग में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान संदिग्ध हालत में घूम रहे दो युवकों को रो. ककर तलाशी ली गई, जिनकी पहचान शमशाद और समयदीन निवासी नवाजपुर खेड़ा (थाना नकुड़) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उनके पास से 504 ग्राम स्मैक बरामद हुई। थानाध्यक्ष नकुड़ सुरेश सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मुक. दमा संख्या 256/26 धारा 8/21/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज कर लिया गया है। पुलिस के अनुसार, शमशाद के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट समेत आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं, जबकि समयदीन पर भी एनडीपीएस एक्ट के तीन मामले पहले से दर्ज हैं।

पूछताछ में दोनों आरो. पियों ने बताया कि वे लंबे समय से स्मैक तस्करी में लिप्त थे। गंगोह बाईपास पर ट्रक चालकों और अन्य सप्लायरों के माध्यम से स्मैक की सप्लाई करते थे और मुनाफा आपस में बांट लेते थे। दोनों कई बार जेल भी जा चुके हैं। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# अलग अलग स्थानों से दो स्मैक के सौदागर पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** एस एस पी अभिनंदन सिंह के निर्देशन तथा सीओ सुश्री प्रीति यादव के नेतृत्व में नशा का कारोबार करने वालो के खिलाफ चलाए जा रहे आप्रेशन सवेरा के अंतर्गत चेकिंग के दौरान दो अलग–अलग स्थान से स्मैक के सौदागरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों नशा तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत ने बताया कि बुधवार को पुलिस संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। चेकिंग के दौरान ग्राम रसूलपुर चिलकाना रोड से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली तो उसके पास से 15 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई है। पुलिस ने जब उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता अंकित सैनी पुत्र सुरेंद्र निवासी ग्राम रसूलपुर थाना बेहट बताया पुलिस ने उसके विरुद्ध धारा 8 / 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुक. दमा दर्ज किया है।

इस के अलावा पुलिस ने चे. कंग के दौरान ग्राम मिल्को ननौली कवादपुर रोड पर से एक व्यक्ति पर संदेह होने पर उसे रोका ओर उसकी तलाशी ली गई तो उसके पास से भी 15 ग्राम स्मैक बरामद हुई।

पुलिस ने पकड़े गए स्मैक तस्कर का नाम पता विशाल पुत्र नेमचंद निवासी ग्राम मिल्को ननौली थाना बेहट बताया उन्होंने बताया कि एक और व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है ।

पुलिस ने स्मैक तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

# अपर मुख्य सचिव का कान्हा उपवन गौशाला में निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अपर मुख्य सचिव पशुपालन विभाग मुकेश मेश्राम ने आज नगर निगम सहारनपुर द्वारा संचालित माँ शाकंभरी कान्हा उपवन गौशाला का निरीक्षण करते हुए गौशाला में निर्मित गौ- उत्पादों का अवलो. कन और समस्त व्यवस्थाओं का आकलन किया।

पशु पालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम आज नवादा रोड स्थित नगर निगम द्वारा संचालित मां शाकंभरी कान्हा उपवन गौशाला पहुंचे और समस्त व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य अभियंता निर्माण एवं गौशाला के वरिष्ठ प्रभारी सुरेश चंद से गौ–उत्पादों के सम्बंध में जानकारी ली। सुरेश चंद ने बताया कि गौशाला में गोमूत्र से गोनाइल, गोबर से जैविक खाद, स्टिक, राखी, पानी में तैरने वाले दिए, बंद. नवार, स्वास्तिक, धूप, सामग्री, बच्चों के खिलौने व गौमय गुलाल सहित करीब 26 उत्पाद बनाये जा रहे हैं। जिसके लिए निगम की गौशाला को उसकी उपलब्धियों के लिए राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक पुरस्कार भी प्राप्त हो चुके हैं।

निगम के पशु चिकित्सा कल्याण अधिकारी एवं गौशाला प्रभारी डॉ संदीप कुमार मिश्र ने अपर मुख्य सचिव को बताया कि नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देशन में गौशाला में गोबर से निर्मित बायोगैस से ऊर्जा उत्पादन करते हुए गौशाला के विद्युत संयंत्र, चारा काटने की मशीन, सबमर्सिबल पंप और चूल्हा संचालित किया जा रहा है। इतना ही नहीं गौशाला में आर्टिफिशियल इनसेमिनेशन( कृत्रिम गर्भाधान) और सेक्स सॉर्टेड सीमेन का प्रयोग करते हुए गौवंश की नई संतति तैयार की जा रही है, इस पर अपर मुख्य सचिव ने अत्यंत हर्ष व्यक्त किया।

अपर मुख्य सचिव ने गौशाला में गोवंश हेतु की जा रही व्यवस्थाओं से प्रभावित होते हुए प्रदेश की समस्त गौशालाओं के प्रभारियों को नगर निगम सहारनपुर की कान्हा गौशाला को अपने मोबाइल से लाइव दिखाया और उससे प्रेरणा लेते हुए गौशालाओं का संचालन करने के लिए प्रेरित किया। अपर मुख्य सचिव ने गौशाला की निरीक्षण पुस्तिका में अपनी टिप्पणी करते हुए निगम अधिकारियों की प्रशंसा की।

निरीक्षण के दौरान अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार, सीवीओ एम पी सिंह, डिप्टी सीवीओ के के नागर आदि भी उपस्थित रहे।


**सूचना**

मैने अपने पुत्र रियाज को गलत आचरण व गलत संगत में पडने के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**कुर्बान पुत्र खलील निवासी नाजिम कालोनी, थाना मण्डी, जिला सहारनपुर।**



**कार्यालय सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर।**

**सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि सहारनपुर विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र के अन्तर्गत श्री सुभाष अग्रवाल पुत्र श्री लाला सेवा राम अग्रवाल निवासी-वोमनजी रोड, सहारनपुर एवं श्री संजय अग्रवाल पुत्र श्री सुभाष चन्द अग्रवाल निवासी वोमनजी रोड, सहारनपुर के द्वारा खसरा संख्या 99, 100, 101, ग्राम हसनपुर माजरा ताहरपुर बैरून, परगना तहसील व जिला सहारनपुर पर पूर्व स्वीकृत तलपट मानचित्र संख्या 970/03-04 इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी - 01 में प्रस्तावित स्वीमिंग पूल, कैफे व कोच ऑफिस क्रिया हेतु आरक्षित कुल भूखण्ड क्षेत्रफल 3629.51 वर्गमीटर में संशोधन करते हुए उक्त भाग पर आवासीय प्रयोजन के भूखण्डो हेतु संशोधित तलपट मानचित्र स्वीकृति हेतु प्राधिकरण कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त प्रकरण की स्वीकृति के सम्बन्ध में यदि इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी के निवासियों / भूखण्ड स्वामियों / अन्य को कोई आपत्ति/सुझाव हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अन्तर्गत प्राधिकरण कार्यालय में ई-मेल(sda12@rediffmail.com) अथवा उचित माध्यम से उपलब्ध कराये जा सकते हैं। उक्त निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त किसी भी आपत्ति / सुझाव पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव

विकास प्राधिकरण, सहारनपुर


# इबादतगाह को निशाना बनाने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** इबादतगाह को निशाना बनाकर दानपात्र तोड़कर चोरी करने वाला शातिर चोर आखिरकार पुलिस के शिकंजे में आ ही गया। जामा मस्जिद के दानपात्र से हजारों रुपये की नकदी उड़ाने की सनसनीखेज वारदात का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से चोरी की रकम में से मात्र 2680 रुपये बरामद किए गए हैं।

गौरतलब है कि विगत 25 अप्रैल को हुई इस घटना से नकुड़ क्षेत्र में हड़कंप मच गया था। अज्ञात चोर ने बड़ी चालाकी से जामा मस्जिद के दानपात्र को निशाना बनाते हुए करीब 10 से 15 हजार रुपये पार कर लिए थे। पुलिस ने शिकायत दर्ज होते ही हरकत में आई पुलिस ने संदिग्ध लोगों की निगरानी के लिए लगातार सुरागरसी शुरू कर दी गई। पुलिस द्वारा भरसक प्रयासों के बाद 5 मई को नयागांव रोड पर चेकिंग के दौरान पुलिस को अहम सफलता मिली। सरस्वती विहार के सामने संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे एक युवक को घेराबंदी कर दबोच लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने चोरी की वारदात करना स्वीकार कर लिया है। आरोपी की पहचान वाकिब पुत्र मुर्सलीन निवासी लतीफपुर के रूप में हुई है।

# खाटू श्याम की मंगल कलश यात्रा निकाली



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** चमत्कारी श्री खाटू मंदिर वार्षिक उत्सव उपलक्ष में मंगल कलश खाटू श्याम निशान यात्रा अवसर पर स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा कि खाटू श्याम को निशान चढ़ाने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

राधा विहार स्थित मंदिर में श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित चमत्कारी श्री खाटू श्याम वार्षिकोत्सव उपलक्ष में खाटू श्याम मंगल कलश निशान यात्रा निकाली गई खाटू श्याम निशान यात्रा में लगभग 251 श्याम प्रेमी श्याम निशान लेकर चल रहे थे। सर्वप्रथम धर्म ध्वजा उसके पीछे गणपति जी का रथ चल रहा था। 108 सौभाग्यशाली महिलाएं सिरों पर कलश धारण कर चल रही थी, राधा कृष्ण की झांकी वातावरण को भक्ति मय बना रही थी। धर्म रथ पर खाटू श्याम की दिव्य छवि प्रतिमा विराजित थी, जिस पर सभी श्याम प्रेमी दंडवत प्रणाम कर रहे थे एवं फूलों की वर्षा कर रहे थे। मुख्य मार्ग से बैंड बाजों के साथ में खाटू श्याम निशान यात्रा का भव्य स्वागत किया गया और जगह–जगह पर खाटू श्याम निशान यात्रा का इत्र वर्ष की गई किया। श्री खाटू श्याम निशान यात्रा का महत्व बताते हुए स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा खाटू श्याम कलयुग के जागृत देव हैं जो अति शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं तथा जो नियमित खाटू श्याम की पूजा करते हैं, खाटू श्याम उनके मनोरथ अवश्य पूर्ण करते हैं। इस अवसर पर रमेश शर्मा, अनिल चौहान, राकेश राय, अश्वनी काम्बोज, संजय राणा, किरण, संगीता, सुनीता, गीता, कमलेश, रेखा, पूनम, तनु, कमलेश, करुणा, गीता, राखी आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# दुष्कर्म का वांछित आरोपी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस ने एक नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय मे प्रस्तुत कर दिया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह दिखित ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने मंगलवार को लिखित तहरीर देकर नाबालिग युवती के साथ दुष्कर्म करने का मुकदमा पंजीकृत कराया। पुलिस आरोपी की तलाश मे लग गई थी। मुखबिर द्वारा उन्हें सूचना दी कि युवती के साथ दुष्कर्म करने वाला आरोपी कस्बे के बस स्टैंड पर कही जाने के लिए खड़ा हुआ है।

सूचना मिलते ही उन्होंने अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक संजीव शर्मा, कास्टेबल बिट्टू कुमार को मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर भेजा और वहां खड़ा युवक पुलिस को अपनी ओर आता देख भागने लगा तो पुलिस ने दबोच लिए। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का नाम पता राशिद पुत्र गफूर निवासी इन्द्रा कालोनी कस्बा बेहट जनपद सहारनपुर को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# हैदराबाद ने छुड़ाए पंजाब की गेंदबाजी के छक्के

### हैदराबाद ने तीन विकेट खोकर बनाए 235 रन पावरप्ले में डगमगाई पंजाब की टीम

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 में सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को 236 रन का टारगेट दिया है। पंजाब ने राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बालिंग का फैसला किया। हैदराबाद ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 235 रन बनाए। पंजाब ने 5 ओवर के बाद 3 विकेट के नुकसान पर 48 रन बनाए हैं।

कूपर कोनोली और मार्कस स्टोयनिस क्रीज पर हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर 5, प्रियांश आर्या एक और प्रभसिमरन सिंह 3 रन बनाकर पवेलियन लौट गए हैं।। हैदराबाद के लिए हेनरिक क्लासन और ईशान किशन ने



हैदराबाद के एनवी रेड्डी अपनी आकर्षक पारी के दौरान शॉट खेलते हुए।

अर्धशतक लगाए। क्लासन ने 43 बाल पर 69 और ईशान ने 32 बाल पर 55 रन बनाए। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी हुई। क्लासन और नीतीश रेड्डी (29) के बीच चौथे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी हुई। इसके अलावा अभिषेक शर्मा (35) और ट्रैविस हेड (38) ने 55 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। पंजाब के लिए लाकी फर्ग्यूसन, विजयकुमार वैशाख, युजवेंद्र चहल को 1-1 विकेट मिला। चौथे ओवर की दूसरी बाल पर पंजाब ने तीसरा विकेट भी गंवा दिया। यहां पर कप्तान श्रेयस अय्यर 5 रन बनाकर आउट हुए। मलिंगा की हार्ड लेंथ गेंद पर अय्यर बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन बैट का फेस घूम गया। गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लगी और मिड-आफ पर सीधी चली गई। वहां कप्तान ने आसान कैच लपका, जिससे च्ठझ्ै की मुश्किलें और बढ़ गईं। दूसरे ओवर की पहली बाल पर पंजाब ने दूसरे ओपनर का विकेट गंवाया। यहां प्रभसिमरन सिंह 3 रन बनाकर आउट हुए। नीतीश कुमार रेड्डी ने पहली गेंद फुल लेंथ पर डाली, जोकि बाहर की ओर जा रही थी। प्रभसिमरन सिंह शाट खेलने गए, लेकिन लीडिंग एज लग गया। गेंद हवा में बैकवर्ड पाइंट की ओर गई, जहां कमिंस ने कवर से बाईं ओर दौड़ते हुए शानदार कैच पूरा किया। पैट कमिंस ने पहले ही ओवर में प्रियांश आर्या को आउट कर पंजाब को बड़ा झटका दिया। शार्ट गेंद पर बड़ा शाट खेलने की कोशिश में प्रियांश गेंद को सही तरह टाइम नहीं कर सके और डीप स्क्वायर लेग पर ईशान मलिंगा ने शानदार कैच लपका। विजयकुमार ने आखिरी ओवर की अंतिम गेंद पर क्लासन को आउट किया। बड़ा शाट लगाने की कोशिश में क्लासन गेंद को सही तरह टाइम नहीं कर सके और लान्ग-आफ पर यानसन ने आसान कैच पकड़ लिया। क्लासन 43 गेंदों में 69 रन बनाकर आउट हुए, जबकि

## मुल्लांपुर दूसरे साल आईपीएल प्लेऑफ की मेजबानी करेगा

**चंडीगढ़, वार्ता।** मुल्लांपुर में स्थित महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम एक बार फिर जोरदार क्रिकेट एक्शन का गवाह बनने के लिए तैयार है, क्योंकि इसे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के प्लेऑफ मैचों की मेजबानी के लिए चुना गया है।

यह लगातार दूसरा साल है जब न्यू चंडीगढ़ में स्थित इस आधुनिक सुविधा को इन अहम मैचों की मेजबानी के अधिकार दिए गए हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, यह स्टेडियम बेहद अहम एलिमिनेटर और क्वालिफायर-2 मैचों के लिए स्थल के रूप में काम करेगा। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन (पीसीए) के अध्यक्ष अमरजीत मेहता ने आने वाले आयोजनों को लेकर अपना भरोसा जताते हुए कहा कि एसोसिएशन इस जिम्मेदारी को संभालने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि पिछले साल इस स्टेडियम में प्लेऑफ मैचों के सफल आयोजन ने बीसीसीआई के एक बार फिर पीसीए पर भरोसा करने के फैसले में अहम भूमिका निभाई। मेहता ने जोर देकर कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा कि ए मैच प्रशंसकों और खिलाड़ियों, दोनों के लिए यादगार बनें। एलिमिनेटर मैच में पॉइंट्स टेबल में तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें आमने-सामने होंगी, जबकि क्वालिफायर-2 में क्वालि फायर-1 में हारने वाली टीम का मुकाबला एलिमिनेटर के विजेता से होगा। जहां एक ओर न्यू चंडीगढ़ को ए अहम मैच मिले हैं।

**खेल विशेष**

### हार्दिक आरसीबी के साथ होने वाले मैच के लिए रायपुर नहीं जाएंगे

**मुम्बई, वार्ता।** हार्दिक पांड्या रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ होने वाले मैच के लिए मुंबई इंडियंस टीम के साथ रायपुर नहीं जा रहे हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को अपरान्ह जब मुम्बई इंडियंस (एमआई) के खिलाड़ी मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 (घरेलू) पर इकठ्ठा हुए थे, लेकिन कप्तान हार्दिक पांड्या वहां नहीं थे। यह बात का तुरंत कोई संकेत नहीं है कि पांड्या मैच के करीब टीम के साथ जुड़ेंगे। पांड्या वानखेड़े स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस के पिछले मैच में नहीं खेले थे, जहां सूर्यकुमार यादव ने उनकी जगह ली थी। उनकी गैरमौजूदगी का ऑफिशियल कारण पीठ में ऐंठन थी। उस गेम के टॉस के समय सूर्यकुमार ने बताया था, आज रात उनकी तबीयत ठीक नहीं है, इसलिए मैं बस उनकी जगह ले रहा हूं। लेकिन बाकी सब ठीक है।

### जोकोविच रोम में वापसी करेंगे

**रोम, वार्ता।** बनोवाक जोको. विच इटेलियन ओपन में फिर से एक्शन में आने के लिए तैयार हैं। रिकॉर्ड 40 बार के एटीपी मास्टर्स 1000 चैंपियन, जो चोट के कारण छह सप्ताह से अधिक समय तक बाहर रहने के बाद वापसी की तैयारी कर रहे हैं, रोम में मौजूद हैं। जोकोविच, जिनका पिछला मैच 12 मार्च को इंडियन वेल्स में जैक ड्रेपर के खिलाफ था, ने सोमवार को फोरो इटालिको में पेरू के इग्नासियो बुसे के साथ प्रैक्टिस की। अपनी शारीरिक समस्याओं से पहले, जोकोविच ने 2026 सीजन की शानदार शुरुआत की थी। 38 वर्षीय खिलाड़ी जनवरी में हुए ऑस्ट्रेलियन ओपन में 2024 के बाद अपने पहले बड़े फाइनल में पहुंचे थे, जबकि इंडियन वेल्स में उनका सफर चौथे दौर के निर्णायक-सेट टाई-ब्रेक में ड्रेपर ने खत्म किया था।

### सैमसन सीएसके की बल्लेबाजी की रीढ़ हैं: गायकवाड़

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऋतुराज गायकवाड़ ने संजू सैमसन को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की बल्लेबाजी की रीढ़ बताया। मंगलवार को दिल्ली में सैमसन की नाबाद 87 रन की पारी की बदौलत सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराया। आईपीएल 2026 में अपनी नई फेंचाइजी के लिए यह सैमसन का तीसरा 80 से ज्यादा रन का स्कोर था। खास बात यह रही कि जब भी उन्होंने 40 रन का आंकड़ा पार किया है, सीएसके ने मैच जीता है। यह फॉर्म 2026 टी20 विश्व कप के अंतिम चरण से जारी है। उस विश्व कप के दौरान सैमसन प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट रहे थे और भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। )तुराज ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा, बल्लेबाजी के बारे में बात करूं तो मैं यही कहूंगा कि विश्व कप और अभी जिस तरह का टूर्नामेंट संजू ने खेला है।

## संजू सैमसन ऑरेंज कैप तालिका के शीर्ष पांच में पहुंचे

**नई दिल्ली, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने धीमी और टर्न ले रही दिल्ली की पिच पर 52 गेंदों में नाबाद 87 रन की मैच जिताऊ पारी खेलकर ऑरेंज कैप तालिक के शीर्ष पांच में जगह बना ली। सैमसन ने मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ यह कारनामा किया।



उन्होंने गुजरात टाइटंस के बी साई सुदर्शन को पांचवें स्थान से हटाया। इसके साथ ही वह केएल राहुल, अभिोक शर्मा, हाइनरिक क्लासन और वैभव सूर्यवंशी के साथ आईपीएल 2026 में 400 या उससे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शामिल हो गए। सैमसन के इस सीजन 10 पारियों में 402 रन हो गए हैं। उनका औसत 57-42 और स्ट्राइक रेट 167-50 का है। बुधवार रात सनराइजर्स हैदाबाद का मुकाबला पंजाब किंग्स से होना है। ऐसे में अभिोक शर्मा और क्लासन दोनों के पास टॉप स्थान तक पहुंचने का मौका रहेगा। वहीं पर्पल कैप तालिका की बात की तो मंगलवार के मुकाबले के बाद पर्पल कैप टेबल के टॉप पांच में कोई बदलाव नहीं हुआ। भुवनेश्वर कुमार अब भी 17 विकेट के साथ टॉप पर बने हुए हैं।

## बेंगलुरु की जगह अहमदाबाद में होगा आईपीएल 2026 का फाइनल

**मुम्बई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 का 31 मई को होने वाला फाइनल मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा।

बीसीसी आई ने इसी के साथ को प्लेऑफ मुकाबलों के शेड्यूल का ऐलान कर दिया। साथ ही प्वाइंट टेबल की टॉप दो टीमें 26 मई को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में क्वालिफायर वन खेलेंगी। इस मुकाबले की विजेता टीम सीधे फाइनल में जगह बनाएगी। इसके बाद प्लेऑफ का कारवां न्यू चंडीगढ़ पहुंचेगा। 27 मई को न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में एलिमिनेटर मैच



विजेता टीम सीधे फाइनल में जगह बनाएगी, बीसीसीआई ने प्लेऑफ मुकाबलों के शेड्यूल का ऐलान किया

होगा। जिसमें तीसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली टीमें आमने सामने होंगी। इसी मैदान पर 29 मई को क्वालिफायर 2 भी खेला जाएगा। इसमें क्वालिफायर वन में हारने वाली टीम और एलिमिनेटर की विजेता टीम से मुकाबला करेंगी। बीसीसीआई ने अपने बयान में कहा कि कुछ ऑपरेशनल और लॉजिस्टक कारणों की वजह से इस बार प्लेऑफ तीन अलग-अलग स्थानों पर कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पहले फाइनल की मेजबानी बेंगलुरु को दी गई थी। हालांकि स्थानीय संघ और प्रशासन की कुछ आवश्यकताएं बीसीसीआई के तय दिशा निर्देशों और प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर थीं। इसी वजह से फाइनल को बेंगलुरु से हटाकर अहमदाबाद स्थानांतरित किया गया। इसी बीच कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) ने आईपीएल 2026 के प्लेऑफ और फाइनल की मेजबानी के लिए नजरअंदाज किए जाने पर अपनी निराशा जाहिर की है।

## टॉप-2 में अपनी जगह पक्की करना चाहेगी आरसीबी

**लखनऊ, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में बुधवार को यहां भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) से भिड़ेगी।

इस मुकाबले में आरसीबी की कोशिश टॉप-2 में अपनी जगह पक्की करने और एलएसजी की घरेलू मैदान पर चल रही खराब किस्मत को और गहरा करने की होगी। यह मुकाबला इस सीजन में दो ऐसी टीमों के बीच हो रहा है जो बिल्कुल अलग-अलग दिशाओं में आगे बढ़ रही हैं।

आरसीबी इस टूर्नामेंट की सबसे संतुलित टीमों में से एक नजर आई है, जिसने अपने नौ में से छह मैच जीते हैं। वहीं,



एलएसजी का अभियान लगातार पटरी से उतरता गया है, जिसने नौ मैचों में सिर्फ दो जीत हासिल की हैं। लखनऊ फेंचाइजी के लिए सबसे ज्यादा चिंता की बात यह रही है कि वह घरेलू मैदान के फायदे का लाभ उठाने में नाकाम रही है। एलएसजी इस सीजन में इकाना स्टेडियम में अपने चारों मैच हार चुकी है। जिस मैदान को टीम का किला माना जा रहा था, वह अब चिंता का एक बड़ा सबब बन गया है। प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें लगभग खत्म हो चुकी हैं, ऐसे में टीम अब ज्यादातर अपनी प्रतिठा और लय बनाए रखने के लिए खेल रही है। दूसरी ओर, आरसीबी ने खेल के हर विभाग में निरंतरता दिखाई है। हालांकि, पिछले मैच में उन्हें गुजरात टाइटंस के हाथों हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन रजत पाटीदार की अगुवाई वाली इस टीम ने इस सीजन में सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बने रहने के लिए पर्याप्त गहराई और संयम का प्रदर्शन किया है। विराट कोहली आरसीबी की बल्लेबाजी क्रम के मुख्य स्तंभ बने हुए हैं। इस अनुभवी बल्लेबाज ने इस सीजन में 54 से ज्यादा के शानदार औसत से 350 से ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने पारी की शुरुआत करते हुए स्थिरता और आक्रामकता का बेहतरीन तालमेल दिखाया है।

## अभिषेक शर्मा टी20 रैंकिंग में शीर्ष पर कायम

**दुबई, वार्ता।** भारत के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा बुधवार को जारी आईसीसी टी20 खिलाड़ियों की ताजा रैंकिंग में शीर्ा स्थान पर बरकरार रहे। अभिषेक 875 अंकों के साथ चार्ट में सबसे आगे हैं, उनके बाद किशन 871 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। शीर्ा 10 में उनके साथ तिलक वर्मा भी शामिल हैं, जो छठे स्थान (742) पर हैं, और भारत के टी 20 कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें स्थान (722) पर हैं।

बांग्लादेश के कई 'व्हाइट-बॉल' (सीमित ओवरों के क्रिकेट) सितारों ने इस ताजा अपडेट में बड़ी बढ़त हासिल की है। बंगलादेश ने हाल ही में अपने घर पर न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज पूरी की, जिसमें एक मैच बारिश की वजह से धुल गया, जिसका मतलब है



कि सीरीज 1-1 से बराबरी पर समाप्त हुई। लेकिन इसने खिलाड़ियों के एक समूह को अपनी सर्वश्रेठ फॉर्म हासिल करने और रैंकिंग में ऊपर चढ़ने से नहीं रोका, जिसमें बंगलादेश के बल्लेबाज और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' तौहीद हृदोय सबसे ज्यादा सुधार करने वाले खिलाड़ियों में से एक रहे। इस दाएं हाथ के बल्लेबाज ने दो पारियों में 84 रन बनाकर टी20 बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान की छलांग लगाते हुए 37वां स्थान हासिल किया। बंगलादेश के कप्तान लिटन दास (एक स्थान ऊपर चढ़कर 52वें स्थान पर) भी उन खिलाड़ियों में शामिल हैं।

## भारत टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंचा, टी20 रैंकिंग में वर्चस्व

**दुबई, वार्ता।** एक मई को आईसीसी टीम रैंकिंग के सालाना अपडेट के पहले चरण में, ऑस्ट्रेलिया ने पुरुषों की टेस्ट और महिलाओं की वनडे टीम रैंकिंग, दोनों में शीर्ष पर अपनी मजबूत पकड़ बनाए रखी। और अब, ताजा अपडेट में उन्होंने महिलाओं की टी20 टीम रैंकिंग में भी बढ़त बना ली है।

उनके दबदबे को पुरुों के टी20 विश्व कप चैंपियन भारत ने तोड़ा है, जो टी20 टीम रैंकिंग में अपना वर्चस्व बनाए हुए है, उनके बाद इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया का नम्बर आता है। सालाना रैंकिंग अपडेट में मई 2025 से खेले गए सभी मैचों को पूरा महत्व (100 प्रतिशत दिया जाता है, जबकि पिछले दो वर्ाों के परिणामों को 50 प्रतिशत महत्व दिया जाता है। सालाना अपडेट का पुरुषों की टेस्ट रैंकिंग में शीर्ा दो टीमों पर कोई असर नहीं पड़ा, ऑस्ट्रेलिया नम्बर 1 पर अपना राज जारी रखे हुए है और तीन अंकों की बढ़त के साथ 131 अंकों पर पहुंचकर अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है। मौजूदा विश्व टेस्ट चैंपियन दक्षिण अफ्रीका भी नम्बर 2 पर मजबूती से कायम है, जिसे तीन अंकों की इसी तरह की बढ़त से फायदा हुआ है और वह 119 अंकों पर पहुंच गया है। भारत एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे (104) स्थान पर पहुंच गया है और उसने इंग्लैंड (102) को पीछे छोड़ दिया है। इंग्लैंड एक स्थान नीचे खिसक गया है क्योंकि 30 अप्रैल, 2023 से पहले के परिणामों का महत्व अब रैंकिंग में शामिल नहीं है, इन परिणामों में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू सीरीज में मिली जीत, साथ ही पाकिस्तान में 3-0 से मिली जीत शामिल है। पाकिस्तान (89) को भी सालाना अपडेट से फायदा हुआ है, वह श्रीलंका (86) से आगे निकल गया है क्योंकि इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में मिली 3-0 की हार का महत्व अब रैंकिंग में शामिल नहीं है, और साथ ही 2024 में बांग्लादेश के खिलाफ मिली 2-0 की हार का महत्व भी आधा कर दिया गया है। वेस्ट इंडीज, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे शीर्ा 10 टीमों की सूची पूरी करते हैं, जबकि आयरलैंड रैंकिंग से बाहर हो गया है क्योंकि उसने रेटिंग अवधि के दौरान जरूरी आठ मैच नहीं खेले हैं।

## हमारा वर्ल्ड कप होस्ट 'फीफा है ट्रम्प या अमेरिका नहीं': ईरान

**तेहरान, वार्ता।** ईरान के फुटबॉल प्रमुख का कहना है कि उनके वर्ल्ड कप का होस्ट फीफा है, न कि मिस्टर ट्रम्प या अमेरिका और उन्होंने इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के प्रति सम्मान की मांग की है, अगर राट्रीय टीम को इस गर्मी में होने वाले टूर्नामेंट के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की यात्रा करनी है।

अमेरिका और इजराइल के साथ युद्ध के कारण वर्ल्ड कप में ईरान की भागीदारी को लेकर अभी भी अनिश्चितता बनी हुई है। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, ईरानी एफए के प्रमुख मेहदी ताज उस प्रतिनिधिमंडल में शामिल थे, जो पिछले सप्ताह वैंकूवर में फीफा कांग्रेस से पहले कनाडाई सीमा से वापस लौट आया था, क्योंकि उन्हें लगा कि आव्रजन अधिकारियों द्वारा उनके साथ अपमानजनक व्यवहार किया गया। ताज ने कहा कि घर लौटने



का फैसला उनका अपना था, लेकिन कनाडा के आव्रजन मंत्री ने संसद में पुटि की कि ईरानी एफए अध्यक्ष का वीजा उस समय रद्द कर दिया गया था जब वे हवाई जहाज में थे, क्योंकि आईआरजीसी के साथ उनके संबंध थे। आईआरजीसी की स्थापना ईरान की इस्लामी व्यवस्था की रक्षा के लिए की गई थी और यह देश में एक प्रमुख सैन्य, राजनीतिक और आर्थिक शक्ति बन गया है। हालांकि, कनाडा और अमेरिका में इस समूह को एक आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। फीफा के महासचिव मैटियस ग्राफस्ट्रॉम ने असुविधा और निराशा के लिए खेद व्यक्त करते हुए एक पत्र लिखा और ईरान को 20 मई को जड़्रिख में उनके वर्ल्ड कप की तैयारियों के बारे में बैठक के लिए आमंत्रित किया है। ताज, जो आईआरजीसी के एक उच्च पदस्थ अधिकारी रह चुके हैं, ने मंगलवार को सरकारी प्रसारक इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान ब्रॉडकास्टिंग को बताया कि वे वर्ल्ड कप में ईरानी अधिकारियों के साथ होने वाले व्यवहार के बारे में शासी निकाय से आश्वासन मांगेंगे।

# बसपा कोर्डिनेटर नरेश व विजय के पुतले फूंके



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसपा कार्यालय पर आज कार्यकर्ताओं ने अपनी नाराजगी जताते हुए मंडल कोर्डिनेटर नरेश गौतम व विजय सिंह के पुतले फुंके। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती से दोनों पदाधिकारियों को पार्टी से निष्कासित किये जाने की मांग की है।

आज मल्हीपुर रोड स्थित निर्माणाधीन बसपा कार्यालय पर भारी संख्या में कार्यकर्ता पहुंचे और मंडल कॉर्डिनेटर नरेश गौतम व विजय सिंह के खिलाफ जमकर नारे बाजी की। बाद में दोनो पदाधिकारियों के पुतले को आग के हवाले किया गया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे पूर्व जिला सचिव अरविन्द कुमार ने कहा कि बसपा को बनाने में हमारे महापुरुषों मान्यवर काशीराम एवं बहन जी के त्याग बलिदान समर्पण बहुत ही समर्पित मिशनरी वफादार कार्यकर्ताओं बड़े बुजुर्गों ने अपने खून पसीने से पार्टी संगठन को खड़ा किया है, लेकिन जिले में मंडल कोऑर्डिनेटर नरेश गौतम के गलत एवं मनमानी आचरणों के कारण पार्टी को लगातार कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बसपा जैसे विशाल वृक्ष को नरेश गौतम जैसे अवसरवादी लोगों के हाथों में देने के विरोध में ये प्रदर्शन किया जा रहा है। यदि दोनों कोर्डिनेटर के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती है तो आंदोलन आगे भी जारी रहेगा।

पुतला फुंकने वालों में बबलू, राम सिंह लंढौरा, शिवम, नेपाल सिंह, शिव कुमार, सुरेंद्र कुमार, गोविंद सिंह शामिल रहे।

## रणधीर बेनीवाल पर भी लगा चुके हैं आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बसपा के मंडल कोर्डिनेटर नरेश गौतम व विजय सिंह का पुतला फुंकने वाले पूर्व जिला सचिव अरविंद कुमार पहले भी नेशनल कोर्डिनेटर रहे रणधीर बेनीवाल पर गंभीर आरोप लगा चुके है। हांलाकि उन्होंने बाद में इसके लिये माफी मांग कर अपने आरोपों का खंडन किया था।

बसपा नेतृत्व ने हाल ही में संगठन में बडा फेरबदल कर नई जिम्मेंदारियों सौंपी थी। जिसमें नरेश गौतम, विजय सिंह व हाजी सरफराज राईन को मंडल कोर्डिनेटर की जिम्मेंदारी दी थी। वहीं नेशनल कोर्डिनेटर रहे रणधीर सिंह बेनीवाल को जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश का प्रभारी बनाया गया। इससे पहले पार्टी में शामिल किये गये अनिल पप्पू व जगपाल सिंह को पार्टी में शामिल करने के बाद फिर से बाहर का रास्ता दिखाया गया। मंडल कोर्डिनेटर के मनोनयन के बाद पार्टी में फिर गुटबाजी मुखर होने लगी। आज मंडल कोर्डिनेटर नरेश गौतम व विजय सिंह का पुतला फुंका जाना गुटबाजी का ही हिस्सा रहा है। हांलाकि पुतला फुंकने वालों का नेतृत्व कर रहे पूर्व जिला सचिव अरविंद कुमार लखनऊ की रैली में रणधीर सिंह बेनीवाल पर करोडों कमाने के आरोप लगाये थे। हांलाकि बाद में उन्होंने माफी मांग कर अपने बयान का खंडन कर दिया था, लेकिन अब नरेश गौतम व विजय सिंह पर आरोप लगाना भी कहीं न कहीं उनके इरादों को जाहिर कर रहा है।

बहरहाल विधानसभा चुनाव 2027 से पहले जिले की बसपा में अंर्तकलह सामने आ रही है। बहनजी समय रहते इस अंर्तकलह पर लगाम नहीं लगाती है तो यह आने वाले समय में बसपा के लिये खतरे की घंटी बन सकता है।

# सीएम के प्रस्तावित आगमन को लेकर एडीजी का स्थलीय निरीक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एडीजी जोन मेरठ भानु भास्कर ने थाना देवबंद क्षेत्रान्तर्गत सिल्वर पैराडाइज गार्डन में प्रस्तावित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया।

भानु भास्कर ने ड्यूटी में लगे पुलिस बल को ब्रीफ करते हुए सतर्कता, संवेदनशीलता और ड्यूटी के प्रति पूर्ण निष्ठा बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वीवीआईपी कार्यक्रम के दौरान किसी भी प्रकार की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के बाद एडीजी जोन ने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ गोष्ठी की। उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था, पार्किंग, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी, संदिग्धों पर नजर और भीड़ नियंत्रण को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए। एडीजी ने कहा कि रूट लाइनिंग से लेकर कार्यक्रम स्थल तक चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। फायर सेफ्टी, मेडिकल टीम और आपातकालीन सेवाओं को भी अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए गए। इस दौरान एडीजी जोन ने सीओएम सहारनपुर रेंज, डीआईजी रेंज, डीएम, एसएसपी एवं अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का भ्रमण किया। उन्होंने कार्यक्रम स्थल व उसके आस-पास के क्षेत्रों में सुरक्षा इंतजामों का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान इस दौरान एसपी देहात, एसपी सिटी, एएसपी, सीओ देवबंद, स्थानीय थाना प्रभारी समेत खुफिया विभाग व एलआईयू के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# मांगों के समर्थन में आसपा का ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी।** ज्योतिबा फुले चौक पर भीम आर्मी भारत एकता मिशन एवं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शन का नेतृत्व भीम आर्मी के जिला उपाध्यक्ष एवं भावी प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य वार्ड-48 राव तैमूर ने किया। कार्यकर्ताओं ने जोरदार तरीके से अपनी मांगें उठाईं।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता उच्च अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों को समझाकर शांत कराया। उन्होंने मांगों को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने गागलहेड़ी थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंप दिया। इस दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

ज्ञापन में मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित करते हुए कहा गया कि जनपद सहारनपुर में निजी स्कूल संचालक किताब विक्रेताओं से कमीशन लेकर छात्रों को महंगी निजी किताबें खरीदने के लिए मजबूर कर रहे हैं। इससे गरीब व मध्यम वर्ग के बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। कार्यकर्ताओं ने मांग की कि सभी निजी स्कूलों में एनसीईआरटी की किताबें अनिवार्य रूप से लागू की जाएं, ताकि सभी बच्चों को समान और सस्ती शिक्षा मिल सके। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष राव तैमूर ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता लाना बेहद जरूरी है।

इसके साथ ही ज्ञापन में टोल टैक्स की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया गया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि 20 किलोमीटर के दायरे में दो टोल प्लाजाख्एक चमारी खेड़ा और दूसरा गणेशपुर में संचालितख्होने के कारण स्थानीय वाहन चालकों को दोहरा टोल देना पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। इस पर जिला उपाध्यक्ष राव तैमूर ने नाराजगी जताते हुए 20 किलोमीटर के भीतर स्थित टोल प्लाजा को समाप्त करने या स्थानीय लोगों को राहत देने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान भीम आर्मी युवा मोर्चा के अध्यक्ष सचिन देव, जिला संगठन मंत्री विनोद कुमार बलाचौर, पूर्व देहात विधानसभा कोषाध्यक्ष मेनपाल सिंह, मोहित कुमार, नीटू कुलदीप चोपड़ा, वाहिद कुरैशी, मुन्ना मलिक, गीता रानी, बालाजी, सुषमा सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जनगणना विकास का महत्वपूर्ण आधार: मानवेन्द्र



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** एस डी एम तहसील बेहट मानवेन्द्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना देश के विकास का सबसे महत्वपूर्ण आधार है। जनगणना 7 मई 2026 से 21 मई 2026 तक स्व-गणना की प्रक्रिया चलेगी।

उन्होंने क्षेत्रीय नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वो अपने परिवार से संबंधित सही जानकारी जनगणना कर्मचारियों को देकर उनका सहयोग करे जिस से आप की जनगणना सही हो सके। उन्होंने यह भी बताया कि नागरिक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से खुद जानकारी दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने जानकारी दी कि 22 मई 2026 से 20 जून 2026 तक घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण और गणना की जाएगी। एस डी एम मानवेंद्र सिंह ने यह भी बताया कि इस दौरान प्रत्येक घर का पूरा विवरण दर्ज किया जाएगा।उन्होंने कहा कि जनगणना अधिनियम 1948 के तहत सभी नागरिकों को सही जानकारी देना अनिवार्य है।

उन्होने यह भी बताया कि कुल 33 महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर लिए जाएंगे। इनमें मकान की स्थिति, उपयोग, निर्माण सामग्री और सुविधाओं की जानकारी शामिल होगी।

उन्होंने बताया कि परिवार के सदस्यों की संख्या, नाम, लिंग और सामाजिक वर्ग की जानकारी भी ली जाएगी सभी क्षेत्र के नागरिक अपनी जनगणना के संबंध में सही जानकारी जनगणना कर्मचारियों को देकर जनगणना के कार्यों में उनका सहयोग करे।

# आपरेशन सवेरा के तहत हत्थे चढ़ा नशा तस्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** फतेहपुर पुलिस का नशा तस्करों के खिलाफ अभियान ऑपरेशन सवेरा पूरी रफ्तार से जारी है नशे के सौदागरों पर नकेल कसते हुए थाना फतेहपुर पुलिस ने एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है।

प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सटीक सूचना के आधार पर ग्राम रसूलपुर के पास घेराबंदी कर जाकिर पुत्र अय्यूब को धर दबोचा जाकिर के कब्जे से पुलिस ने 12.64 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है जिसकी बाजार में अच्छी-खासी कीमत आंकी जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, पकड़ा गया अभियुक्त फतेहपुर भादो इलाके का रहने वाला है और लंबे समय से नशे के अवैध कारोबार में लिप्त था फिलहाल पुलिस इसके पूरे नेटवर्क को खंगाल रही है कि आखिर इस तस्करी के तार और कहाँ-कहाँ जुड़ें हैं। पकड़े गए तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा जा रहा है। पुलिस कार्यवाही में उप-निरीक्षक मशकूर अली, सनी कुमार और कुलदीप कुमार की अहम भूमिका रही।

# चौ. अजीत हमारे प्रेरणास्रोत: चौ. नीरपाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय लोकदल कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी अजित सिंह की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर विचार गोष्ठी का आयोजन किया।

हकीकत नगर कैंप कार्यालय पर राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. नीरपाल सिंह ने चौधरी अजित सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि चौधरी अजित सिंह ने हमेशा किसानों के हकघ की आवाज बुलंद की, सादगी और ईमानदार राजनीति की पहचान बनाने वाले चौधरी साहब ने अपने पूरे जीवन में किसान, मजदूर और आम जनमानस के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और उनकी आवाज को देश की संसद तक पहुँचाया आपकी दूरदर्शिता, स्पष्ट सोच और जनसेवा के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा है। आपके आदर्श और सिद्धांत सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रिंकू सोनकर, महानगर अध्यक्ष अरविंद मलिक, वरिष्ठ नेता मुकेश चौधरी, राजीव चौधरी, आरिफ चौधरी, राजकुमार, राजेश, लल्लन प्रसाद, श्रवण कुमार, उसेनदर शर्मा उपस्थित रहे।

## पत्नी को तलाश करने की गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव निवासी युवक ने थाना पर तहरीर देकर गुमशुदा पत्नी को तलाश कराये जाने की गुहार लगायी है।

गांव दुधगढ निवासी युवक नदीम पुत्र गालिब ने थाना पर तहरीर देते हुए अवगत कराया कि मंगलवार को सुबह जैसे ही वह उठा तो देखा कि उसकी पत्नी घर पर नहीं थी। उसने बताया कि काफी देर तक वह पत्नी के शौच आदि जाने की सोचकर इंतजार करता रहा, लेकिन काफी समय बीत जाने पर भी जब उसकी पत्नी वापस नहीं आयी तो आस पास तलाश व पड़ोसियों से पुछताछ की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका।

# स्कूली बच्चों को परोसा गया भोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** अन्नपूर्णा रसोई का आयोजन किया गया इस अवसर पर सैकड़ों स्कूली बच्चों को मुफ्त भोजन परोसा गया। आयोजकों द्वारा विशेष अवसरों पर अन्नपूर्णा रसोई का अलग-अलग स्थानों पर आयोजन किया जाता रहा है।

मंगलवार को यह आयोजन गुरूद्वारा सिंह सभा में किया गया। संयोजक अजय कुमार, पल्लवी अरोड़ा ने अपने पुत्र कबीर अरोड़ा के जन्म दिन पर किया तथा गुरूद्वारे में पहले अरदास कराई उसके बाद भोजन वितरण का कार्य आरंभ किया गया। भोजन स्कूली बच्चों को तिरित किया गया। अन्नपूर्णा रसोई के संचालक लायंस क्लब गंगोह सेंट्रल और सिम्मी वेलफेयर फाउंडेशन है। फाउंडेशन के अरविंद कपूर ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति अन्नपूर्णा रसोई का आयोजन अपनों के लिए करा सकता है। व्यवस्था के लिए क्लब और फाउंडेशन के अधिकारियों से संपर्क करे। स्थान और समय आयोजक की सहमति से ही होगा। इस अवसर पर तलविंद्र कपूर, सपना टेबक, अरविंद टेबक, पंकज राजपूत, रजनी राजपूत आदि मौजूद रहे।

# 10 रुपये कुंतल एफआरपी बढाना क्रूर मजाक: वर्मा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार ने 10 रूपये कुंतल एफआरपी गन्ना मूल्य बढ़ाकर देश के गन्ना किसानों के साथ कुरुर मजाक किया है। और यह बड़ा धोखा है। उचित और लाभकारी मूल्य एफआरपी का हिंदी में नाम है। 365 रुपए कुंतल गन्ना मूल्य न उचित है और लाभकारी तो किसी भी कीमत पर नहीं है।

संगठन कार्यालय पर किसानों की बैठक को सम्बोधित करते हुए उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में गन्ना मूल्य 400 रूपये प्रति कुंतल है ।हरियाणा में 415 रुपए कुंतल है। पंजाब में 416 रुपए कुंतल है। पंजाब की सरकार ने इस वर्ष अपने गन्ना किसानों को 67 रुपए 50 पैसे कुंतल बोनस अपने गन्ना किसानों को दिया है। हरियाणा सरकार ने अपने गन्ना किसानों को 18 रुपए कुंतल बोनस दिया है। गन्ने की उत्पादन लागत 550 रुपए कुंतल आ रही है। इस हिसाब से केंद्र सरकार की एफआरपी और उत्तर प्रदेश की एस ए पी गन्ना किसानों के साथ बड़ा धोखा है। प्रधानमंत्री श्वेत पत्र जारी करके बताएं की कैसे देश के 5 करोड़ गन्ना किसानों को मात्र 10 रूपये कुंतल एफआरपी बढ़ाकर लाभ होगा। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय सलाहकार हाफिज मूर्तजा त्यागी ने की। और संचालन प्रदेश सचिव ऋषि पाल गुर्जर ने किया।

बैठक में राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉक्टर अशोक मलिक प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित नीरज कपिल प्रदेश संगठन मंत्री धर्मवीर चौधरी प्रदेश सचिव मास्टर रईस अहमद जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष वसीम जहीरपुर प्रदेश मीडिया प्रभारी दुष्यंत सिंह आदि पदाधिकारियों ने भाग लिया।

# एकात्म मानववाद का संगम ही संगठन की शक्ति: मानसिंह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने कहा कि डॉ. मुखर्जी की विचारधारा और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद का संगम ही संगठन की शक्ति है, जो आज देश के कोने-कोने में जनसमर्थन प्राप्त कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे इस विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ कार्य करें। हैं। तीनों प्रदेशों में प्राप्त प्रचंड बहुमत एवं पश्चिम बंगाल में पहली बार सरकार गठन को ऐतिहासिक जनादेश बताया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी दिल्ली रोड स्थित जिला व महानगर कार्यालय पर पं. दीनदयाल प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान की कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व भारत माता के चित्रों पर पुष्पांजलि करनें के उपरांत वंदेमातरम गीत का गायन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी रहे। कार्यशाला की प्रस्तावना महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई द्वारा रखी गई जिसमें उन्होंने प्रशिक्षण वर्ग के विषय में बताया कि संगठन द्वारा जो ये वर्ग लगाया जाता है। कार्यकर्ताओं के वैचारिक, राष्ट्रवाद संगठनात्मक और नेतृत्व विकास का सशक्त माध्यम है। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान की कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीनों प्रदेशों में प्राप्त प्रचंड बहुमत एवं पश्चिम बंगाल में पहली बार सरकार गठन को ऐतिहासिक जनादेश बताया। कार्यशाला के समापन पर सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन के सिद्धांतों पर चलते हुए राष्ट्र सेवा एवं समाज कल्याण के कार्यों में निरंतर सक्रिय रहने का संकल्प लिया। मंच पर नगर विधायक राजीव गुंबर, महापौर अजय कुमार सिंह, पूर्व महापौर संजीव वालिया, पूर्व विधायक जगपाल सिंह, अनुसूचित आयोग के सदस्य महिपाल बाल्मीकि, पूर्व महानगर अध्यक्ष के. एल. अरोड़ा, हेमंत अरोड़ा, अमित गगनेजा उपस्थित रहें। कार्यशाला में सभी महानगर पदाधिकारी, कार्यकारणी सदस्य, मंडल अध्यक्ष, मोर्चे के अध्यक्ष व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मरणोपरांत नेत्रदान है पुनित कार्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** श्री भगवती मेला समिति सहित विभिन्न धार्मिक संस्थाओं से जुडे रहें राकेश गुप्ता के मरणोपरांत नेत्रदान कराकर मानवता की सेवा का पुनीत कार्य किया है। जिससे दो नेत्रहीन व्यक्तियों के जीवन की कालिमा दूर होकर पुन: प्रकाश आने की उम्मीद जगी है।

उनके पुत्र विशांक गुप्ता ने नेत्रदान को समर्पित संस्था दृष्टि एक प्रयास के माध्यम से रोशनी आई बैंक चिकित्सालय सहारनपुर के सीएमओ डॉ. श्वेता सिंह के मार्गदर्शन में सूरज जैन एवं सिया कश्यप ने गंगोह पहुंचकर नेत्रों के कॉर्निया प्राप्त कर दो नेत्रहीन व्यक्तियों को प्रत्यारोपित कराने का कार्य किया है। संस्था अब तक 94 नेत्रहीनों के जीवन में उजाला लाने का कार्य कर चुकी है। शांति देवी, लता, मीरा, गौरवी, श्रेयांश, रविंद्र, चित्रा, विजित, सोनिया, सर्विल, निशांक, अर्जित, गरिमा, हर्षमोहन, श्रेष्ठ, शुभम, अनूप, सुनील, संदीप, अमित, गगन, पीयूष आदि मौजूद रहे।

## परेशानी में टीवीके

हालांकि तमिलनाडु में विजय की 2 साल पुरानी पार्टी टीवीके ने सबसे ज्यादा सीटें लाकर चौंका दिया। 59 साल में पहली बार राज्य में ऐसी सरकार बनने जा रही है, जिसमें DMK या IIADMK नहीं होगी, लेकिन राज्य में विधायकों की संख्या के गणित फिलहाल टीवीके चीफ विजय को परेशानियों में डाल दिया है, कांग्रेस मिले समर्थन के बावजूद भी मुख्यमंत्री बनने के लिए उनके पास पर्याप्त विधायक नहीं हैं, ऐसे हालात के चलते अटकलें लगाई जा रही हैं कितमिलनाडु में 7 मई को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह टल सकता है। टीवीके चीफ विजय ने बुधवार को लोकभवन में राज्यपाल से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया। सूत्रों के मुता. बिक, विजय ने 113 विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा है। समर्थन पत्र में टीवीके 107 और कांग्रेस के 5 विधायकों के हस्ताक्षर हैं। राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने 118 विधायकों के समर्थन के पत्र की मांग की। इस पर विजय ने समर्थन के लिए समय मांगा। 234 सदस्यीय विधानसभा में टीवीके की 108 सीटें हैं, लेकिन विजय दो सीटों पर जीते हैं, इसलिए एक सीट छोड़ने पर यह 107 रह जाएंगी। कुल सीटें 233 होने पर भी बहुमत 118 ही रहेगा, इसलिए टीवीके को 11 और विधायक चाहिए। फिलहाल कांग्रेस के 5 विधायकों का समर्थन मिला है। पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार का शपथ समारोह 9 मई को कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में सुबह 10 बजे होगा। प्रदेश अध्यक्ष समिक भटाचार्य ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 7 मई को विधायक दल की बैठक होगी। विजय लेफ्ट और वीसीके जैसे छोटे दलों के भी संपर्क में हैं। इसके अलावा जरूरत पड़ने परAIADMK से भी समर्थन लिया जा सकता है। हालांकि, AIADMK में 20 विधायकों में टूट की खबर भी आ रही है। कौन-कौन सी पार्टी उन्हें समर्थन देंगी यह साफ नहीं है। टीवीके ने बुधवार को अपने सभी नवनिर्वाचित विधायकों को महा. बलीपुरम के चेंगलपटू स्थित फोर पाइंट्स नाम के रिसार्ट में शिफ्ट कर दिया है। बंगाल में 4 मई को रिजल्ट के बाद से हिंसा शुरू हुई। जिसमें पिछले 24 घंटों के दौरान 4 लोगों की हत्या हुई। इनमें भाजपा और टीएमसी के 2-2 कार्यकर्ता हैं। कोलकाता के न्यू मार्केट में मंगलवार रात भीड़ ने टीएमसीके पार्टी आफिस को बुलडोजर से गिरा दिया। उपद्रवियों ने आसपास की दुकानों को भी नुकसान पहुंचाया। वहीं नार्थ 24 परगना जिले के संदेशखाली स्थित बामनघेरी इलाके में मंगलवार रात गश्त कर रही पुलिस और केंद्रीय बलों पर हमला हुआ। उपद्रवियों ने फायरिंग की, जिसमें पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। तमिलनाडु में विजय की 2 साल पुरानी पार्टी टीवीके ने सबसे ज्यादा सीटें लाकर चौंका दिया। बंगाल में हिंसा के लिए भजा व टीएम सी एक दूस. रें पर आरोप मंढ रही हैं, इस सब के बावजूद यह कहने में गुरेज नहीं है कि राज्य कुछ हिस्सों में लोगों का जीवन खतरे में पड़ता जा रहा है। राज्य की राजधानी के न्यू मार्केट इलाके में कथित तौर पर संरचनाओं को गिराने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल किया गया। इससे राजनीतिक विवाद और बढ़ गया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पार्टी कार्यकर्ताओं से शांति बनाए रखने की अपील की है और चेतावनी दी है कि चुनाव बाद की किसी भी तरह की हिंसा को पार्टी बर्दाश्त नहीं करेगी।

# प्रभावित होगी संघीय गणराज्य की दिशा

असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में 2026 के विधानसभा चुनावों के नतीजे कई ऐसे कारकों को रेखांकित करते हैं जो एक धर्मनिरपेक्ष, लो. कतांत्रिक और संघीय गणराज्य के तौर पर भारत की दिशा को प्रभावित करेंगे। असम और पुडुचेरी में जहां भाजपा एवं उसके सहयोगी दलों ने सत्ता बरकरार रखी, वहीं अन्य तीन राज्यों में सत्ताधारी दल जनमत में आए बदलाव की प्रचंड लहर में बह गए। असम में पहली दफा भाजपा ने अकेले दम पर बहुमत के लिए जरूरी 64 सीटों का आंकड़ा पार किया और अपने सहयोगियों के साथ मिलकर 126-सदस्यीय विधानसभा में 101 सीटें जीतीं।

कांग्रेस के लिए यह अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन है - यहां तक कि उसके खाते में असम आंदोलन के बाद 1985 में हासिल की गई सीटों की संख्या से भी कम सीटें आईं। रायजोर दल और असम जातीय परिषद समेत कांग्रेस की अगुवाई वाले गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों को करारी शिकस्त झेलनी पड़ी है, जबकि राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन द्धएनडीएऋ के भीतर के दल - मुख्य रूप से असम गण परिषद और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट - कुछ सीटें जीतने में कामयाब रहे। हालांकि, भाजपा को हासिल स्पष्ट बहुमत के मद्देनजर अब उनका असर बहुत कम रह गया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सांप्रदायिक ध्रुवीकरण वाली बयानबाजी और पुनर्वितरण की योजनाओं के मिश्रण के जरिए राज्य में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई खुद अपनी सीट हार गए। पश्चिम बंगाल में भाजपा ने दीर्घकालिक योजना के दम पर निर्णायक जीत हासिल की



है। राज्य के राजनीतिक इतिहास, दागी चुनाव प्रक्रिया और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की राजनीति की ढलान ने उसकी कामयाबी में मदद पहुंचाई। बंगाल भारत के राष्ट्रीय आंदोलन और हिंदुत्व के विचारों का केंद्र रहा है। अन्य जगहों पर फैलने से काफी पहले हिंदुत्व के विचार यहीं पनपे और क्षेत्रीय पहचान की भावना यहां काफी प्रबल रही है। भाजपा ने सालों की सुनियोजित रणनीति के जरिए राज्य की एक सीमित आबादी को अपने सर्वव्यापी राष्ट्रवादी विमर्श में दीक्षित कर दिया। महाराष्ट्र, असम और ओडिशा की क्षेत्रीय राजनीति को अपने आगोश में समा लेने के बाद, भाजपा ने अपना पूरा ध्यान पश्चिम बंगाल पर केंद्रित किया और आखिरकार फतह हासिल की। टीएमसी के सामने अब अस्तित्व का संकट मंडरा रहा है। उसकी संस्थापक नेता ममता बनर्जी 71 साल की हो चुकी हैं और उसके कार्यकर्ता व मतदाता अब भाजपा के दबाव में आसानी से आ सकते हैं। यह चुनाव भारत के इतिहास में सबसे दागदार चुनाव भी थारू लगभग 27 लाख लोगों के नाम मनमाने ढंग से मतदाता सूची से हटा दिए गए और सुप्रीम कोर्ट ने लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों पर हुए इस गंभीर हमले के प्रति अनुं. चत नजरिया अपनाया। अगर यह आने वाले वक्त का संकेत है, तो यह गंभीर चिंता का सबब है। नागरिकों की सतर्कता, कानून का कठोर पालन और न्याय व्यवस्था की सक्रियता ही समाधान दे सकती है। यह समय केवल सहानुभूति का नहीं, बल्कि ठोस और निरंतर कार्रवाई का है। अगर अब भी नहीं जागे, तो कल और कितनी मासूम चीखें दब जाएंगी।

### कहीं एसआईआर ने, तो नहीं बदला नक्शा

बंगाल में विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिव. ीजन) की खूब चर्चा है। बंगाल की कम से कम 25 ऐसी सीटें हैं, जहां जीत के मार्जिन से ज्यादा नामै प्के तहत अयोग्य पाए गए थे। इसके बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या अब इन सीटों पर फिर से मतदान हो सकते हैं? क्योंकि, सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर पर सुनवाई के दौरान कहा था किै प् में अयोग्य पाए गए वोटरों की तुलना में अगर जीत की मार्जिन कम रहती है तो हम इस तरह के मामले को देखा जा सकता है। केंद्रीय चुनाव आयोग ने निर्वाचन से पहले बंगाल मैं प्के तहत कुल 27 लाख मतदाताओं को अयोग्य पाया था। मतदान से ठीक पहले इनके नाम हटाए गए थे। तृणमूल कांग्रेस का कहना है कि कम से कम 34 लाख ऐसे वोटर हैं, जिनके नाम गलत तरीके से काटे गए। यह मामला सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग है। पहला मामला ममता बनर्जी की भवानीपुर सीट का ही है। यहां पर बीजेपी के शुभेंदु अधिकारी ने करीब 15 हजार वोटों से जीत दर्ज की है। चुनाव आयोग ने यहां पर एसआईआर के तहत 28 हजार मतदाताओं के वोट काट दिए थे, जबकि यहां पर 14,154 मतदाताओं के नाम विचाराधीन हैं। चंपदानी में बीजेपी के दिलीप सिंह को 3026 वोटों से जीत मिली है। सिंह ने यहां पर तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार को हराया है। द इकानोमिक्स टाइम्स के मुताबिक इस सीट पर एसआईआर के तहत 7600 से ज्यादा वोट अयोग्य पाए गए थे। इसी तरह करंदीघी सीट से बीजेपी के बिराज विस्वास ने 19869 वोटों से जीत मिली थी। यहां पर 31,562 मतदाताओं के नाम एसआईआर में अयोग्य पाए गए थे। मुर्शिदाबाद की जंगीपुर विधानसभा सीट पर बीजेपी को 10,542 वोटों से जीत मिली है। यहां पर 36,581 वोटरों को अयोग्य पाया गया है। मोंटेश्वर सीट पर बीजेपी को 14,700 वोटों से जीत मिली है। यहां पर 23,423 वोटरों को अयोग्य माना गया था। हेमताबाद सीट पर एसआईआर के तहत 18,215 अयोग्य पाए गए थे। यहां पर बीजेपी उम्मीदवार को 12,300 वोटों के अंतर से जीत मिली है। बाली सीट पर 11,997 सीटों से बीजेपी को जीत मिली है। यहां एसआईआर में 11,386 मतदाता अयोग्य पाए गए थे, जिनका मामला सुप्रीम कोर्ट में है। दिन्हटा, रैना और दार्जिलिंग की सीट पर भी ऐसा ही ट्रेंड देखने को मिला।समसेरगंज, मानिकचक, सूती, लालगोला और रघुनाथगंज की सीटों पर भी अयोग्य मतदाताओं की तुलना में जीत की मार्जिन कम है। समसेरगंज में 75,000 मतदाता अयोग्य पाए गए थे। यहां पर 7500 वोटों के अंतर से तृणमूल के उम्मीदवार ने जीत दर्ज की है। इसी तरह मानिकचक में 55 हजार वोटरों को अयोग्य पाया गया था। यहां जीत का अंतर 19 हजार है। मुर्शिदाबाद में एसआईआर के तहत 4 लाख से ज्यादा वोट डिलीट किए गए थे। 22 सीटों में से 8 पर बीजेपी और 9 पर तृणमूल को जीत मिली है। 5 सीटों पर कांग्रेस, सीपीएम और जनता उन्नयन पार्टी ने जीती2021 में तृणमूल को यहां की 19 सीटों पर जीत मिली थी।

## श्रीमुख से...

### भाजपा का हर छठा सांसद वोट चोरी से जीता



वोट चोरी से कभी सीटें चुराई जाती हैं, कभी पूरी सरकार, लोकसभा में भाजपा के 240 सांसदों में से लगभग हर छठा सांसद वोट चोरी से जीता है, ऐसे लोगों को क्या भाजपा की भाषा में घुसपैठियाकहा जाना चाहिए, हरियाणा में तो वहां की पूरी सरकार ही 'घुसपैठिया' है, जो संस्थाओं को अपने नियंत्रण में रखते हैं और मतदाता सूचियों व चुनावी प्रक्रिया में हेरफेर करते हैं, वे खुद रिमोट कंट्रोल से संचालित हैं, निष्पक्ष चुनाव होने पर सत्ताधारी दल 140 सीटों के आसपास भी नहीं पहुंच पाएगा।

**राहुल गांधी**
**नेता विपक्ष, लोक सभा**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**
**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**

# केरल व बंगाल में मुस्लिमों ने दिखाया दम

बंगाल में सबसे ज्यादा 36 मुस्लिम विधायक चुनकर विधानसभा पहुंचे हैं। केरलम से 35 मुस्लिम विधायकों ने जीत हासिल की है। असम के 22 विधायक ऐसे हैं, जो मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। इसी तरह तमिलनाडु से मुस्लिम समुदाय के 9 विधायक जीतकर सदन पहुंचे हैं। असम, बंगाल के विधानसभा चुनाव में जहां मुसलमानों का दबदबा कम हो गया है। वहीं केरल में मुस्लिम विधायकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। चुनाव परिणाम के आंकड़ों के मुताबिक इस बार विपक्ष के मजबूत सपोर्ट के बावजूद असम और बंगाल में 15 मुस्लिम विधायक कम हो गए हैं।

वहीं केरल में मुस्लिम विधायकों की संख्या में 3 की बढ़ोतरी हुई है। जम्मू कश्मीर के बाद असम और पश्चिम बंगाल में मुसलमानों की संख्या सबसे ज्यादा है। पश्चिम बंगाल और असम में बीजेपी तो केरल में कांग्रेस गठबंधन को जीत मिली है। असम में कांग्रेस बीजेपी के मुकाबले सीधे मैदान में थी। बंगाल में तृणमूल कांग्रेस और बीजेपी के बीच चुनाव का मुख्य मुकाबला था। कांग्रेस यहां पर वोट के मामले में चौथे नंबर पर रही है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा की 294 सीटें हैं। यहां पर 36 मुस्लिम विधायकों ने जीत हासिल की है। 2021 में यहां मुस्लिम समुदाय के 42 विधायक जीतकर आए थे। इस बार 31 विधायक टीएमसी से जीतकर आए हैं, जबकि 5 विधायक ऐसे हैं, जो कांग्रेस-सीपीएम और छोटी पार्टियों से जीतकर आए हैं। असम में 22 मुस्लिम जीतकर इस बार सदन में आए हैं। असम में विधानसभा की कुल 126 सीटें हैं। कांग्रेस के सिंबल पर 18 मुस्लिम विधायक इस बार चुनकर आए हैं। वहीं 2 विधायक बदरुद्दीन अजमल की पार्टी के हैं। 1 मुस्लिम विधायक अखिल गोगोई की पार्टी के हैं। इसी तरह केरल में मुस्लिम विधायकों की संख्या 35 है। पिछली बार इन विधायकों की संख्या 32 थी। केरल में इस बार इंडियन मुस्लिम लीग के सिंबल पर सबसे ज्यादा 22 मुस्लिम जीतकर सदन पहुंचे हैं। केरल में विधानसभा की कुल 140 सीटें हैं। कांग्रेस के सिंबल पर यहां से 8 मुस्लिम जीतकर सदन पहुंचे हैं। तमिलनाडु में कांग्रेस के सिंबल पर एक मुस्लिम जीतकर सदन पहुंचे हैं। तमिलनाडु में कुल 9 मुस्लिम विधायक जीतकर विधानसभा पहुंचे हैं। देश में मुस्लिम हिस्सेदारी को लेकर गाहे-बगाहे सवाल उठते रहे हैं। 2024 के लोकससभा चुनाव में सिर्फ 5 प्रतिशत मुस्लिम सांसद जीतकर लोकसभा पहुंचे थे।





**केरल में कुल 140 सीटें हैं। कांग्रेस के सिंबल पर यहां से 8 मुस्लिम जीते हैं। तमिलनाडु में कांग्रेस के सिंबल पर एक मुस्लिम जीतकर सदन पहुंचे हैं।**

**असम और बंगाल के विधानसभा चुनाव में जहां मुसलमानों का दबदबा कम हो गया है। वहीं केरल में मुस्लिम विधायकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है ,बंगाल में सबसे ज्यादा 36 मुस्लिम विधायक चुनकर विधानसभा पहुंचे हैं। केरलम से 35 मुस्लिम विधायकों ने जीत हासिल की है। असम के 22 विधायक ऐसे हैं, जो मुस्लिम समुदाय से ताल्लुक रखते हैं। इसी तरह तमिलनाडु से मुस्लिम समुदाय के 9 विधायक जीतकर सदन पहुंचे हैं।**

# बिजली की मांग अपने सर्वोच्च स्तर पर

**बीते 25 अप्रैल के पूरे दिन के हिसाब को देखें, तो सौर ऊर्जा का योगदान दैनिक उत्पादन का 10.8 फीसदी रहा और सूर्यास्त के बाद शाम की जरूरतों का महज ०.1 फीसदी।**

**चुनौती है क्रियान्वयन। साल 2025 के आखिर तक भारत में केवल 0.7 गीगावाट घंटे ( जीडब्ल्यूएच ) का बैटरी भंडारण चालू था। साथ ही, और 2 जीडब्ल्यूएच भंडारण के दिसम्बर 2026 तक चालू होने की उम्मीद है। केंद्र और राज्यों को अब टेंडर जारी करने पर कम और कमीशनिंग ( प्रोजेक्ट चालू करने ) पर ज्यादा फोकस करना होगा दृ हर नयी सौर नीलामी को बाध्यकारी सह-अवस्थित ( को-लोकेटड ) भंडारण के साथ जोड़ना होगा और जिन कम दर वाली परियोजनाओं के लिए आक्रामक ढंग से बोली लगायी गयी है, उनके रास्ते से वित्तपोषण की बाधा दूर करनी होगी। भंडारण के बिना सौर क्षमता अधबना पुल है**

भारत में 25 अप्रैल को बिजली की सर्वोच्च मांग (पीक डिमांड) 256.1 गीगावाट तक पहुंच गयी जिसमें दोपहर के लोड के 21.5 फीसदी की आपूर्ति सौर संयंत्रों ने की, यह अब तक सर्वाधिक है, और इस बात का भी साफ संकेत है कि जब सूरज सिर के ऊपर होता है तो देश में स्थापित सौर क्षमता सचमुच काम कर सकती है, लेकिन उसी दिन के पूरे 24 घंटे के खाता-बही से जो कहानी सामने आती है, वह सोचने पर मजबूर करती है।

बीते 25 अप्रैल के पूरे दिन के हिसाब को देखें, तो सौर ऊर्जा का योगदान दैनिक उत्पादन का 10.8 फीसदी रहा और सूर्यास्त के बाद शाम की जरूरतों का महज 0.1 फीसदी। भारत में स्थापित विद्युत क्षमता में सौर ऊर्जा की हिस्सेदारी साल 2022 के 15 फीसदी से तकरीबन दोगुनी होकर साल 2026 के शुरू में लगभग 28 फीसदी पर पहुंच गयी। हालांकि, साल 2022 में भारत के सर्वोच्च मांग वाले दिन उत्पादन में सौर का हिस्सा लगभग 5.6 फीसदी था और यह बढ़कर अप्रैल के उत्पादन का 10.8 फीसदी ही हो पाया दृ यह मौजूदा वास्तविकताओं और क्या मुमकिन है के बीच बरकरार बड़े फासले का भी साफ संकेत है। मामला जहां अटका है वह पैनल, जमीन या महत्वाकांक्षा नहीं है, बल्कि बैटरियों के जरिए उत्पादित इलेक्ट्रानों के विशाल भंडारों का इस्तेमाल कर पाने की अक्षमता है। दरअसल, बैटरी भंडारण की इतनी कमी है कि सौर बिजली के प्रचुर उत्पादक राज्यों को अपनी आपूर्ति रो. कने के लिए कहा जा रहा है, अन्यथा इससे भारत के बिजली ग्रिड की स्थिरता को खतरा हो सकता है। साल 2025 में, भारत को मई के आखिर और दिसंबर के बीच सौर उत्पादन के 2.3 टेरावाट घंटों की कटौती करनी पड़ी, जो औसत मासिक सौर उत्पादन के 18 फीसदी के बराबर है। अकेले अक्टूबर महीने में 0.9 टेरावाट घंटों की बर्बादी हुई। यह देखते हुए कि इस तरह की बिजली के उत्पादकों को पैसे देने ही होते हैं, इसका नतीजा सरकारी खजाने पर बोझ के रूप में सामने आता है जो ऐसी बिजली के लिए भुगतान करता है जो कभी मिली ही नहीं। भारत मौसम विज्ञान विभाग का पूर्वानुमान है कि इस बार सामान्य से कम, लंबी अवधि के औसत का 92 फीसदी, मानसून रहेगा, जो 11 सालों में इस तरह की पहली चेतावनी है। इस पूर्वानुमान से सिर्फ इस दलील को मजबूती मिलती है कि ज्यादा गर्म, ज्यादा सूखी गर्मियों का मतलब है दिन के समय ज्यादा मांग और ठीक इसी समय सौर ऊर्जा को भारी बोझ उठाना चाहिए।उत्साहजनक खबर है बैटरी का अर्थशास्त्र। साल 2025 के शुरू में दो घंटे के स्टैंडअलोन बैटरी स्टोरेज की दर लगभग 2.21 लाख रुपये प्रति मेगावाट प्रति माह थी जो घटकर साल के अंत तक 1.48 लाख रुपये हो गयी।





सूरीनाम। पारामारिबो पहुंचने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर का स्वागत करते सूरीनाम के विदेश मंत्री मेल्विन बौवा।

## भारत वियतनाम ने दुर्लभ खिनज और रक्षा सहित 12 महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समझौते किए

**नई दिल्ली।** भारत और वियतनाम ने द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ बनाने के लिए दुर्लभ खिनज, रक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा और सूचना प्रौद्योगिकी सहित 12 महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करने के साथ-साथ कई अहम घोषणाएं भी की हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत की यात्रा पर आए वियतनाम के राष्ट्रपति तो लम के बीच बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

## एक क्रूज जहाज पर हंता वायरस के कारण तीन की मौत: WHO


**जिनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक क्रूज जहाज पर 'हंता वायरस' के संक्रमण से तीन मौतों और गंभीर श्वसन बीमारी के प्रकोप की पुष्टि की है। नीदरलैंड के झंडे वाले इस जहाज पर कुल 147 यात्री और चालक दल के सदस्य सवार हैं, जिनमें से अब तक सात मामले (दो पुष्ट और पांच संदिग्ध) सामने आ चुके हैं। डब्ल्यूएचओ को इस घटना की जानकारी दो मई को ब्रिटेन के माध्यम से मिली थी। दक्षिण अफ्रीका में की गई प्रयोगशाला जांच में एक गंभीर रूप से बीमार मरीज में हंता वायरस संक्रमण की पुष्टि हुई है। प्रभावित यात्रियों में बुखार, पेट दर्द और तेजी से निमो. निया जैसे लक्षण देखे गए हैं। जहाज ने एक अप्रैल 2026 को अर्जेंटीना के उशुआइया से अपनी यात्रा शुरू की थी और वर्तमान में यह केप वर्डे के तट पर खड़ा है।

# भारत-वियतनाम रणनीतिक साझेदारी होगी प्रगाढ़

## विकसित राष्ट्र बनने की अपनी आकांक्षाओं को मिलकर साकार करेंगे दोनों देश: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत और वियतनाम ने अपनी समग्र रणनी. तिक साझेदारी को और अधिक प्रगाढ़ बनाने का निर्णय लिया है और दोनों देश एक-दूसरे के विजन तथा लक्ष्यों में सहयोग करते हुए, विक. सित राष्ट्र बनने की अपनी आकांक्षाओं को मिलकर साकार करेंगे।

मोदी ने भारत यात्रा पर आए वियतनाम के राष्ट्रपति तो लम के साथ बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता में परस्पर संबंधों के पहलुओं पर व्यापक बातचीत की। इसके बाद मोदी ने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि तो लम ने अपनी भारत यात्रा की शुरुआत बोध गया से की है। उन्होंने कहा कि यह हमारे दोनों देशों की साझा सभ्यतागत और आध्यात्मिक परंपरा को दर्शाता है। उनकी इस यात्रा और सार्थक चर्चाओं से, हम अपनी सद्भावना को कई ठोस परिणामों में बदल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच एक दशक से समग्र रणनीतिक साझेदारी है और इस दौरान संबंधों में व्यापक प्रगति हुई है। दोनों देशों के बीच व्यापार, प्रौद्योगिकी और पर्यटन संबंध मजबूत हुए हैं। इस मजबूत नींव पर आगे बढते हुए आज हम अपने संबंधों को और अधिक



■ मोदी ने भारत यात्रा पर आए वियतनाम के राष्ट्रपति तो लम के साथ बुधवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता में परस्पर संबंधों के पहलुओं पर व्यापक बातचीत की

मजबूत समग्र रणनीतिक साझेदारी के स्तर पर ले जा रहे हैं। अब हम अपनी साझेदारी को और ऊंचे लक्ष्यों की ओर अग्रसर करेंगे। संस्कृति, संपर्क, क्षमता निर्माण के साथ-साथ, सुरक्षा, सततता और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला हर क्षेत्र में हमारा सहयोग नए स्तर पर पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल और आर्थिक चुनौतियों के इस दौर में अपनी प्रतिभा, सुशासन और आर्थिक सुधार के बल पर, भारत और वियतनाम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं के रूप में उभर रहे हैं। अब हमारी प्रगाढ़ रणनीतिक साझेदारी के माध्यम से, हम एक-दूसरे के तेज विकास के सहायक बनेंगे। मोदी ने कहा कि दोनों देशों ने विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा में परस्पर सहयोग पर सहमति व्यक्त की है और यह बुद्ध की शिक्षाओं की भावना पर आधारित है। उन्होंने कहा कि जैसा कि बुद्ध की शिक्षाओं की भावना है कि यदि आप किसी और के लिए दीप जलाते हैं, तो वह आपके अपने मार्ग को भी प्रकाशमान करता है। इसी भावना के साथ, हम एक-दूसरे के विजन और लक्ष्यों में सहयोग करते हुए, विक. सित राष्ट्र बनने की अपनी आकांक्षाओं को मिलकर साकार करेंगे। हम साथ चलेंगे, साथ बढ़ेंगे, और साथ जीतेंगे। मोदी ने कहा कि भारत और वियतनाम की साझेदारी में विरासत एवं विकास दोनों का महत्व है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जब भारत से बौद्ध अवशेष वियतनाम गए, तो उनके दर्शन डेढ़ करोड़ से अधिक, यानि पूरे वियतनाम की आबादी के 15 प्रतिशत लोगों ने किया था। उन्होंने कहा कि हमारी साझा विरासत को जीवंत रखने के लिए अब हम वियतनाम के प्राचीन चम्पा सभ्यता के मी सॉन और न्हान टवर मंदिरों का रेस्टोरैशन कर रहे हैं।

## बंगाल में भाजपा सरकार के बाद भी 'पुशबैक' की उम्मीद नहीं: बांग्लादेश

**ढाका।** बंगलादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने बुधवार को कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के बाद उन्हें बंगलादेश में लोगों के 'पुशबैक' (वापस धकेले जाने) की संभावना नहीं दिखती है। राजधानी के उस्मानी मेमोरियल ऑडिटोरियम में आयोजित जिलाधिकारियों के सम्मेलन के एक सत्र के बाद पत्रकारों से बातचीत में गृह मंत्री ने कहा कि इसके बावजूद, हमने बॉर्डर गार्ड बंगलादेश (बीजीबी) को सीमाओं पर सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जा सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि ऐसी कोई स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। इस बीच बंगलादेश के स्थानीय ग्रामीण विकास एवं सहकारिता मंत्री मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि वर्तमान सरकार पड़ोसी देशों के साथ स्थिर संबंध बनाए रखना चाहती है और लंबे समय से लंबित रोहिंग्या संकट को हल करने के लिए काम करेगी।

# अमेरिका ने की ईरान युद्ध खत्म होने की घोषणा

## कहा: प्रमुख सैन्य अभियान 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' अब समाप्त हो गया, हासिल कर लिए हैं लक्ष्य

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने आधिकारिक तौर पर घोषणा की है कि ईरान के खिलाफ चलाया गया प्रमुख सैन्य अभियान 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' अब समाप्त हो गया है। वाइट हाउस में मंगलवार दोपहर 3:30 बजे के आसपास प्रेस ब्रीफिंग के दौरान विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने स्पष्ट किया कि अमेरिका ने इस अभियान के अपने सभी सैन्य लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त कर लिया है। रुबियो ने स्पष्ट किया कि 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ शुरू किए गए आक्रामक सैन्य अभियान के सभी रणनीतिक लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए हैं।

उन्होंने जोर देकर कहा कि सेना ने अब अपने आक्रामक चरण को पूरी तरह समाप्त कर दिया है और अब ध्यान भविष्य की सुरक्षा व्यवस्था पर केंद्रित रहेगा। इस घोषणा के साथ ही अमेरिकी रणनीति में एक बड़ा बदलाव आया है। इसके तहत अब सेना 'आक्रामक' रुख छोड़कर 'रक्षात्मक' मुद्रा में आ गई है। रुबियो ने साफ किया कि अमेरिका अब नई जंग शुरू करने के बजाय अमन को प्राथमिकता देना चाहता है। उन्होंने हालांकि यह चेतावनी भी दी कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य और आसपास के क्षेत्रों में ताकत के इस्तेमाल का विकल्प अब भी खत्म नहीं हुआ है। यदि अमेरिकी सेना या उसके सहयोगियों के हितों पर हमला होता है तो अमेरिका अपनी पूरी शक्ति के साथ जवाबी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र है। आक्रामक अभियान की समाप्ति के बाद अब अमेरिका ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' की शुरुआत की है। इस नए मिशन का मुख्य उद्देश्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल जलमार्ग हॉर्मुज जलडमरूमध्य को वैश्विक ऊर्जा व्यापार के लिए सुरक्षित बनाना और फिर से खोलना है। 'टाइम' और 'सीएनए' की रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिकी नौसेना अब इस क्षेत्र में व्यापारिक जहाजों की सुरक्षा करेगी। रुबियो ने इसे एक 'रक्षात्मक कवच' बताते हुए कहा कि जब तक अमेरिकी सेना पर गोली नहीं चलाई जाएगी, तब तक उनकी तरफ से कोई हमला नहीं होगा, लेकिन वे किसी भी खतरे का सामना करने के लिए मुस्तैद रहेंगे। वाइट हाउस की इस ब्रीफिंग में यह संदेश भी दिया गया कि अब सारा ध्यान सैन्य कार्रवाई से हटकर कूटनीति पर रहेगा। अमेरिका का अगला लक्ष्य ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से रोकना और क्षेत्रीय स्थिरता बहाल करना है। विदेश मंत्री रुबियो ने स्पष्ट चेतावनी दी कि परमाणु हथियारों से लैस ईरान पूरी दुनिया के लिए बघ खतरा हो सकता है, जिसे अमेरिका कभी स्वीकार नहीं करेगा। कुल मिलाकर, 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' का अंत एक बड़े युद्ध के थमने का संकेत तो है, लेकिन क्षेत्र में सैन्य मौजूदगी और कड़ी निगरानी अब भी जारी रहेगी।



■ 28 फरवरी को ईरान के खिलाफ शुरू किए गए आक्रामक सैन्य अभियान के सभी रणनीतिक लक्ष्य प्राप्त कर लिए गए हैं

## अमेरिका पेशावर में कॉन्सुलेट जनरल बंद करेगा जिम्मदारियां इस्लामाबाद को सौंपी गईं

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के विदेश विभाग ने बुधवार को पेशावर में अपने वाणिज्यिक दूतावास को चरणबद्ध तरीके से बंद करने की घोषणा की। खैबर पख्तूनख्वा के लिए राजनयिक जिम्मेदारियां अब इस्लामाबाद में स्थित अमेरिकी दूतावास द्वारा संभाली जाएंगी। विदेश विभाग के अनुसार, इस फैसले में अमेरिकी राजनयिक कर्मचारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई है और इसका उद्देश्य संसाधनों का बेहतर प्रबंधन करना है। विभाग ने कहा कि पेशावर में हालांकि हमारी भौतिक उपस्थिति बदल रही है, लेकिन पाकिस्तान में हमारी नीतिगत प्राथमिकताएं अटल हैं। विभाग ने आर्थिक संबंधों, क्षेत्रीय सुरक्षा और अमे. रिकी हितों को बढ़ावा देने के लिए खैबर पख्तूनख्वा के लोगों और अधिकारियों के साथ लगातार जुड़ाव बनाए रखने पर जोर दिया है। पाकिस्तान में अमेरिकी मिशन इस्लामाबाद, कराची और लाहौर में स्थित अपने कार्यालयों के माध्यम से अपना राजनयिक कार्य जारी रखेगा, और द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने के अपने प्रयासों को बनाए रखेगा।

## अराघची ने चीनी विदेश मंत्री से की पूर्ण युद्धविराम और होर्मुज पर चर्चा

**बीजिंग।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने बुधवार को बीजिंग पहुंचकर चीन के विदेश मंत्री वांग ई से उच्च स्तरीय वार्ता की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पश्चिम एशिया में जारी तनाव को कम करना और 'पूर्ण युद्धविराम' के लिए जमीन तैयार करना है।

वांग ई ने चर्चा के दौरान स्पष्ट किया कि चीन क्षेत्र की वर्तमान स्थिति को लेकर अत्यंत चिंतित है और तनाव कम करने के लिए हर संभव कूटनीतिक प्रयास करने को तैयार है। ग्लोबल टाइम्स के अनुसार, अराघची का यह दौरा अगले सप्ताह बीजिंग में होने वाले ट्रम्प-शी शिखर सम्मेलन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन इस समय ईरान-अमेरिका के बीच अहम मध्यस्थ की भूमिका निभा रहा है। बैठक के दौरान अराघची ने चीन को ईरान का 'करीबी और भरोसेमंद मित्र' बताया और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर ईरान का पक्ष लेने के लिए चीन का आभार व्यक्त किया। उन्होंने

■ अराघची का यह दौरा अगले सप्ताह बीजिंग में होने वाले ट्रम्प-शी शिखर सम्मेलन के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा

कहा कि ईरान सिर्फ 'न्यायसंगत और व्यापक समझौते' को ही स्वीकार करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय (एफएमपीआरसी) और सीजीटीएन की रिपोर्टों में बताया गया कि इस बातचीत का एक बड़ा हिस्सा हॉर्मुज जलडमरूमध्य को व्यापार के लिए फिर से खोलने पर केंद्रित रहा। वांग ई ने वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा का हवाला देते हुए इस व्यापारिक मार्ग की महत्ता पर जोर दिया। दूसरी ओर अराघची ने दो. हराया कि ईरान पर अमेरिकी कार्रवाई अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग आगामी शिखर वार्ता में ईरान के हितों और क्षेत्रीय शांति की जरूरतों को अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सामने मजबूती से रखेंगे।

# ईरान अमेरिका की इच्छाशक्ति की परीक्षा न ले

## अमेरिकी विदेश मंत्री ने होर्मुज स्ट्रेट में अमेरिका के सैन्य अभियान का पुरजोर बचाव किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिका के सैन्य अभियान का पुरजोर बचाव किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह पूरी तरह से एक रक्षात्मक मिशन है, जिसे ईरान की नाकेबंदी के कारण फारस की खाड़ी में फंसे 87 देशों के लगभग 23000 नागरिकों को बचाने के लिए तैयार किया गया है।

रुबियो ने मानवीय अनिवार्यता और वैश्विक समुद्री मार्ग को खुला रखने की रणनीतिक आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने ईरान को कड़ी चेता. वनी दी कि अमेरिकी इच्छाशक्ति को परखने की किसी भी कोशिश का निर्णायक जवाब दिया जाएगा। एक ब्रीफिंग के दौरान रुबियो ने कहा कि ये निर्दोष लोग हैं। वे अलग-थलग हैं,

■ रुबियो ने मानवीय अनिवार्यता और वैश्विक समुद्री मार्ग को खुला रखने की रणनीतिक आवश्यकता पर बल दिया



भूखे हैं, असुरक्षित हैं और इसके परिणामस्वरूप कम से कम दस नाविकों की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा कि 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' नाम का यह अभियान निर्दोष जीवन की रक्षा करने और दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में से एक में अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों को बनाए रखने के लिए अमेरिका की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने बताया कि 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सीधे आदेश पर शुरू किया गया था, जब कई देशों ने सार्वजनिक और निजी तौर पर अमेरिका से मदद की अपील की थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने हमेशा की तरह आगे बढ़कर मदद की पुकार का जवाब दिया। अमेरिका यह कदम इसलिए उठा रहा है क्योंकि केवल हम ही ऐसा कर सकते हैं। दो अमेरिकी ध्वज वाले व्यापारिक जहाज पहले ही सफलतापूर्वक जलडमरूमध्य को पार कर चुके हैं। यहां तैनात सैन्य संपत्तियों में गाइडेड मिसाइल विध्वंसक, सौ से अधिक हवाई और समुद्री विमान, मानव रहित प्लेटफॉर्म और 15000 सैनिक शामिल हैं। रुबियो ने स्पष्ट किया कि यह ऑपरेशन आक्रामक प्रकृति का नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक हम पर पहले गोली नहीं चलाई जाती, तब तक कोई गोलीबारी नहीं होगी। हम केवल तभी जवाब दे रहे हैं जब पहले हमला किया जाए। यह एक रक्षात्मक अभियान है। विदेश मंत्री ने पुष्टि की कि चेतावनी को अनदेखा करने के बाद ईरान की सात नौकाओं को पहले ही नष्ट कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि उनमें से सात अब समुद्र के तल में हैं, साथ ही ईरान की बाकी नौसेना भी।ß रुबियो ने आर्थिक मोर्चे पर कहा कि 'ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी' इसके समानांतर जारी है।

## पाक में विपक्षी नेता ने अफगान के साथ बातचीत का किया आह्वान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता और पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के अध्यक्ष महमूद खान अचकजई ने सरकार से अफगानिस्तान के साथ बातचीत फिर से शुरू करने का आह्वान किया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि पड़ोसी देश के साथ तनावपूर्ण संबंध एवं राजनीतिक गलत अनुमान पाकिस्तान की आर्थिक समस्याओं को और बढ़ा रहे हैं।

यह जानकारी बुधवार को अफगान समाचार पोर्टल एरियाना न्यूज ने दी। रिपोर्ट में मंगलवार को कहा गया कि अचकजई का मानना है कि पाकिस्तान की मौजूदा आर्थिक कठिनाइयों की जड़ें सरकार की उन गलत नीतियों में निहित हैं जिनके कारण अफगानिस्तान एक

■ अफगा अभी भी पाकिस्तानी सामानों में बहुत रुचि रखता है: अचकजई

आर्थिक साझेदार नहीं रहा है, जो हाल तक पाकिस्तानी वस्तुओं के लिए एक प्रमुख निर्यात बाजार था। रिपोर्ट के अनुसार, अचकजई ने कहा कि अफगानिस्तान अभी भी पाकिस्तानी सामानों में बहुत रुचि रखता है और उन्होंने बल देकर कहा कि इस्लामाबाद की नीतियों ने उसके अपने आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचाया है। खबरों के अनुसार, उन्होंने पाकिस्तान के नेतृत्व से आर्थिक दबावों एवं क्षेत्रीय अस्थिरता दोनों से निपटने के लिए संवाद और अपनी नीतियों में सुधार करते हुए व्यावहारिक समाधान खो. जने का आग्रह किया।

यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक

मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108

## अमेरिका में 20.5 अरब डॉलर निवेश करेंगी भारतीय कंपनियां



**नई दिल्ली।** भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने बुधवार को कहा कि भारतीय कंपनियों ने उनके देश में 20.5 अरब डॉलर से अधिक की योजना बनाई है जिससे अमेरिका में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में जो निवेश किया उसका फल मिल रहा है। भारतीय कंपनियों की टेक, विनिर्माण और फार्मास्युटिकल समेत विभिन्न क्षेत्रों में 20.5 अरब डॉलर से अधिक के निवेश की योजना है। इसमें 12

■ अमेरिका में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे, अमेरिकी राजदूत गोर ने की तारीफ

भारतीय कंपनियों द्वारा आज (मंगलवार को) घोषित 1.1 अरब डॉलर के निवेश की योजना भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि सेलेक्ट यूएसए इनवेस्टमेंट समिट में 12 भारतीय कंपनियों ने अमे. रिका में कुल 1.1 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है। अमेरिका राजदूत ने लिखा कि इन सहयोगों से अमेरिका में वास्तव में रोजगार पैदा हो रहे हैं।

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY

स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से

डॉ. नीति चतुर्वेदी

एम.बी.बी.एस., एम.एस.

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा

साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर

मो.: 0131-2621600, 7300773004

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें

- रशिया
- जॉर्जिया
- कजाखस्तान
- किर्गिज़स्तान
- उज्बेकिस्तान
- बांग्लादेश
- नेपाल
- चाईना
- ईरान
- इजिप्ट
- यू.के.
- कनाडा
- यू.एस.ए.

और भी देशों से

Since 2010

M.B.B.S. ABROAD

अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020

M.B.B.S./M.D.

BDS, BAMS, BUMS, BEMS

Abroad Admission & Counselling For India

- Top Govt. Universities.
- MCI, WHO Approved Universities.
- Indian Hostel & Mess Available.
- Lowest Price Packages.
- Boys/Girls Hostels Are Separates Available.



अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com

ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)